ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते








वैशाख शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 10 मई 2024, वर्ष-25, अंक-97, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 72,404.17 ▼ -1,062.22
डॉलर 83.464 ▼ -0.002

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,850
चांदी (1 किलो) 88,500

## आज के मैच




**समय : 10 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : धर्मशाला**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**


1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

**प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट**

# 65 साल में 43 फीसदी बढ़े मुस्लिम, 8 फीसदी घटे हिंदू

- देश में ईसाई और सिखों की आबादी में 5.38 फीसदी और 6.58 फीसदी की बढ़ोतरी, वहीं पारसी और जैन आबादी में कमी
- 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव के अध्ययन के आधार पर तैयार की गई है यह रिपोर्ट
- किसी देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का वहां की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और शासन पर पड़ने वाले असर का किया आकलन
- हिंदू, ईसाई और अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी में आई कमी, मुस्लिम बहुल देशों में मुस्लिमों की जनसंख्या बढ़ी






**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 फीसद घट गई। वहीं इसी बीच मुसलमानों की आबादी में 43.15 फीसद बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 1951 में हुई जनगणना के अनुसार, भारत में हिंदुओं की आबादी 84.68 प्रतिशत थी जो वर्ष 2015 में घटकर 78.06 प्रतिशत पर आ गई। यानी इस दौरान देश में हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जबकि 1951 की जनगणना के अनुसार देश में मुस्लिम आबादी 9.84 प्रतिशत थी जो 2015 में बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है, यानी 1950 से 2015 के बीच देश में मुस्लिमों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हुई है। भारत में मुसलमानों के साथ ही ईसाई और सिख अल्पसंख्यक की आबादी में क्रमशः 5.38 फीसद और 6.58 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। वहीं पारसी और जैन अल्पसंख्यक आबादी में कमी दर्ज की गई है। हिंदुओं की आबादी घटने का सिलसिला पड़ोसी हिंदू बहुल नेपाल में देखने को मिला है। साथ ही म्यांमार में भी बहुसंख्यक बौद्धों की आबादी में शेष पृष्ठ 11 पर

### मुस्लिम बहुल 38 देशों में मुस्लिम आबादी बढ़ी

मुस्लिम बहुल 38 देशों में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पाकिस्तान में 1950 में 77.45 फीसद मुस्लिम आबादी थी, जो 2015 में बढ़कर 80.36 फीसद पहुंच गई। मुस्लिम आबादी में सबसे तेज बढ़ोतरी बांग्लादेश में हुई वहां 65 सालों में 74.24 से बढ़कर 88.02 फीसद तक पहुंच गई। अफगानिस्तान में भी मुस्लिम आबादी 88.75 से बढ़कर 89.01 फीसद पहुंच गई। मालदीव में मुस्लिम आबादी में मामूली गिरावट दर्ज की गई है, जो 99.83 फीसद से घटकर 98.36 फीसद पर आ गई है।

### बौद्धों की आबादी में भी आई गिरावट

दक्षिण एशियाई देशों में 65 साल में आए जनसांख्यिकी परिवर्तन की तस्वीर पेश करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यांमार में बहुसंख्यक बौद्ध आबादी 78.53 फीसद से घटकर 70.80 फीसद रह गई है। जबकि श्रीलंका में बहुसंख्यक बौद्धों की आबादी में 64.28 से बढ़कर 67.65 फीसद हो गई है। श्रीलंका की तरह ही भूटान में भी बौद्धों की आबादी में जबरदस्त इजाफा हुआ है और यह 71.44 फीसद से बढ़कर 84.07 फीसद पहुंच गई। नेपाल में हिंदुओं की संख्या 84.30 फीसद से घटकर 81.26 फीसद तक पहुंच गई।

## मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव की पत्नी रीता पहुंचीं ईडी कार्यालय, हुई पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी के समन मिलने के बाद मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की पत्नी रीता लाल गुरुवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की है। ईडी रीता से पति संजीव के बारे में जानकारी ले रही है और यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि उनके घर पर किसका-किसका आना था। रुपये कहां से आते थे, कौन लाता था, रुपयों के बारे में संजीव लाल ने अपनी पत्नी को क्या-क्या जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि पति संजीव कुमार लाल के सामने बिठाकर ईडी उनसे पूछताछ की गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35. 23 करोड़ रूपया बरामद किया था। मामले में ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था। ईडी दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आठ मई को संजीव लाल को लेकर ईडी की टीम झारखंड मंत्रालय प्रोजेक्ट भवन पहुंची थी। दूसरे तल्ले पर स्थित मंत्री कोषांग में संजीव के चेंबर को खंगाला था। वहां ड्रोवर से 1.75 लाख रुपए कैश मिले थे।



ईडी कार्यालय पहुंची रीता लाल

# 'हर सिग्नेचर पर वसूली तो कैसे आएगा निवेश'

- राज्य में जंगल राज शुरू, दीवार से पाताल तक मिल रहे कैश
- रंगदारी की रकम नहीं देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को राजधानी के एक होटल में पूर्वी भारत : विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन विषयक संवाद में प्रबुद्ध लोगों से मुखातिब थीं। ठीक इसी समय राजधानी में झमाझम बारिश हो रही थी। इसी तर्ज पर संवाद की शुरूआत करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि आज झारखंड में भ्रष्टाचार का गहरा असर है, यहां हर तरफ नोटों की बारिश हो रही है। बात आगे बढ़ाते हुए वित्त मंत्री ने राज्य की लचर शासन व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल उठाए। भ्रष्टाचार में लगातार बड़े अधिकारियों की संलिप्तता के खुलासे और उन्हें प्राप्त मंत्रियों के संरक्षण की ओर इशारा करते हुए कहा कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है, ऐसे में निवेश कैसे आएगा। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है। दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया है, ये हालात बदलनी चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जाने जाने वाले झारखंड में आदिवासियों-दलितों पर अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हमें जंगल राज वाला नहीं, बल्कि एक बेहतर झारखंड चाहिए। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि यहां आर्थिक और राजनीतिक वजहों से पूरे देश में सबसे ज्यादा हत्याएं होती हैं। वर्ष 2022 में इस राज्य में इन दोनों वजहों से 795 लोगों की हत्या हुई।




### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ये भी कहा

**मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता**
उन्होंने कहा कि देश के 40 फीसदी खनिज भंडार वाले झारखंड में बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता है, लेकिन जब यहां हर सिग्नेचर पर पैसे की वसूली होगी तो निवेशक कैसे आएंगे? कानून-व्यवस्था खराब होगी तो यह कैसे संभव है?

**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप 5 पर था झारखंड**
पहले झारखंड ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में टॉप 5 पर था। लोग हैरान थे कि दिल्ली मुंबई जैसे शहरों के बीच कैसे अपना स्थान बना लिया। लेकिन आज झारखंड इस मामले में कहां है किसी को नहीं पता।

**मिनरल्स पर पूरी तरह से निर्भर होना बंद करें**
हमें केवल मिनरल्स पर भी पूरी तरह निर्भर होना बंद करना पड़ेगा। हमें अन्य संसाधनों को भी विकसित करना होगा। बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देना होगा। बिजली पानी तो हमारी जरूरत है ही, बेहतर अस्पताल पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

**झारखंड से हम कोई भेदभाव नहीं करते**
झारखंड के साथ सौताला व्यवहार के आरोप पर कहा, मैं आंकड़ों से बताना चाहती हूं कि मोदी सरकार ने झारखंड के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 7 हजार करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया है। यूपीए सरकार ने सिर्फ 495 करोड़ का प्रावधान रखा था।

**केंद्र ने तीन वंदे भारत ट्रेनें चलाईं**
मोदी सरकार ने झारखंड के लिए 3 वंदे भारत ट्रेन चलायी है। इसके अलावा राज्य के 57 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के तहत सूचीबद्ध किया है, जिसका कार्य जारी है। कई आरओबी व रेललाइन विस्तार का काम चल रहा है।

**पलायन से संताल की डेमोग्राफी बदल गई**
पलायन को झारखंड की गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि संताल परगना, साहिबगंज और गोड्डा से पिछले साढ़े चार वर्षों में इस कदर पलायन हुआ कि वहां की डेमोग्राफी ही बदल गई। युवा अवसरों की कमी की वजह से लगातार पलायन कर रहे हैं।

## 4 जून के बाद केंद्र में बनेगी इंडी गठबंधन की सरकार : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने दावा किया है कि 4 जून के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही केंद्र के पास झारखंड के हिस्से का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की रकम मिल जाएगी। इससे झारखंड की विकास योजनाओं को और गति मिलेगी। सोरेन गुरुवार को सिंहभूम लोकसभा सीट पर झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोल्हान प्रमंडल की धरती पर हो रहे इन कार्यक्रमों में जो जन-समर्थन इंडिया गठबंधन को मिल रहा है, वह ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने भाजपा पर राज्य की खनिज संपदा की लूट में सहभागी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई दशकों के आंदोलन के बाद जब झारखंड राज्य बना तो यहां के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों की उम्मीदें जगी। लेकिन, अफसोस, यहां अधिकतम समय तक राज करने वाली भाजपा ने सिर्फ राज्य की खनिज संपदा को लूट कर बाकी राज्यों को समृद्ध बनाने का काम किया। खनिज पदार्थों के मामले में सबसे समृद्ध इस राज्य के नागरिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सोरेन ने कहा कि हमने बढ़ती उम्र की वजह से खेती-मजदूरी शेष पृष्ठ 11 पर



## हेमंत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 को सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में हेमंत सोरेन की याचिका 3 मई को खारिज कर दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि उपलब्ध दस्तावेजों के मुताबिक यह मानना संभव नहीं है कि ईडी ने याचिकाकर्ता के खिलाफ बिना किसी कारण के कार्रवाई की है। सोरेन ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बीते सोमवार को सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भारत के सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। सिब्बल ने मांग की कि राज्य में 13 मई को होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए जेएमएम के नेता को रिहा किया जाए।




झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की बड़ी बहन अंजलि सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में कल्पना सोरेन शामिल हुईं। उनके साथ सीएम चंपाई सोरेन भी मौजूद रहे। अंजलि सोरेन ओड़िशा के मयूरभंज लोकसभा सीट से झामुमो के चुनाव चिह्न पर मैदान में हैं। 2019 में भी अंजलि सोरेन लोकसभा चुनाव लड़ी थीं, और करीब 1लाख 35 हजार से अधिक मत लाकर तीसरे स्थान पर रही थीं। उनका मुकाबला भाजपा के नवा चरण मांझी और बीजद के सुदाम मरांडी से होगा।

### एक नजर

**चिरंजीवी व वैजयंती माला को मिला पद्म विभूषण**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को चिरंजीवी-वैजयंती माला को भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनके साथ ही 60-70 के दशक की वरिष्ठ अदाकारा वैजयंती माला को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इस साल की शुरूआत में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 132 पद्म पुरस्कार विजेताओं में 68 वर्षीय अभिनेता के नाम की घोषणा की गई थी। उन्हें भारतीय सिनेमा आइकन वैजयंती माला बाली के साथ पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

### आजकल




## इंडिया घास की रोटी खाने वाले महाराणा को जनता महान मानती है, सत्ता नहीं



सुनील बादल

वीर भूमि भारत का इतिहास देश पर मर मिटने वालों रहा है और महाराणा प्रताप भी वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक थे जिन्हें राजस्थान के लोकगीतों से लेकर वहां के धरोहरों में संजों कर रखा गया है। जयपुर के चोखी ढाणी में जब विश्व भर के पर्यटक वहां की कला संस्कृति के साथ राजस्थानी व्यंजनों के अलावा महाराणा प्रताप से जुड़े प्रसंगों को देखते हैं तब उन्हें इतिहास के अनेक अनछुए प्रसंगों का पता चलता है जिन्हें सत्ताधारियों ने दबा कर देश के शेष हिस्से को अनजान रखा था।वहां प्रदर्शित किया गया है कि राजस्थान के जनजातीय समुदाय के सक्रिय सहयोग के बिना उन्हें सफलता नहीं मिलती ।जंगल और हल्दीघाटी के युद्ध में उनकी भूमिका थी जिस कारण उनके झंडे में आधा हिस्सा उनका था तो दिल खोलकर धन उपलब्ध कराने में भामाशाह की उदारता मशहूर है। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे-बड़े अनेक राज्य रहे जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना एक विशिष्ट स्थान है जिसमें इतिहास के गौरव बप्पा रावल, खुमाण प्रथम महाराणा हम्मीर, महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा, उदयसिंह और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने जन्म लिया है ।सवाल यह उठता है कि महानता की परिभाषा क्या है। अकबर हजारों लोगों की हत्या करके महान कहलाता है और महाराणा प्रताप हजारों लोगों की जान बचाकर भी महान नहीं कहलाते हैं। मेवाड़ के महान राजपूत नरेश महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसा राजपूत सम्राट जिसने जंगलों में रहना पसंद किया लेकिन कभी विदेशी मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया।

महाराणा प्रताप जिस घोड़े पर बैठते थे वह घोड़ा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। महाराणा प्रताप तब 72 किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला अपने हाथ में रखते थे ।भाला और कवच सहित ढाल-तलवार का वजन मिलाकर कुल 208 किलो का उठाकर वे युद्ध लड़ते थे। मेवाड़ को जीतने के लिए अकबर ने कई प्रयास किए। अकबर चाहता था कि महाराणा प्रताप अन्य राजाओं की तरह उसके कदमों में झुक जाए। महाराणा प्रताप ने भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया था। अजमेर को अपना केंद्र बनाकर अकबर ने प्रताप के विरुद्ध सैनिक अभियान शुरू कर दिया। महाराणा प्रताप ने कई वर्षों तक मुगलों के सम्राट अकबर की सेना के साथ संघर्ष किया। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए महाराणा प्रताप ने वीरता और शौर्य का परिचय दिया। प्रताप की वीरता ऐसी थी कि उनके दुश्मन भी उनके युद्ध-कौशल के कायल थे। उदारता ऐसी कि दूसरों की पकड़ी गई मुगल बेगमों को सम्मानपूर्वक उनके पास वापस भेज दिया था। इस योद्धा ने साधन सीमित होने पर भी दुश्मन के सामने सिर नहीं झुकाया और जंगल के कंद-मूल खाकर लड़ते रहे। माना जाता है कि इस योद्धा की मृत्यु पर अकबर की आंखें भी नम हो गई थीं। अकबर ने भी कहा था कि देशभक्त हो तो ऐसा हो। अकबर ने कहा था, 'इस संसार में सभी नाशवान हैं। राज्य और धन किसी भी समय नष्ट हो सकता है, परंतु महान व्यक्तियों की ख्याति कभी नष्ट नहीं हो सकती। पुत्रों ने धन और भूमि को छोड़ दिया, परंतु उसने कभी अपना सिर नहीं झुकाया। हिन्द के राजाओं में वही एकमात्र ऐसा राजा है जिसने अपनी जाति के गौरव को बनाए रखा है।'





अपनी विशाल मुगलिया सेना, बेमिसाल बारूदखाने, युद्ध की नवीन पद्धतियों के जानकारों से युक्त सलाहकारों, गुप्तचरों की लंबी फेरहिस्त, कूटनीति के उपरांत भी जब तुर्क बादशाह अकबर समस्त प्रयासों के बाद भी महाराणा प्रताप को झुकाने में असफल रहा तो उसने आमेर के महाराजा भगवानदास के भतीजे कुंवर मानसिंह को विशाल सेना के साथ डूंगरपुर और उदयपुर के शासकों को अधीनता स्वीकार करने हेतु विवश करने के लक्ष्य के साथ भेजा। मानसिंह की सेना के समक्ष डूंगरपुर राज्य अधिक प्रतिरोध नहीं कर सका। इसके बाद कुंवर मानसिंह महाराणा प्रताप को समझाने हेतु उदयपुर पहुंचे। मानसिंह ने उन्हें अकबर की अधीनता स्वीकार करने की सलाह दी, लेकिन प्रताप ने दृढ़तापूर्वक अपनी स्वाधीनता बनाए रखने की घोषणा की और युद्ध में सामना करने की घोषणा भी कर दी। मानसिंह के उदयपुर से खाली हाथ आ जाने को बादशाह ने करारी हार के रूप में लिया तथा अपनी विशाल मुगलिया सेना को मानसिंह और आसफ खां के नेतृत्व में मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिए भेज दिया। आखिरकार 30 मई ई.सं. 1576, बुधवार के दिन प्रातःकाल में हल्दी घाटी के मैदान में विशाल मुगलिया सेना और रणबांकुरी मेवाड़ी सेना के मध्य भयंकर युद्ध छिड़ गया। मेवाड़ के वीर यशस्वी महाराणा प्रताप ने कभी मुगलों के इस छद्म चेहरे की अधीनता स्वीकार नहीं की। अकबर ने उन्हें समझाने के लिए चार बार शांति दूतों को अपना संदेशा लेकर भेजा था लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर के हर प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया था। महाराणा प्रताप के लिए गाड़िया लोहारों ने छोड़ दिया था घर, दीया न जलाने, खाट पर न सोने की खाई थी कसम। गाड़िया लोहार 16वीं शताब्दी के आसपास चित्तौड़गढ़ के राजा महाराणा प्रताप की सेना में लोहार का काम करते थे। लोहा से हथियार बनाने में माहीर गाड़िया लोहार शानदार कारीगर माने जाते थे। वे राजा की सेना के लिए ढाल, तलवार और अन्य हथियार बनाया करते थे। उन्होंने इस महान वीर को जन्मदिवस पर न सिर्फ समरोहपूर्वक श्रद्धांजलि दी बल्कि अपने बच्चों को भी प्रेरित किया । ऐसा सम्मान दुर्लभ है।

## पीएम कल, शाह व राजनाथ सिंह आज आएंगे झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनावों में भाजपा स्टार प्रचारकों के माध्यम से ताकत दिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। झारखंड की धरती पर प्रधानमंत्री मोदी 11 मई को चतरा में पार्टी उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी पलामू में भाजपा उम्मीदवार वीडी राम के पक्ष में जनसभा कर जनता और कार्यकताओं में जोश भर चुके हैं। प्रधानमंत्री पहले 15 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे। वे गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के पेसम अरवाड़ मैदान में एनडीए के घटक दल आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 मई को झारखंड दौरे पर रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री 10 मई को खूंटी में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की चुनावी सभा में शामिल होंगे। इसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राज्य में कई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे बोकारो में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के नामांकन में मौजूद रहेंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद वे रोड शो करेंगे, फिर चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। शेष पृष्ठ 11 पर



**आज भाजपा के तीन और झामुमो के दो प्रत्याशी करेंगे नामांकन**

अक्षय तृतीया के विशेष मुहूर्त पर झामुमो और भाजपा के पांच उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे। गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. निशिकांत दुबे, दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन नामांकन करेंगे।

## एक नजर

### खलारी से गुजर रही एक कार में मिला एक लाख दस हजार रुपया

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के निर्मल महतो चौक में वाहन जांच के दौरान एक कार से एक लाख दस हजार रूपया बरामद किया गया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोश कुमार स्वयं वाहनों के औचक जांच के लिए रूके थे। इसी दौरान टंडवा से रांची की ओर जा रहे एक कार की जांच के दौरान एक लाख दस हजार रूपए मिले। रूपयों को जब्त कर खलारी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। हालांकि कार मालिक ने बताया कि बेटे का दाखिला जयपुर में कराना है। उसी के लिए लैपटाप खरीदना है। बैंक एकाउंट से चेक द्वारा पैसे की निकासी की गई है। बीडीओ ने कहा कि आला अधिकारियों को रूपयों से संबंधित कागजात दिखाकर रूपए वापस ले सकते हैं।

### वज्रपात से मवेशी की मौत



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मंदरों के ग्राम चिगरी निवासी संगीता देवी पति नीलेश्वर शाही के गाय की वज्रपात से मृत्यु हो गई। घटना गुरूवार लगभग एक बजे की है। संगीता देवी ने बताया कि हर दिन की भांति गाय अपनी जगह पर बैठी हुई थी। अचानक आए वज्रपात से गाय की मृत्यु हुई। संगीता देवी के अनुसार गाय का दूध बेचकर ही इनका परिवार का भरण पोषण होता था। अब वह भी छिन गया है।

### बिशुनपुर में दिव्यांग युवक की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या

**गुमला ।** जिले के बिशुनपुर प्रखंड के बेंदी तेतरटोली निवासी सिकंदर लोहार (35) की अपराधियों ने लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी । अपराधियों ने साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को जंगल में फेंक दिया गया। बिशुनपुर पुलिस शव को बरामद कर छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सिकंदर लोहार बनारी स्थित एक होटल में काम करता था, जहां से वह बुधवार को सरहुल मनाने के लिए अपने रिश्तेदार के घर जाने के नाम से निकाला। इसके बाद गुरुवार की सुबह सातो नवाटोली के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि जंगल में एक दिव्यांग युवक का शव फेंका गया है। सूचना के आधार पर पुलिस जंगल से शव को बरामद कर मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में पूछे जाने पर बिशुनपुर थाना प्रभारी उद्धेश्वर पाल ने बताया गया कि अभी तक परिजन से इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है।

### धनबाद लोस क्षेत्र के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किया। इसको लेकर गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 28 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। स्क्रूटनी के बाद तीन उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया। वहीं 9 मई को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी।

# रांची लोकसभा क्षेत्र के 27 उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित, किसी ने नाम नहीं लिया वापस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिले के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 33 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र प्राप्त हुए। संवीक्षा में छह उम्मीदवारों का नामांकन त्रुटि होने के कारण अस्वीकृत किया गया। नाम वापसी के निर्धारित समय तक किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया। इसके बाद 27 उम्मीदवारों के बीच भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए चुनाव चिह्न आवंटित किए गए।

उपायुक्त और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा गुरुवार को संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। निर्वाची पदाधिकारी ने रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन की कार्यवाही पूर्ण होने पर उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्न आवंटन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के तहत संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2443 नए बैलेट यूनिट का पूरक रैंडमाइजेशन भी उम्मीदवारों की उपस्थिति में संपादित करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के मतदान में खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के रांची जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों का डिस्पैच फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी अवस्थित डिस्पैच सेंटर से 12 मई को किया जाएगा। इसके लिए संबंधित कोषांगों की ओर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। एसएसपी ने बताया कि निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए रांची पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराब ड्रग्स एवं अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। चंदन सिन्हा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 117 एफआईआर दर्ज किए गए हैं। 15 करोड़ से ज्यादा मूल्य की जब्ती की गई है। 1500 आपराधिक प्रवृति के लोगों को बांड डाउन किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आवश्यकता अनुसार पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

### इन उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न किए गए आवंटित

- मनोज कुमार, बहुजन समाज पार्टी, चुनाव चिह्न : हाथी ।
- यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस चुनाव चिह्न : हाथ।
- संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी, चुनाव चिह्न : कमल।
- धनंजय भगत गांधी, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल चुनाव चिह्न आदमी या पाल युक्त नौका।
- धर्मेंद्र तिवारी भारतीय जनतंत्र मोर्चा , चुनाव चिह्न : गैस सिलेंडर।
- निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी, चुनाव चिह्न : तरबूज।
- पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक),चुनाव चिह्न : फलों से युक्त टोकरी।
- प्रवीण कच्छप,सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी, चुनाव चिह्न : ऑटो रिक्सा
- बिनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी चुनाव चिह्न : चारपाई ।
- बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी, चुनाव चिह्न : हीरा।
- मिंटू पासवान, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट), चुनाव चिह्न : बैटरी टार्च ।
- रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए), चुनाव चिह्न : सिलाई मशीन ।
- रामहरि गोप, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया चुनाव चिह्न : कोट।
- श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी, चुनाव चिह्न : हांडी ।
- सर्वेश्वरी साहू, एकम सनातन भारत दल, चुनाव चिह्न : त्रिभुज ।
- सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी, चुनाव चिह्न : बांसुरी ।
- हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी, चुनाव चिह्न : सेब ।
- हेमंती देवी, समता पार्टी, चुनाव चिह्न : बल्लेबाज ।
- अरसद अयूब, निर्दलीय, चुनाव चिह्न : कैंची।
- अंजनी पांडे, निर्दलीय, चुनाव चिह्न : अलमीरा।
- ऐनुल अंसारी, निर्दलीय, चुनाव चिचिह्न : ट्रक।
- कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय, चुनाव चिह्न : कम्प्यूटर।
- कोलेश्वर महतो, निर्दलीय, चुनाव चिह्न : गैस चूल्हा।
- देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय, चुनाव चिह्न : हेलमेट।
- प्रबीण चंद्र महतो, निर्दलीय, चुनाव चिह्न : बाल्टी।
- मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय चुनाव चिह्न : ब्लैक बोर्ड।

### मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर डीएवी में विविध कार्यक्रम आयोजित

# हर नागरिक जो 18 वर्ष पूरा कर चुका है उसे वोट देने का पूर्ण अधिकार : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

डीएवी पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य ए के सिंह के निर्देशन में मार्च पास्ट से हुई, जहां विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी के माध्यम से मतदान महादान के भावों को समझाने का प्रयास किया. इसके बाद मतदान और उसकी उपयोगिता पर आधारित नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, रंगोली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली, स्लोगन व पोस्टर बनाकर मतदान का उद्देश्य बताने का कार्य किया. प्राचार्य ने कार्यक्रम की सार्थकता को बताते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व की उपयोगिता को समझाया. चुनाव और सरकार के गठन प्रक्रिया को समझाते हुए विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया. उन्होंने विद्यार्थियों को बताया की देश का हर एक नागरिक जो 18 वर्ष पूरा कर चुका है. उसे मतदान देने का पूर्ण अधिकार है. मतदान हमेशा अपनी विवेक से बिना किसी लोभ लालच के साथ भयमुक्त वातावरण में देनी चाहिए. किसी भीं प्रकार की समस्या के लिए चुनाव आयोग के टॉल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करें. उन्होंने चुनाव के आदर्श आचार संहिता सहित सिविजिल ऐप की भी जानकारी दी. साथ ही यह भी बताया कि इस एप में शिकायत करने के बाद 100 मिनट में समस्या का समाधान होता है. उन्होंने सभी विद्यार्थियों से भीं अपने घर या आस पास के मतदाताओं को 20 मई को अपने बूथ पर वोट देने के लिए प्रेरित करने की बात कही. अंत में सबों ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने व करवाने का शपथ भी लिया. कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, नरसिंह शर्मा, राजेश सिन्हा आदि सहित सभी शिक्षक शिक्षाकेत्तर कर्मियो ने महती भूमिका निभाई.

# केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का लोहरदगा लोस क्षेत्र में चुनावी दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने गुरूवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर, बीजूपाड़ा एवं कुडू चंदलासो में चुनावी सभा कर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। चान्हो प्रखण्ड अन्तर्गत दमदमा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी के रहते संविधान को कोई खतरा नहीं है। 10 वर्षों से देश संविधान से ही चल रहा है और आगे भी संविधान की रक्षा बीजेपी करती रहेगी। कुछ विरोधी विपक्ष के लोग लोगों ने भरम फैला कर संविधान का भय दिखाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। लेकिन यहां के आदिवासी मूलवासी समझदार है। हमारे विकास के पैमाने पर लोग भाजपा को वोट करेंगे। सभा को प्रत्याशी समीर उरांव ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन सुनिल उरांव ने किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर, सह संयोजक सनी टोप्पो, भोगेन सोरेन समेत अन्य लोग मौजूद थे

# झमाझम बारिश ने बदला कोयलांचल के मौसम का मिजाज, तापमान 41 पर पहुंचा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

बुधवार देर रात से खलारी कोयलांचल में शुरू हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। दो दिन पूर्व ही खलारी का तापमान 41 डिग्री सेंटीग्रेट था। बारिश होने से तापमान 26 डिग्री तक गिर गया। बुधवार रात में तेज हवा के साथ मेघ गरजते रहे। देर रात करीब ढाई बजे से मुसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसका असर सुबह देखने को मिला। गुरूवार खिली धूप के बावजूद गर्मी का अहसास नहीं हो रहा था। दिन के 11 बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, जो एक बजे दोपहर तक मुसलाधार बारिश में बदल गई। खलारी के केडी और आसपास इलाके में कई जगह बारिश के साथ छोटे आकार के ओले भी गिरे। डकरा कोयला खदान में लगे रेन गेज में बुधवार रात की बारिश 7 सेंटीमीटर मापी गई। बारिश के साथ तेज हवा बहने का असर बिजली पर पड़ा। बारिश शुरू होते ही जेबीवीएनएल की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। देर शाम बिजली बहाल हुई। गर्मी से परेशान लोगों को बारिश से राहत मिली है, वहीं जलस्तर में सुधार की उम्मीद है।

### फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के करैहिया गांव में एक नवविवाहिता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से झूलता मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अझोला कुमारी (20) की शादी दो माह पूर्व करैहिया गांव के राजकुमार से हुई थी। पति राजकुमार की पूर्व में भी शादी हुई थी, जिससे उसको कोई बच्चा नहीं था। अंततः बीते होली के समय उसने जामा थाना क्षेत्र के मुसवाचक गांव के उचित मुसुप की बेटी से दूसरी शादी रचा लिया था। मृतका के पिता उचित मुसुप ने आरोप लगाया है कि दहेज के कारण उसकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटका दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होता है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# पंकज मिश्रा के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पंकज मिश्रा के खिलाफ गुरुवार को शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंची। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव एवं भाजपा नेता सुबोधकांत मौजूद थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 16 मार्च, 2024 से देश भर में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है। इसके बावजूद पंकज मिश्रा जो भूतपूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि भी रह चुके हैं को इलाज के लिए रांची से दिल्ली आना जाना पड़ता है। इसी दौरान पकंज मिश्रा न्यायिक हिरासत में रहते हुए राजनीतिक बैठक कर राजनीतिक निर्देश देते हैं। न्यायिक हिरासत में रहते हुए राजनीतिक बैठक करना एवं राजनीतिक निर्देश देना यह न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया को चुनौती देने के बराबर है, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है। इस संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल के द्वारा एक वीडियो भी चुनाव आयोग को सौंपी गई है. उक्त वीडियो में पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में रहते हुए राजनीतिक निर्देश दे रहे हैं।

# डकैती की योजना बना रहे चार अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में हिंदपीढ़ी निवासी मो रियासत, मो चांद, बाबर उर्फ गुगुन और मो सज्जाद शामिल है। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली, और एक चाकू बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हिंदपीढ़ी थाना के मोजाहिद नगर क्षेत्र में कुछ अपराधी एकत्रित होकर अपराध की योजना बना रहे हैं। सूचना के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने एक घर में छापेमारी की। वहां से तीन अपराधियों को पकड़ा गया। इनके पास से हथियार बरामद किया गया। पूछताछ में मो रियासत ने बताया कि ये लोग यहीं डकैती का योजना बना रहे थे और ये हथियार कुछ दिन पहले मो सज्जाद के ने घर में छिपा के रखने के लिए दिया था। घटनास्थल से अरमान भागने में सफल हुआ। इसके बाद घर से मो सज्जाद को भी मामले में गिरफ्तार किया गया।

### जरिया नहरटोली में नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

# आज की युवा पीढ़ी को संस्कारवान होना बहुत जरूरी : भैरो सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के जरिया नहरटोली में शिव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन सर्वोषिधिवास, सहस्त्र धारा स्नान जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ साथ नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देर शाम गाजा बाजा ढोल नगाड़ा तथा महावीरी पताकाओं के साथ कार्यक्रम स्थल से नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण कार्यक्रम जरिया पुरनाडीह, जरिया पीपरटोली सहित गांव के विभिन्न टोलों से होते हुए वापस शिव हनुमान मंदिर परिसर में लौटा। इसके पूर्व कार्यक्रम के दौरान हिंदु वादी नेता भैरों सिंह जरिया नहरटोली पहुंचे और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा सर्वोपरि है। जब धर्म बचेगा तभी हम बचेंगे। हम और आप जहां भी रहें धर्म का काम अवश्य करें। हमेशा संघर्षशील बन कर रहे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को संस्कारवान होना बहुत जरूरी है। हमें प्रत्येक दिन अपने माता-पिता का चरण छूकर प्रणाम करने की जरूरत है। जब हम घर से बाहर निकलें तो माता-पिता का चरण स्पर्श कर बाहर निकले इससे माता-पिता का आशीर्वाद हमारे साथ हमेशा रहेगा। जिस कार्य के लिए निकले हैं वह भी सफल होगा। उन्होंने कहा कि कथा का जब तक हम अनुशरण नहीं करेंगे तब तक कथा का श्रवण करना बेकार है। इस मौके पर मटका फोड़ कार्यक्रम तथा कृष्ण लीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदूषी निकुंज लाडली ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं वाली कथा से लोगों को अभिभूत किया। उन्होंने प्रार्थना और भजनों से कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य पुजारी जितेंद्र पाठक एवं यज्ञाचार्य पंडित सतीश कुमार सहित गंदुर गोप,राजू महतो सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वज्रपात की चपेट में आकर किसान की मौत चार बच्चे भी झुलसे

**गुमला ।** जिले के प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार दोपहर अचानक मेघ गर्जन ओलावृष्टि एवं बारिश हुई। इस दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से बिशुनपुर के दरदाग पिपरा टोली निवासी नकुल उरांव (60) की मौत हो गई। मृतक का भतीजा सत्येंद्र उरांव ने बताया कि वह और उसके चाचा लगभग ढाई - तीन बजे के बीच में टमाटर तोड़ने बारी गए थे, जहां अचानक तेज बारिश होने लगी। उसने अपने चाचा से कहा कि चलिए अब घर चलते हैं । तभी चाचा बारी से निकले और एक आम पेड़ के नीचे से गुजर रहे थे । तभी बिजली कड़का और वज्रपात हुई मेरे चाचा वहीं पर गिर गए। तब वह खेत में ही था । उसने जाकर देखा तो वह कुछ नहीं बोल रहे थे तो आनन फानन में उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लेकर पहुंचे , जहां चिकित्सकों ने उसके चाचा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना हेसराग गांव में घटी जहां नागेश्वर लोहरा के घर में वज्रपात हुआ,जहां चार बच्चे खेल रहे थे ।

## न्यूज बॉक्स

### हज में जाने वाले लोगों से मिले डॉ परमेश्वर भगत



**बेड़ो।** प्रखंड के ग्राम करांजी के रहने वाले इस्माईल अंसारी और उनकी पत्नी हज के लिए रवाना हुए। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने इस्माईल अंसारी के घर जाकर सम्मान एवं स्वागत के साथ शुभकामना संदेश देते हुए बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से उनके धार्मिक यात्रा के लिए सफलता की कामना की। इन्होंने इस मौके पर लोगों को आध्यात्मिक उत्साह और प्रेरणा भरे संदेश दिए। इन्होंने मानवता और सद्भावना के महत्व को भी बल दिया। मौके पर आकाज मंजर, सहबान अंसारी, डॉ नाफर अली, शहनवाज अहमद ,महफुज अंसारी, आजम अंसारी, सबाना खातून सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीसीएल के नए सीएमडी निलेंदु सिंह से मिले रोटेरियन प्रवीण शर्मा



**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रिभर साईड भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने गुरूवार को सीसीएल के नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह से मुख्यालय रांची में मुलाकात की। इस दौरान प्रवीण शर्मा ने सीएमडी को बुके देकर जोरदार स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि नये सीएमडी के नेतृत्व में सीसीएल उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह पर्व से सीसीएल से पूरी तरह अवगत हैं, इसका लाभ कंपनी को मिलेगा। जबकि सीएमडी ने कहा कि सबों का सहयोग मिला तो निश्चित रूप से कोयला उत्पादन में नया कीर्तिमान रचा जायेगा।

### जूनियर राष्ट्रीय कैंप में शामिल होने के लिए कृष चंद्र देव सोनीपत रवाना



**सिल्ली।** जूनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल होने के लिए कृष चंद्र देव सोनीपत के लिए रवाना हुए। रवाना से पूर्व एकेडमी के मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष नेहा महतो से मिले और आशीर्वाद लिया साथ ही साथ अपने पिता दिलीप साहू और माता अनीता साहू से भी आशीर्वाद प्राप्त किया।बताते चले की अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दो सेट उपकरण की आवश्यकता होती है उसे देखते हुए एक नए सेट की उपकरण की राशि तीरंदाज कृष चंद्र देव को उपलब्ध कराया गया ताकि वह भारतीय टीम में बेहतर प्रदर्शन कर सके। मौके पर कोच प्रकाश राम और शिशिर महतो भी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर



**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा चौक में गुरूवार दोपहर हुए सड़क दुघर्टना में दो युवक घायल हो गए। घायल युवक प्रमोद ठाकुर और अमित ठाकुर को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल में प्राथमिक ईलाज कर बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल में सवार दो युवक मांडर की तरफ से जा रहे थे, तभी मुड़मा की चौक में घूमने के क्रम में एक ट्रैक्टर से टकरा गए। दोनों की उम्र लगभग 22 /23 वर्ष है। दोनो लोहरदगा के रहनेवाले है। इससे दोनों को काफी चोट आई। तभी वहां से गुजर रहे समाजसेवी रामबालक ठाकुर और राजनाथ सिंह ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### छापेमारी में बड़ी मात्रा में आर्टिफिशियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त



**दुमका।** हंसडीहा-भागलपुर रोड स्थित मसाला कारोबारी कमलेश वैध के यहां फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने गुरुवार को छापेमारी करके बड़ी मात्रा में आर्टिफिसियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त किया। इस दौरान प्रारंभिक जांच में हल्दी में रंग मिले होने का साक्ष्य मिला। इसके बाद अधिकारियों ने मसाला कारोबारी के गोदाम को सील कर हल्दी और धनिया पाउडर के सैंम्पल को जांच के लिए लैब भेजा। जब्त मसालों का वजन करीब चार हजार किलो है। जानकारी के अनुसार मसाला कारोबारी बाहर से आर्टिफिशियल मसाला लाकर आस-पास के मार्केट में बेचता था। फूड सेफ्टी के अधिकारियों ने जब छापेमारी की उस वक्त कारोबारी अपने घर सह गोदाम में नहीं था। अधिकारियों ने परिवार के सदस्यों से मसाला कहां से आता है। उसकी पूरी डिटेल को एक सप्ताह के अंदर कार्यलय में देने को कहा है।

# महंगाई और बेरोजगारी से हैं प्रभावित, फिर भी देश के लिए करेंगे वोट

**अमित कुमार। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर रांची के लोग उत्साहित हैं। कुछ लोगों का कहना है कि महंगाई बेरोजगारी चरम पर है, तो कुछ का कहना है कि रोजगार के कई अवसर बनाए गए है। महिलाओं में आत्मनिर्भरता की बात कही जा रही है। देश में बेहतर अर्थव्यवस्था होगी, ऐसी कल्पना की जा रही है। वहीं, सोशल नेटवर्क साइट पर हर तरह के भ्रामक प्रचार का भी दौर जारी है। कहीं मोदी के पक्ष में, तो कहीं राहुल गांधी के पक्ष में कई तरह की बातें कही जा रही हैं। चुनाव के बाद क्या फिर से मोदी सरकार होगी, या फिर कांग्रेस के नतृत्व वाली सरकार होगी। लोगों के विचारों से इसे समझा सकता है। वैसे, एक बात सभी ने कही कि वे मतदान करेंगे, क्योंकि यह देश के भविष्य का सवाल है।

## कहते हैं मतदाता



*देश एक परिवार की तरह है, जहां हर धर्म और जाति के लोग रहते हैं। बच्चों की कई प्रकार की मांगें अभिभावकों से होती हैं। अक्सर देखा गया है कि कमजोर बच्चों पर माता-पिता का ध्यान अधिक होता है। यहां केंद्र और राज्य की सरकार को मिल कर लोगों के लिए काम करने की जरूरत है। झारखंड के गठन से यहां बेरोजगारी अधिक रही है। व्यापार के लिए भी अच्छा माहौल अब तक तैयार नहीं हो सका है। बच्चों को बेहतर शिक्षा की जरूरत है, वर्तमान में शिक्षा का स्तर काफी गिर गया है। इस कारण उनका चरित्र और नैतिक मूल्य का विकास अच्छी तरह से नहीं हो रहा है। परिणाम स्वरूप आज नशाखोरी चरम पर है। ऐसे में बच्चों को एक अच्छा इंसान कैसे बनाया जाए, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।*

**सुब्रतो कुमार सिन्हा, लेक्चरर, गोस्सनर कॉलेज, रांची।**



*लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत है और इसके लिए रोजगार चाहिए। और, रोजगार के लिए नए सेक्टर खोलने की जरूरत है। केंद्र और राज्य में मजबूत सरकार की आवश्यकता है, जो किसी नियम कानून को प्रमुखता से लागू करे और राज्य के हितों को ध्यान में रख कर उसी अनुरूप योजनाओं को लागू कर सके। राज्य सरकार ने बेरोजगारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है, जिसका लाभ आज लोग ले रहे हैं। वहीं, व्यापार के लिए जिस आधारभूत संरचना की आवश्यकता है, वह अभी तक पूरा नहीं हो सका है। जीरो कट बिजली पर जब तक काम नहीं होगा, तब तक उद्योग का विकास संभव नहीं है। ऐसे में लोगों को यह समझना होगा कि किसकी सरकार आने से आधारभूत संरचना का विकास संभव होगा।*

**कार्तिक प्रभात, सेवानिवृत्त अधिकारी, झाप्रसे।**



*विगत दस सालों में महंगाई काफी बढ़ी है। लेकिन, इसके लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। क्योंकि, महंगाई बढ़ने के कई कारण होते हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय संबंध से लेकर कूटनीतिक संबंध सभी मायने रखती है, जिसमें मोदी सरकार सफल रही है। वर्तमान में सोशल मीडिया में केंद्र सरकार की नीतियों को गलत बता कर महंगाई का कारण बताया जाता रहा है। दूसरी और कांग्रेस अपने मैनीफेस्टो में लाखों की संख्या में नौकरियां देने का दावा कर रही है। अगर नौकरियां देती भी है, तो इससे सरकारी राजस्व पर काफी भर पड़ेगा, जिससे राजकोषीय घाटा बढ़ता चला जाएगा। वहीं, प्राइवेट सेक्टर खोले जाने से लाखों नौकरियों के अवसर प्रदान होंगे, जिससे सरकार पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा और देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर बनी रहेगी।*

**संजय यादव, कारोबारी, रांची।**






*महंगाई बढ़ने से मध्यम वर्ग के परिवारों को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। गैस सिलेंडर सहित आटा-चावल के भाव आसमान पर है। रोजमर्रा की जरूरत के लिए दूध भी काफी महंगा हो गया है। बीपीएल परिवार के लिए मुफ्त अनाज की सुविधा है। लेकिन, जो बीपीएल परिवार में नहीं शामिल है, उन्हें भी महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। बच्चों के लिए स्कूल तथा ट्यूशन फीस देना सब के बस में नहीं है। किसकी सरकार पर भरोसा करें। एक बात मोदी सरकार की अच्छी रही कि उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार कम हुए हैं। वे एक संगठित देश के निर्माण की बात करते रहे हैं। लेकिन, आम लोगों को तो परिवार चलाना है। इसके लिए धन की आवश्यकता होती है, जो लोगों के पास कम और कुछ चुनिंदा लोगो के पास जरूरत से ज्यादा हो गया है।*

**कौशल्या देवी, गृहिणी, रांची।**

## एक नजर

### छापेमारी में फरार दस वारंटी गिरफ्तार

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले में फरार वारंटियों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने गुरुवार को बताया कि छापेमारी के क्रम में पांच थाना क्षेत्र से पुलिस ने दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कांके थाना क्षेत्र से सूरज पाहन, खेलगांव थाना क्षेत्र से अर्जुन, आकाश कुमार उर्फ संदीप महली, ओरमांझी थाना क्षेत्र से उमेश मंडल, सिल्ली थाना क्षेत्र से टिपन कुमार, राजेश महतो, मूलचंद बेदिया, कुलदीप मुंडा, अजहरुद्दीन और विजय प्रजापति शामिल हैं।

### नाले से महिला का शव बरामद

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के राजा कॉलोनी के नाले से पुलिस ने गुरुवार को महिला का शव बरामद किया है। बताया जाता है कि बारिश के दौरान महिला की शव नाले में बहते हुए आया था। स्थानीय लोगों ने महिला का शव देखा, तो मामले की जानकारी लोअर बाजार थाने को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### सुरेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**रांची।** चुटिया घाट रोड स्थित सुप्रसिद्ध सुरेश्वर महादेव मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। हजारों की संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी। कलश में रखे जाने वाले नारियल को लाल कपड़ों में लाल धागे से बांधकर तैयार कर लिया गया है। इसमें महिलाएं चुटिया बनस तालाब से जल उठाकर सुरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगी। मंदिर को बड़े ही आकर्षक ढंग से रंग-बिरंगे फूल पत्तियों से सजाया गया है। आयोजन और कलश यात्रा को लेकर पूरे चुटिया नगरी में उत्साह का माहौल है। लोग बेसब्री से कलश यात्रा निकाले जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंदिर कमेटी के सभी सदस्य पूरे जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं और वार्षिकोत्सव को भव्य रूप देने को तैयार हैं।

### रांची में ट्रैफिक समस्या पर हाईकोर्ट सख्त, शासन-प्रशासन से मांगा ब्योरा

# ट्रैफिक जाम की समस्या में नहीं हो रहा है कोई सुधार : हाईकोर्ट

**कोर्ट ने पूछा**

*रांची में किन-किन जगहों पर सीसीटीवी और कहां-कहां फंक्शनल*

*ट्रैफिक पुलिस के रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई हो रही*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या में कोई सुधार नहीं हो रहा है। मेन रोड में सुजाता चौक से अलबर्ट एक्का चौक तक ट्रैफिक नियमों का रोज उल्लंघन होता है। कोर्ट को बताया गया कि महात्मा गांधी मार्ग (मेन रोड) में सुजाता चौक से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक दो पहिया वाहन वाले बिना हेलमेट के चलते हैं एवं ट्रिपल राइडिंग भी करते हैं। इस पर कोर्ट ने सरकार को बताने को कहा है कि सुजाता चौक से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक ट्रैफिक नियम के पालन करने को लेकर क्या कार्रवाई की गई है। इस इलाके में कितने चालान ट्रिपल राइडिंग एवं बगैर हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों से काटे गए हैं। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि रांची के किन-किन इलाकों में ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने पर सबसे ज्यादा चालान कटता है। शहर में किन-किन जगहों पर सीसीटीवी हैं और कहां-कहां यह फंक्शनल हैं और कहां-कहां यह फंक्शनल नहीं हैं। कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी को बताने को कहा है कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई हो रही है। इसके अलावा, कोर्ट ने गृह सचिव से यह भी पूछा है कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को वाहनों के स्पीड चेक करने वाले उपकरण, गलत पार्किंग में लगे वाहनों को उठाने के लिए टोइंग ट्रक आदि की व्यवस्था करने के लिए क्या किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रैफिक एसपी से इंस्ट्रक्शन लेकर कई बिंदुओं पर जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है।

**कोर्ट ने ट्रैफिक पोस्ट पर जवाब मांगा**

कोर्ट ने ट्रैफिक पोस्ट के संबंध में भी सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट पूछा है कि मेकॉन चौक के पास, हाई कोर्ट के गेट नंबर 2 के पास पुलिसकर्मी बगैर ट्रैफिक पोस्ट के सड़कों पर सुबह नौ से रात के नौ बजे तक खड़े रहते हैं। कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि रात में नौ बजे के बाद रांची शहर में ट्रैफिक पुलिस कर्मी के नहीं रहने पर ट्रैफिक के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलता है या नहीं।

### 'चुनाव के समय मुसलमानों की संख्या पर फर्जी रिपोर्ट पेश करना असंवैधानिक'

**रांची ।** राजद प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पीएम के आर्थिक सलाहकार द्वारा हिंदू-मुस्लिम के जनसंख्या रिपोर्ट पेश करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि बीजेपी फर्जी रिपोर्ट पेश कर देश में तुष्टिकरण का घिनौनी राजनीति कर रही हैं । लोकसभा आम चुनाव के दरम्यान बीजेपी द्वारा मुसलमानों का हिंदुओं से ज्यादा जनसंख्या में वृद्धि दिखाने का काम करना अत्यंत निंदनीय है । निश्चित तौर पर बीजेपी, आरएसएस, वीएचपी जैसे संगठन देश में धार्मिक ध्रुवीकरण कर हिंदू मुस्लिम कर आपसी भाईचारे बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं । यादव ने कहा कि जब 2011 के बाद जातीय जनगणना हुई नहीं, तब कौन सा रिपोर्ट के आधार पर पीएम आर्थिक सलाहकार जनसंख्या रिपोर्ट पेश किया है विदित है कि तीसरे चरण के वोटिंग के बाद बीजेपी परेशान हैं,बीजेपी को इंटीजिलेंस रिपोर्ट मिल चुका है कि बीजेपी बुरी तरह हार रहे हैं । देशवासियों को भटकाने की नाकाम कोशिश की जा रही है । जबकि देश का मुख्य मुद्दा बेरोजगारी,महंगाई, महिला सुरक्षा,गरीबी, किसान, मजदूर नौजवान और सार्वजनिक राष्ट्रीय संपत्ति को बचाना है।

## झारखंड केंद्रीय विवि ने मनातू में मतदाताओं को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने चुनाव महापर्व के अवसर पर मतदाता जागरूकता सप्ताह के अंतिम दिन नुक्कड़ नाटक, घर-घर जागरूकता अभियान तथा ग्राम चौपाल का आयोजन किया। लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। मनातू गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में सिर्फ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सहयोग ही नहीं, अपितु स्थानीय लोगों का भी सहयोग और जबरदस्त उत्साह देखा गया। चौपाल के दौरान लोगों ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के शिक्षकों और शोध छात्रों से कई सवाल पूछे । शिक्षकों और शोध छात्रों ने पूरी तत्परता के साथ उनके सवालों का जवाब दिया। इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करना और उससे जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करना था, ताकि लोग अपने मत के अधिकार की गंभीरता को समझ पाएं। इस दौरान घर-घर मतदान जागरूकता अभियान का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को प्रेरित किया गया कि वे घर से बाहर निकलें और इस चुनाव महापर्व में हिस्सा लें।

## एनईपी के सिद्धांतों के अनुरूप है कौशल शिक्षा : डॉ विश्वजीत साहा

*सरला बिरला स्कूल में इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीएसई द्वारा सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (402) विषय पर गुरुवार को एक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। पूरे देश में सात स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 850 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

डॉ विश्वजीत साहा (सीबीएसई के स्किल एजुकेशन एवं ट्रेनिंग) ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कौशल शिक्षा, यानी स्किल बेस्ड लर्निंग नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के सिद्धांतों के अनुरूप है और हम सभी को इसे अपने मौजूदा पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। शालिनी हरिसुख, डीपीएस आरके पुरम, नई दिल्ली (कंप्यूटर विज्ञान संकाय) और लीला लखपाल, सेंट थॉमस स्कूल, द्वारका (कंप्यूटर विज्ञान संकाय) ने भी इस विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे।

सीबीपी का उद्घाटन प्राचार्या परमजीत कौर ने रिसोर्स पर्संस के साथ किया। इस सत्र में झारखंड और बिहार से 302 शिक्षकों ने भाग लिया। सत्र में प्रतिभागियों को कौशल आधारित शिक्षा के महत्व तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई प्रगति से अवगत कराया गया। सत्र का उद्देश्य आज के इस डिजिटल युग में डिजिटल ज्ञान प्राप्त करना, उसका प्रयोग करना तथा अपने कौशलों को निखारना है, ताकि सभी इसका बखूबी प्रयोग कर सकें। सीबीएसई के स्किल एजुकेशन के ज्वॉइंट सेक्रेटरी आरपी सिंह ने एनसीईआरटी पोर्टल पर सूचना प्रौद्योगिकी (402) की नई पुस्तकों की जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने राष्ट्रीय स्तर के इस प्रकार के कार्यक्रम को विद्यालय में आयोजित करवाने के लिए सीबीएसई का आभार व्यक्त किया।

### बारिश के कारण अचानक तापमान में गिरावट होने से लोगों को हुआ ठंड का अहसास

# रांची में तेज हवा के साथ भारी बारिश, ऑरेंज अलर्ट



**गुरुवार को भारी बारिश के बाद बिड़ला मैदान के पास सड़क पर जमा पानी।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार की दोपहर के बाद मौसम सुहाना हो गया। शहर के कई क्षेत्रों में तेज हवा और गर्जना के साथ जोरदार बारिश हुई। रांची से बाहर नामकुम, कांके, रातू, बीआईटी मेसरा और उसके आस-पास में दो घंटों तक बारिश होते रही। साथ ही, कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई। इससे वहां का तापमान काफी कम हो गया। अचानक बारिश से ठंड काफी बढ़ गई। लोगों को ऐसा लगने लगा मानो गर्म कपड़े पहनने होंगे। वहीं, बारिश होने से रांची के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश होने के कारण राजधानी के तापमान में गिरावट आई है। पिछले दो दिनों से राजधानी समेत आसपास के हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई है। पाकुड़, दुमका, साहेबगंज, गोड्डा समेत कई जिलों में सुबह से बारिश रिकॉर्ड हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक राज्यवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी। केंद्र के अनुसार दस मई को राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से के लिए जारी किया गया है। पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, रामगढ़ में तेज बारिश होने की संभावना है। इस दौरान इन जिलों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि और तेज रफ्तार से हवा चलने की जानकारी दी गई है, जिसकी रफ्तार 50 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। वहीं, 11 और 12 मई को राज्य भर में बारिश के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। बारिश होने से राज्य के तापमान में 6 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

### बारिश-ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मिले मुआवजा : आदित्य साहू

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। आदित्य साहू ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ा है। उन्होंने फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को देने की मांग की है। उन्होंने सरकार से तुरंत किसानों के फसल की हुई क्षति की पूर्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में किसान खून पसीना एक कर खेती करते हैं। खेतों में फसल लगते हैं। अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों की कमर टूट गई है। ऐसे में सरकार को किसानों को तुरंत राहत राशि मुहैया करना चाहिए, ताकि फसल नुकसान की भरपाई हो सके। कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में लगी खड़ी फसल को व्यापक नुकसान हुआ है। इससे किसान काफी परेशान है। उनकी मुसीबत बढ़ गई है। आंधी-तूफान से कई गरीबों के घर को भी व्यापक नुकसान हुआ है। कई लोगों के घरों के छप्पर में उड़ गए हैं। घरों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है।

## जमीन घोटाला मामले में ईडी के संदिग्ध कृष्ण कांत ने की आत्महत्या

*घर में पंखे से लटककर दी जान, जांच में जुटी पुलिस*

*परिजन उन्हें आनन-फानन में आर्किड अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। रांची के बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के संदिग्ध 56 वर्षीय कृष्ण कांत सिन्हा ने गुरुवार को घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वे लालपुर थाना क्षेत्र के नवीन मित्रा लेन स्थित सिल्वर डेल अपार्टमेंट में रहते थे।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी गई है। हालांकि, खुदकुशी के पीछे के सही वजह सामने नहीं आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया था।

परिजनों के अनुसार गुरुवार को दिन में करीब 9.30 बजे कृष्ण कांत अपने कमरे में चले गए। कुछ देर बाद परिजन उन्हें देखने गए, तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी जब कमरे से कोई आवाज नहीं आई, तो परिवार के लोगों को आशंका हुई। खिड़की से देखा तो कृष्ण कांत अपने कमरे में फांसी लगा चुके थे। परिजन उन्हें आनन-फानन में आर्किड अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक कृष्णकांत से जुड़े हुए लोगों का कहना है कि जमीन घोटाले मामले को लेकर ईडी ने कुछ दिन पहले कृष्णकांत को नोटिस किया था। इससे वह दबाव में रह रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित सदर थाना के केस में ईडी ने पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। परिजनों के अनुसार, वे ट्रेडिंग के धंधे से जुड़े थे। जमीन घोटाले से उनका कोई लेना-देना नहीं था।

## न्यूज | बॉक्स

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में अक्षय तृतीया की पूजा आज

**रांची।** पहाड़ी मंदिर के निकट अवस्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शुक्रवार को भगवान परशुराम की जयंती एवं अक्षय तृतीया का अत्यंत पवित्र पर्व शुक्रवार (10 मई) को मनाया जाएगा। इस दिन सभी विद्याओं के आधार श्रीहयग्रीव जयंती, त्रेता युगादि तिथि, कल्पादि तिथि आदि अनेकों महत्वपूर्ण पर्वों का दिन है। इस पावन पर्व के उपलक्ष्य में अखिल लोकलोकेश्वर श्री विष्णु एवं मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना और महाभिषेक आदि अनुष्ठान संपादित कर दिव्य मंगलोत्सव मनाए जाएंगे। रोहिणी नक्षत्र समेत शुक्रवार के दिन तृतीया होने से महान फल प्रदान करने वाली है। इस दिन जो कुछ थोड़ा बहुत दान दिया जाए, वह सब अक्षय होता है। इस तिथि का दान कभी क्षीण नहीं होता है, इसलिए मुनियों ने इसे अक्षय तृतीया कहा है। देव- पितृ के उद्देश्य से किए गए सभी कर्म इसमें अक्षय होते हैं।

### परशुराम जयंती पर आज शोभायात्रा निकालेगा मारवाड़ी ब्राह्मण सभा



**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा भगवान श्री परशुराम जयंती पर शुक्रवार (10 मई) को विभिन्न आयोजन करेगा। ब्राह्मण सभा रांची में दिन में 9:00 बजे सालासर मंदिर प्रांगण मे हवन व पूजन का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य यजमान योगेश सारस्वत धर्मपत्नी के साथ रहेंगे। आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज हवन पूजन कराएंगे। संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा और मंत्री किशनलाल शर्मा ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिन में 3:00 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें 501 निशान ध्वजा के साथ भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगारा, बैंड बाजा संग नगर भ्रमण करेंगे। संयोजक अशोक पुरोहित व सुनील शर्मा ने कहा कि आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सांय 6:30 बजे शोभायात्रा समापन आरती, सांय 7:00 बजे से प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह एवं सांय 7:30 बजे से श्री परशुरामजी जन्मोत्सव का सामूहिक प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है।

### बाबूलाल के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खराब मौसम के कारण दुमका नहीं पहुंच सके। जिससे उनके हेलीकॉप्टर की जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

### ब्राउन शुगर की सप्लाई करते और अपराध की योजना बनाते दस युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर की सप्लाई करते और अपराध की योजना बनाते दस युवकों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के मोजाहिद नगर में अपराध की योजना बनाते चार युवकों को गिरफ्तार किया। इनमें मो रियायत, मो चांद, बाबर और मो सज्जाद शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। दूसरी तरफ, सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र के अंजुमन कॉलोनी में छापेमारी कर ब्राउन शुगर की सप्लाई करते छह युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में नावेद अली, विक्की, फैजान अली, मो शाहिल, सावन खान और शाहनवाज उर्फ राजा शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 15.25 ग्राम ब्राउन शुगर, 36 हजार रुपये बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार विक्की का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

### जेसीआई रांची फिर लेकर आ रहा है बच्चों के लिए समर कैंप

**रांची।** जूनियर चैंबर इंटरनेशनल रांची एक बार फिर बच्चों के लिए धमाल, धूम और मस्ती से भरा 'समर कैंप' का आयोजन करने जा रहा है। यह कैंप 13 से 15 मई 2024 तक है। समर कैंप का नाम 'अक्कर बक्कर बम्बे बो 2.0' रखा गया है। कैंप का समय दिन में 10:00 से 3:00 बजे तक रखा गया है। जूनियर चैंबर इंटरनेशनल की ओर से बताया गया कि इस समर कैंप का मुख्य आकर्षण होगा हेलेन ओ ग्रेडी, जो बच्चों के लिए अनोखी और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन करेगा। इसके अतिरिक्त, समर कैंप में प्लांटेशन, नृत्य, योग, विज्ञान प्रयोग, क्राफ्ट, और जादू शो जैसी अन्य बहुत सारी गतिविधियां होंगी। उसके अलावा, आखिरी दिन वर्तमान स्पेलिंग बी और क्विज प्रतियोगिता भी होगी, साथ ही कुछ विशेष पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त, समर कैंप में आपको पूल पार्टी और बारिश के बाद रसायन भी का आनंद लेने का मौका मिलेगा। यह समर कैंप 5 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए है और इसका आयोजन नींव प्ले स्कूल, रातू रोड, रांची में हो रहा है।

### हाई कोर्ट से पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी को बड़ी राहत

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी पूनम पांडेय को उनके नाम पर खरीदी गयी भूमि मामले में बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी है। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की कोर्ट में पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की। झारखंड हाई कोर्ट की एकल पीठ ने पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी के नाम पर खरीदी गयी भूमि की जमाबंदी रद्द कर करने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश को रद्द कर दिया था, जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने अपील दाखिल की थी। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। झारखंड के पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की पत्नी पूनम पांडेय ने कांके के चामा मौजा में जमीन खरीदी है। इसकी जमाबंदी उनके नाम पर चल रही थी।

### हाई कोर्ट में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर 14 मई को सुनवाई

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद- बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। 14 मई को मामले की अगली सुनवाई होगी। दरअसल, चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले में ईडी ने ईसीआईआर 5/ 2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड , मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे।




# भ्रष्ट मंत्रियों और अधिकारियों के 'सेफ हाउस' तक पहुंच ही गई ईडी : बाबूलाल

## झारखंड सचिवालय में प्रवर्तन निदेशालय की तलाशी पर मरांडी ने कसा तंज, कहा- मुख्य सचिव बताएं, उनका गोपनीय पत्र नोटों के पहाड़ के बीच कैसे पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सचिवालय स्थित दफ्तर में ईडी द्वारा ली गई तलाशी के घटनाक्रम को लेकर राज्य की सरकार और टॉप ब्यूरोक्रेसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ईडी की टीम आखिरकार भ्रष्टाचार के उद्गम स्थल, भ्रष्ट मंत्रियों और अधिकारियों के 'सेफ हाउस' झारखंड मंत्रालय तक पहुंच ही गई। बुधवार की कार्रवाई भले ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े मामले में हुई है, लेकिन ईडी के दस्तक भर से मंत्रालयों में बैठकर पिछले पांच सालों से भ्रष्टाचार का सिंडिकेट चला रहे लोगों की हालत पतली हो गई है। पूर्व सीएम ने कहा कि ईडी की तलाशी को लेकर राज्य के चीफ सेक्रेटरी (सीएस) द्वारा डीजीपी को तलब किया जाना दशार्ता है कि दाल में कुछ काला नहीं है, बल्कि पूरी दाल ही काली है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मुख्य सचिव हड़बड़ी करने की बजाय ये बताएं कि उनका गोपनीय पत्र नोटों के पहाड़ के बीच कैसे पहुंचा? लगातार आगाह करने के बावजूद कुछ अधिकारी भ्रष्ट गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे हैं तो एक बार अपने कुनबे के साथी पूजा सिंघल और छवि रंजन का हश्र देख लें! मरांडी ने कहा कि इस जेएमएम-कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ने की कसम खा रखी है, तो अब ये अधिकारियों के विवेक पर निर्भर है कि उन्हें सोरेन परिवार की चरण वंदना करते हुए भ्रष्टाचार में सहभागी बनना है या झारखंड को विकसित बनाना है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक अन्य पोस्ट में भाजपा नेता ने राज्य के सीएम चंपई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर निशाना साधते हुए लिखा, बढ़िया है। कुछ बेईमान अफसरों, दलालों के साथ मिलकर गरीबों को लूटिए और लुटवाइये। प्रोजेक्ट बिल्डिंग (सरकारी सचिवालय) में एक फ्लोर नोट का भंडार छिपाने के लिए नोटखाना बना दीजिये और फिर देश की एजेंसियां विधिवत सर्च वारंट के साथ वहां जाकर, छापेमारी कर पाप का खजाना और उसके सबूत जुटाने जाए तो राज्य की पुलिस से जांच करने से रुकवाए, बाधा डालिए। पूर्व सीएम ने कहा कि झारखंड भी देश के कानून और कोर्ट-कचहरी से चलता है। देश की एजेंसियों का काम ही देश के किसी भी कोने में जाना और तहखाने में छिपाये गये काला धन को बरामद कर बेईमानों को जेल भेजना है, चाहे वो मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो या संतरी हो।

*मंत्रालयों में बैठकर पिछले पांच साल से चला रहे हैं भ्रष्टाचार का सिंडिकेट*



*गठबंधन सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड तोड़ने की कसम खा रखी है*

### कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा का बड़ा हमला

# नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी से 140 करोड़ भारतीयों का अपमान : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर जोरदार पलटवार किया है । भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देश तोड़ने और समाज में नफरत फैलाने का काम करती रही है। सैम पित्रोदा का हालिया बयान इसका ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस चरित्र से पूरा देश परिचित है। विदेशों में कांग्रेस के नेता देश का अपमान और बदनाम करने से नहीं चूकते हैं। अब तो वे भारतीयों का भी अपमान करने लगे हैं। भाजपा प्रवक्ता गुरूवार को हरमू रोड के मारू टावर में मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन संबोधित कर रहे थे।



**सैम पित्रोदा का इस्तीफा राजनीतिक ड्रामा**

प्रतुल ने आरोप लगाया कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा महज एक राजनीतिक ड्रामा है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। सैम पित्रोदा अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं और राहुल गांधी के सलाहकार हैं। प्रतुल ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि क्यों अभी तक राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की? राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी देशवासियों का अपमान करने को लेकर देश की जनता से अविलंब माफी मांगे।

### सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस की सोच

प्रतुल ने कहा कि अब राहुल गाँधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। प्रतुल ने तंज कसते हुए कहा कि अंकल सैम ने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे दिखते हैं, नॉर्थ-ईस्ट भारत के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिमी भारत के लोग अरब के लोग जैसे दिखते हैं और उत्तर भारत के लोग अंग्रेज जैसे दिखते हैं। प्रतुल ने कहा कि ये केवल सैम पित्रोदा का बयान नहीं है बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी की सोच है।

### संविधान निर्माण में नेहरू का योगदान अधिक

प्रतुल ने कहा कि सैम पित्रोदा ने दो महीने पहले ही कहा था कि संविधान में बीआर अंबेडकर से ज्यादा पंडित नेहरू का योगदान था। सैम पित्रोदा आरक्षण का भी विरोध करते हैं। कांग्रेस पार्टी भी तो यही करती है। पूरा देश जानता है कि बाबा साहब को चुनावों में हराने के लिए कांग्रेस ने कितनी साजिशें की। कांग्रेस ने तो बाबा साहब को अपने शासनकाल में भारत रत्न भी नहीं दिया। आरक्षण का विरोध कांग्रेस के नेता करते हैं और कांग्रेस इसका आरोप दूसरों पर लगाती है। प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक और तारिक इमरान उपस्थित थे।

# सीतारमण व बाबूलाल के साथ जमीन घोटाले के आरोपी की तस्वीर से मचा बवाल

**रांची। लोकसभा चुनाव के दौरान देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित एक संवाद कार्यक्रम गुरूवार को रांची पहुंची । जिसमें वित्त मंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर बोलीं। लेकिन एक फोटो ने केंद्रीय मंत्री और चैम्बर को विवाद में ला दिया है । दरअसल, जमीन घोटाले में आरोपी और जमानत पर रिहा कारोबारी विष्णु अग्रवाल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फूलों का गुलदस्ता दे रहे हैं और बगल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खड़े हैं।**

### कौन हैं विष्णु अग्रवाल



विष्णु अग्रवाल रांची के एक बड़े कारोबारी हैं, वे रांची के न्यूक्लियस मॉल के मालिक भी हैं, साथ ही रांची में रियल स्टेट के कई प्रोजेक्ट बी चला रहे हैं।विष्णु अग्रवाल को चेशायर होम रोड और सिरमटोली में सेना की जमीन को फर्जी कागजात के बल पर खरीदने का आरोप था । इसी मामले में और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने विष्णु अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। बाद में हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई।

### तस्वीर खींचवा लेने से किसी का गुनाह कम नहीं होता, ये मोदी का न्यू इंडिया है : भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने वायरल हुए फोटो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं था। इसे चैंबर ऑफ कॉमर्स और बदलता झारखंड एनजीओ ने आयोजित किया था। आमंत्रित अतिथियों की पूरी सूची इन्हीं दोनों संगठनों के सौजन्य से तैयार हुई थी। मुलाकातियों की भी सूची इन्हीं दोनों संगठन ने तय किया था। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि विपक्ष जिस तस्वीर को लेकर हाय तौबा मचा रहा है,वह खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली स्थिति हो गई है।निर्मला सीतारमण और बाबूलाल मरांडी चेंबर और बदलता झारखंड के द्वारा तय किए गए मुलाकातियों से शिष्टाचार मुलाकात कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि वित्त मंत्री के साथ तस्वीर खींचवा लेने से उनका गुनाह कम हो जाएगा तो वह मुगालते में है। यह नरेंद्र मोदी का न्यू इंडिया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम लगातार चलती रहेगी।वर्तमान सरकार में किसी की किसी के साथ तस्वीर आ जाने से उसको रियायत मिल सकती है,यह सोचना भी हास्यास्पद है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पीएमएलए को आतंकवाद जैसा अपराध माना है।

### आखिर जमीन घोटालेबाज से ये रिश्ता क्या कहलाता है : कांग्रेस

जमीन घोटाले के आरोपी विष्णु अग्रवाल से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मुलाकात पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा से जवाब मांगते हुए कहा कि आखिर क्या डील हुई कि जिस जमीन घोटाले के आरोपी के खिलाफ ईडी की जांच जारी है उस आरोपी से वित्त मंत्री की मुलाकात कराई जा रही है , जबकि प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के ही अधीन है। इस मुलाकात के सूत्रधार बने भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को यह बताना चाहिए कि आखिर विष्णु अग्रवाल के साथ उनका यह रिश्ता क्या कहलाता है।

आज झारखंड की जनता के सामने यह दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है कि झारखंड के एक आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किसके इशारे पर जमीन के मामले में घोटाले का आरोप लगाकर जेल भेजा गया तथा झारखंड में सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई।

### तस्वीर पर झामुमो ने सोशल मीडिया पर कसा तंज

**झामुमो ने उस तस्वीर को 'एक्स' पर पोस्ट कर तंज कसा है। झामुमो की ओर से लिखा गया है कि हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या? झारखंड की जनता सब विष्णु-बाबू लीला देख और समझ रही है। विष्णु-बाबू लीला का मतलब है विष्णु अग्रवाल और बाबूलाल मरांडी का कनेक्शन।**

# एक तो पूर्व सीएम की सहमति छह माह बाद मिली, फिर किसने दबा दी संचिका : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शादहेव ने कहा कि राज्य सरकार के अवर सचिव द्वारा मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को 15 नवंबर 2023 को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम के ऊपर प्राथमिकी करने के संबंध में पत्राचार किया गया था। ईडी ने राज्य सरकार को इस विषय पर 8 मई ,2023 को ही पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज करने को कहा था। प्रतुल ने पत्र की प्रति दिखाते हुए जानना चाहा कि 6 महीने बाद मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद भी किन परिस्थितियों में मंत्रिमंडल निगरानी विभाग ने प्राथमिकी से संबंधित संचिका को दबा दिया? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को स्पष्ट करना चाहिए कि जब पत्र में मुख्यमंत्री की सहमति का जिक्र है तो क्या उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीरेंद्र राम के दबाव में मौखिक आदेश देकर प्राथमिकी दर्ज करने से रुकवा दिया था। प्रतुल ने कहा कि अवर सचिव द्वारा लिखे गए पत्र में इस बात का स्पष्ट वर्णन है कि इस मुद्दे पर विधि विभाग ने भी मुकदमा दर्ज करने से संबंधित अपनी सहमति दी थी। प्रतुल ने कहा इस पूरे प्रकरण से झारखंड सरकार एक्सपोज्ड है और यह स्पष्ट होता है कि झारखंड में वर्तमान व्यवस्था में मुख्यमंत्री का आदेश भी सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए आईवॉश है। इससे स्पष्ट है की पूरी सरकार भ्रष्टाचार में सम्मिलित है।प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अविलंब स्पष्ट करना चाहिए की इस मामले में प्राथमिकी क्यों नहीं हुई और संबंधित अधिकारी को शो कॉज भी करना चाहिए। इसके अतिरिक्त ईडी के द्वारा जितने लोगों पर मुकदमा करने से संबंधित पत्राचार किया है,सब पर राज्य कड़े कदम उठाए। वरना मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी संदेह के दायरे में आ जाएंगे। ऐसे भी वे 3 महीने से ज्यादा से सत्ता में है। तो वीरेंद्र राम के ऊपर प्राथमिक दबाने का आरोप उन पर भी सीधे तौर पर लगेगा।

*निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर उठे सवाल, संबंधित अधिकारी को शोकॉज करने की मांग*

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना कांग्रेस का है लक्ष्य : यशस्विनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने संसदीय क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील किया। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पदयात्रा, जनसंपर्क और बैठक के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने पर हर गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 8500 रूपए मतलब साल में एक लाख रुपए दिए जाएंगे, ताकि महिला अपने परिवार का सही तरीके से भरण पोषण कर सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब महिलाओं को भी पुरुषों की बराबरी में लाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस की सरकार आई तो केंद्र की नई सरकारी नियुक्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का होगा। आने वाले दिनों में हर सरकारी कार्यालय में आधे कर्मचारियों की संख्या महिलाओं की होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आशा दीदी, मिड डे मील और आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन में भी वृद्धि करेगी।

### आजसू केंद्रीय कार्यालय में एनडीए की बैठक

# एनडीए राष्ट्रहित के प्रति समर्पित, इंडी गठबंधन परिवार हित को समर्पित : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय कार्यालय में गुरूवार को एनडीए की बैठक हुई, जिसमें रांची लोकसभा सीट से जीत की रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्यरूप से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ मौजूद थे। इनके आलावा रांची लोकसभा अंतर्गत कांके, हटिया, रांची और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों ने शामिल हुए। बैठक के बाद आजसू नेता सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ बेहतर समन्वय बनाकर लोकसभा चुनावों में बड़े परिणाम देने की ओर एनडीए मजबूती से आगे बढ़ रहा है। रांची समेत राज्य की सभी




14 लोकसभा सीटों पर आपसी समझदारी और साझेदारी से हमारे सभी कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। सुदेश महतो ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के विकास और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरफ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ 247 काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी हैं, तो दूसरी तरफ नेतृत्वविहीन इंडी गठबंधन है। हमारा गठबंधन राष्ट्रहित को समर्पित है और उनका गठबंधन अपने परिवार के हित तथा स्वार्थ को समर्पित है। रांची लोकसभा से हमारी जीत सुनिश्चित है। हमें अपने जीत के अंतर को बड़ा करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। पार्टी के कार्यकर्ता ही इस चुनाव में जीत के मजबूत आधार हैं। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। हम आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर विशेष व्यवस्था करें : के. रवि कुमार

*कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का सीईओ ने किया निरीक्षण*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरूवार को कोडरमा लोकसबा के की बुथों का स्थल निरीक्षण किया । इन बुथों पर सभी सुविधाओं की सूचना से मतदाताओं को अवगत कराने का निर्देश दिया। सीईओ ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्र पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। वहीं मतदान केन्द्र तक आने में समस्या वाले वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो/टोटो की व्यवस्था कराई जा रही है। साथ ही



मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा निबंधन, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, मतदाताओं को धूप में रहना नहीं पड़े, इसके लिए शेड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने पिछले चुनाव में कम मतदान वाले कोडरमा के मतदान केन्द्रों पर जाकर निर्वाचन कार्य कर रहे बीएलो से मतदान केन्द्र की न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा की गयी तैयारियों एवं भरे गये विभिन्न प्रपत्रों, अब्सेंट, शिफ्ट, मृत (एएसडी) सूची, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह और वालेंटियर से संबंधित सूची का अवलोकन किया। साथ ही वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति को जाना और इस कार्य में गति लाकर शीघ्र वितरण सुनिश्चत कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने वालेंटियर एवं मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों से बातचीत कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में जाना। उन्होंने वालेंटियर को ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन की सीख दी और निर्देशित किया कि वे दिव्यांग, वरिष्ठ, गर्भवती महिला एवं अन्य मतदाताओं को मतदान के दिन सहयोग करें, इससे मतदान प्रक्रिया में सुगमता आएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कक्ष का निरीक्षण कर वहां पंखा एवं लाइट की सुविधा के साथ मतदान पदाधिकारी एवं पोलिंग एजेंट को बैठाने की तैयारी को जाना। साथ ही मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टी के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य न्यूनतम सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने शौचालय में रनिंग वाटर कनेक्शन की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को एएसडी सूची अद्यतन कराने एवं पोलिंग पदाधिकारी, पोलिंग एजेंट के बैठने की व्यवस्था को लेकर बीएलो को मार्गदर्शन कराने का निर्देश दिया।

# लोकसभा चुनाव : छठे चरण में नाम वापसी के बाद चार सीटों पर 93 प्रत्याशी मैदान में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में छठे चरण के लिए नाम वापसी के बाद चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अब 93 उम्मीदवार रह गए हैं। यह जानकारी उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा.नेहा अरोड़ा ने दी।

निर्वाचन सदन धुर्वा में आज एक प्रेस वार्ता में डा. नेहा अरोड़ा ने बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से गुरुवार को दो लोगों ने अपना नाम वापस लिया। इस तरह यहां अब 16 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1 उम्मीदवार ने अपना नाम



*सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन भी दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन नहीं किया है।*

वापस लिया है। यहां अब 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन भी दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन नहीं किया है। राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी अभी तक 3 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 13 करोड़ 69 लाख तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक होम वोटिंग के तहत 911 लोगों ने मतदान किया है। आवश्यक सेवा से जुड़े 211 अब्सेंट वोटरों ने अपना वोट दिया है। वहीं निर्वाचन कार्य में जुटे 2,05,525 वोटरों में से 19557 लोग पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कर चुके हैं।

### 80 साल की उम्र में भी मतदान के लिए उत्साहित दिखे खीरू महतो

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को हजारीबाग जिले के इचाक स्थित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लोकसभा निर्वाचन हेतु तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे थे। इसी दौरान 80 वर्षीय खीरू महतो से उनकी मुलाकात हुई। बुजुर्ग ने सीईओ से कहा कि वे 20 वर्ष पहले ही रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के बाद मैंने हर बार मतदान में भाग लिया है। अब 80 वर्ष का हो गया हूँ फिर भी इस बार के मतदान में मैं अवश्य अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। मतदान करना मेरे लिए हर्ष का विषय है। मतदान केंद्रों के भौतिक निरीक्षण एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति के बारे में बीएलओ से पूछताछ के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा समर्पित सूची का ग्रामीणों एवं उस क्षेत्र के लोगों से सत्यापन कराया।

## एक नजर

### भदानीनगर के महुआ टोला में बहु से दुष्कर्म करने के आरोप में ससुर गिरफ्तार, गया जेल

**रामगढ़ ।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत महुआटोला गांव में ससुर द्वारा बहु के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकास में आया है। जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी 52 वर्षीय निजाम अंसारी पिता स्व. क्यूम अंसारी ने बुधवार की दोपहर अपनी बहु को घर में अकेला पाकर जोर-जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। ज्ञात हो की आरोपी निजाम की पत्नी का हाल में ही निधन हुआ है। बताया जाता है कि निजाम के दोनों बेटे बुधवार की सुबह स्थानीय फैक्ट्री में कार्य करने गये हुए थे। जबकि पिता निजाम अंसारी उसी फैक्ट्री से नाइट शिफ्ट में कार्य करके घर लौटा था। बुधवार की दोपहर बड़े बेटे की पत्नी को घर में अकेला पाकर निजाम ने रिश्तों को शर्मसार किया है। इधर पति के कार्य करके घर लौटने पर पत्नी ने उसे सारी बातें बताई।

### भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने गुरुवार को प्रखंड के गांवो में लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क किया। महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष रीमा देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रखंड के बलसगरा बाजार, होनहेमोडा और हुवाग पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाई। जनसंपर्क अभियान में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा हजारीबाग जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू ने गांवों में मतदाताओं से मिलकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को कमल फुल छाप पर वोट देकर विजयी बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत बनाने की अपील किया।जनसंपर्क करने वालों में हजारीबाग जिला महामंत्री सत्यभामा प्रखंड अध्यक्ष रुणा देवी और सुबासो देवी सहित डाड़ी प्रखंड की कई महिलाएं शामिल थीं।

### पुल निर्माण को लेकर हुआ सर्वे, तैयार हो रहा डीपीआर

**पतरातू।** पतरातू क्षेत्र में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की गतिविधि शुरू की गई है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कनीय अभियंता और रांची से आए सर्वेयर ने पुल का सर्वे कर डीपीआर बनाया। जिसमें मुख्य रूप से पतरातू और उरीमारी बड़कागांव के बीच दामोदर नदी में उच्च स्तरीय पुल, दूसरा टोकीसुद महुआ टोला दामोदर नदी में उच्च स्तरीय पुल और ग्राम बलकुदरा से जयनगर नलकारी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार किया गया। इन तीनों पुल के निर्माण होने पर पूरे कोयलांचल क्षेत्र सहित कई जिला के लोगों को लंबी दूरी से राहत मिलेगी। पुल बन जाने से एक जिला से दूसरे जिले का संपर्क का दूरी कम हो जाएगा। आम जनता कम समय में ज्यादा दूरी का सफर तय कर पाएंगे। विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर बताया कि पुल निर्माण की स्वीकृति की जानकारी होने के बाद पतरातू के आम जनता में काफी हर्ष का माहौल है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से पतरातू क्षेत्र में अरबों रुपए की लागत से तीन उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति मिली है।

## विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में हुआ छात्र सदन का पुनर्गठन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में छात्र सदन का वार्षिक पुनर्गठन हुआ। चुनाव प्रक्रिया के उपरांत सोनू कुमार मेहता प्रधानमंत्री तथा उप प्रधानमंत्री पद पर माला कुमारी चयनित हुई। अमित कुमार और आशीष रवानी,संचार एवं संपर्क मंत्री, गिरेंद्र कुमार और अनीता कुमारी का सांस्कृतिक मंत्री, मोहित गिरी और प्रेरणा कुमारी का खेलकूद मंत्री, अक्षय कुमार महतो और मनीष कुमार पासवान का पर्यावरण एवं स्वच्छता मंत्री, प्रिया कुमारी और रेणु कुमारी का स्वास्थ्य मंत्री तथा उज्जवल कुमार और नीतू कुमारी वर्ग प्रतिनिधि के रूप में चयनित हुए। मौके पर संस्था के अध्यक्ष अनूप कुमार मेहता ने कहा कि महाविद्यालय के प्रत्येक गतिविधि में प्रशिक्षुओं की सहभागिता लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है। निर्देशक रवि प्रकाश ने चुने हुए छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें प्रशिक्षकों ने उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी दी।

### जीएम इंटर कॉलेज में मेघा छात्रवृत्ति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

## जीवन में आगे बढ़ना है तो समय को महत्व देना होगा : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जीएम इंटर कॉलेज, इचाक में आयोजित मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा जिसमें माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थी शामिल थे। जीएम इंटर कॉलेज, इचाक में गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त राजकुमार दास को 11 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त अनन्या कुमारी को नगद 75 सौ रुपया, तृतीय स्थान प्राप्त आयुष प्रसाद मेहता को नगद 51 सौ रुपया एवं चार रैंक से लेकर बीस रैंक तक के विद्यार्थियों में मनीषा कुमारी, कुमकुम कुमारी,ज्योति कुमारी, रिया कुमारी, काजल कुमारी, प्रीति कुमारी, मुस्कान कुमारी, राधिका कुमारी, आशा कुमारी, अमरजीत प्रसाद, अंजली कुमारी, कुमकुम कुमारी सिंह, पायल कुमारी, मनोरमा कुमारी, अंजली कुमारी एवं सुधा कुमारी को 11 सौ रुपए देकर सम्मानित किया गया। संतावना पुरुस्कार के रूप में सैकड़ों विद्यार्थियों को कलम देकर सम्मानित किया गया और विद्यार्थियों के साथ चल कर आए उनके माता-पिता को भी शॉल देकर सम्मानित किया गया। जीएम कॉलेज इचाक के प्राचार्य ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में जो सैकड़ों लोगों को पीछे छोड़ता हुआ आगे निकलेगा वही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ना है तो समय को महत्व देना होगा। आज के समय में मेहनत और समय दोनो को महत्व नहीं देने वाला मनुष्य लाइन के पिछले हिस्से में जाकर खड़ा होते है और पूरी जिंदगी आपने आप को कोसते रहते है। मंच संचालन रतनेश कुमार राणा ने किया इस मेघा छात्रवृत्ति पुरुस्कार वितरण समारोह को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रभारी पंकज कुमार मेहता, रंजन कुमार, आशिष पांडेय, दीपक प्रसाद कुशवाह, राज कुमार दास, संगम कुमारी समेत सभी विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

### हजारीबाग यूथ विंग ने की अपील, 20 मई को अवश्य करें मतदान

## हमारा और देश का भविष्य एक मतदान से होगा तय : चंद्र प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** इस चुनावी माहौल में सभी लगातार जनता से वोट डालकर सही उम्मीदवार चुनने की अपील कर भी रहे हैं। उसी क्रम हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने भी जनता से अपना अमूल्य वोट डालने की अपील की है। अपनी अपील में उन्होंने कहा कि आप सभी मतदाताओं से विनम्र निवेदन है कि आप सभी 20 मई को मतदान अवश्य करें क्योंकि इसी मतदान से हमारा और देश दोनों का भविष्य तय होता है, हमारी कोशिश होनी चाहिए कि पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। इससे शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने व करवाने में यह सभ्य समाज सफल रहेगा, लेकिन लोकतंत्र में 'यथा प्रजा तथा राजा' वाली कहावत चरितार्थ होती है यानी कि जैसी प्रजा होगी, वैसा ही राजा वो चुनेगी। आजादी के बाद से ही हमारे सभी चुनावी चयनो ने इस देश को एक नई दिशा दी और इसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाया।

### जिप सदस्या कुमकुम ने अन्नपूर्णा के पक्ष में मतदान के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान



**बरकट्ठा।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सह जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी द्वारा कोडरमा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं को घर घर जाकर समझाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कुमकुम दिन रात मेहनत कर रही है। उन्होंने जनसंपर्क अभियान ईचाक के खैरा, कर्मा, टाटी झरिया, झरपो, भराजो और दारू प्रखंड के विभिन्न गांवों में किया इसके अलावा बरकट्ठा के बेड़ो कला कपका, सलैया, बरवां में भी किया। पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने बताया कि भाजपा की जीत सुनिश्चित है। हमलोग पुनः बड़े मतों के अंतर से जीतेंगे।

### सलैया : अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में भाजपा ने चलाया अभियान

**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई बरकट्ठा के पंचायत सलैया में बुथ कमेटी के सदस्यों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रुप में मंडल प्रभारी रघुवीर प्रसाद व केदार साव उपस्थित हुए। जिसमें कोडरमा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीताने के लिए बूथ जीतों चुनाव जीतों के आधार पर पंचायत कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रघुवीर महतो ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। वहीं मुख्य रूप से बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव टिंकू, हीरालाल प्रसाद,वीरेंद्र मेहता, हीरालाल प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, विनोद प्रसाद, मनोज प्रसाद, यशराज साहा, गोपी प्रसाद, नारायण प्रसाद, सीताराम प्रसाद, भागीरथ प्रसाद,रघु प्रसाद, विनोद प्रसाद, रोहित प्रसाद, अब्बास अंसारी,लीलधारी प्रसाद,रमन प्रसाद, विकास प्रसाद, सौरव प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## व्यक्ति विशेष के दबाव में आकर पार्टी से त्यागपत्र दे रहे हैं कार्यकर्ता : विवेकानंद



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी, लोकसभा चुनाव कार्यालय, हजारीबाग में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिस प्रेसवार्ता को भाजपा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत एवं लोक सभा संयोजक टुन्नू गोप द्वारा संबोधन किया गया। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति भाजपा छोड़ रहे हैं। वो व्यक्ति विशेष के व्यक्ति हैं और व्यक्ति विशेष के दबाव में त्यागपत्र दे रहे हैं। जानबूझकर माहौल खराब करने का काम कर रहे हैं। निष्ठावान कार्यकर्ता कमल के साथ है और आगे भी रहेंगे। वे व्यक्ति जिनको उनसे लाभ मिल रहा है वह उनके साथ कुछ लोग चले गए हैं। पार्टी छोड़ने वालों में सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, सुमन कुमार सिंह, विपिन सिंहा एवं पार्टी पदाधिकारी राजेश सहाय जिला उपाध्यक्ष, प्रियम वादा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुख्य रुप से सम्मिलित हैं। आगे इन्होंने कहा कि यशवंत सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने क्या नहीं दिया, सबसे पहले रांची से विधायक बनाकर संयुक्त बिहार झारखंड में प्रतिपक्ष का नेता बनवाया, वह व्यक्ति भाजपा का नहीं हो सका, तो कांग्रेस का क्या हो सकता है। इन लोगों के जाने से भारतीय जनता पार्टी को हजारीबाग, लोकसभा में कोई अंतर नहीं पड़ेगा।

## जेपी पटेल के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मुन्ना सिंह ने किया क्षेत्रों का दौरा



**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड में गदोखर पंचायत के पागार व अंबेडकर मुहल्ला और पबरा पंचायत के पबरा चौक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान श्री सिंह ने लोगों से स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को साझा किया। चुनाव तिथि के नजदीक आते ही, मुन्ना सिंह के अभियान के द्वारा उत्पन्न मतदाताओं में उत्साह कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के लिए अच्छा संकेत है।

लोगों में उत्साह की भावना और उनके साथ जुड़ाव देखते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत समर्थन मिलेगा। इस दौरान कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली, बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान, निसार खान, युवा मोर्चा के जिला महासचिव साबिर अली, मोहम्मद लाल, गदोखर पंचायत समिति सदस्य जहांगीर अली, अबरार हुसैन समेत भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहें।

## न्यूज बॉक्स

### मिशन हॉस्पिटल व मेदांता हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे इलाज

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन हॉस्पिटल एवं मेदांता हॉस्पिटल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में बिजली ऑफिस रविन्द्र पथ स्थित मिशन होस्पिटल में विशेषज्ञ एवं अनुभवी हृदय, किडनी, मस्तिष्क, रीढ़ एवं ईएनटी के संबंधित चिकित्सक ओपीडी परामर्श देंगे। हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ विनीत कुमार, डीएम हर महीने के दूसरे दिन एंव चौथे शुक्रवार को अपनी सेवाएं देंगे। किडनी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ विजय कुमार सिंह, डीएम हर महीने के दूसरे दिन एंव चौथे शुक्रवार को अपनी सेवाएं देंगे। मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, तंत्रिक तंत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ आनंद झा, एमसीएच हर महीने के चौथे शुक्रवार को अपनी सेवाएं देंगे। वहीं कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ कृष्णा किंकर दास, एमएस हर महीने के दुसरे गुरूवार को अपनी सेवाएं देंगे। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि अब गंभीर बिमारियों के लिए रांची एंव अन्य बडे शहर जाने की आवश्यकता नहीं है। अब हर बिमारी का इलाज विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मिशन होस्पिटल में ही किया जाएगा। हमारी कोशिश है कि मरीजों व जरूरतमंदों का हर इलाज व उपचार मिशन होस्पिटल में हो इसके लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, उपेक्षा का लगाया आरोप



**बरही ।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव कटरियार ने पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. जिलाध्यक्ष को दिए इस्तीफा पत्र में उन्होंने उपेक्षा का आरोप लगाया है. पत्र में उन्होंने लिखा कि बीते 30 वर्षों सेवा भाजपा में समर्पित सिपाही के रूप में योगदान दिए. इस दौरान उन्हें पार्टी ने उन्हे युवा मोर्चा अध्यक्ष से लेकर जिला उपाध्यक्ष तक के पद की जिम्मेवारी दिया. जिसे उन्होंने बढ़ चढ़कर निभाया. साथ ही प्रत्येक चुनाव में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए पार्टी के पक्ष में काम किया. परंतु बीते दिनों से वे उपेक्षित महसूस कर रहे है. इस कारण वह प्राथमिक सदयता से इस्तीफा दे रहे है. वर्तमान में उन्होंने कोई पार्टी ज्वाइन नही किया है, पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चुनाव के बाद इस विषय पर मंथन किया जायेगा.

### दिन के उजाले में बेखौफ खुल्लेआम हाइवा से ढोया जा रहा है बालू, प्रशासन मौन



**बरही ।** जीटी रोड और एनएच से प्रतिदिन कई हाइवा या डंफर जैसे बड़े वाहनो से बालू की ढुलाई की जा रही है. गुरुवार को एनएच 33 से हजारीबाग की ओर जाते हुए तीन हाईवा देखा गया. लोगो की माने तो इस प्रकार का सिलसिला सुबह से शाम तक जारी रहता है. सरकार के बालू घाट के निविदा पर प्रतिबंध का खामियाजा यहां की जनता उठा रही है. बालू घाटों से सैकड़ो ट्रैक्टर और बड़े वाहनों से बालू का प्रतिदिन नियमित उठाव जारी रहे है. जिससे राजकोषीय घाटा हो रहा है. यदा कदा अधिकारी इसे पकड़ने को लेकर गंभीर होते है. कुछ ट्रैक्टर जब्त कर चालको के विरुद्ध करवाई भी किया जाता है. बाबजूद सिलसिला जारी है. सरकार से सरकारी महकमे तक को मालूम है कि बालू का लगातार उठाव हो रहा है. बाबजूद प्रतिबंध का होना हास्यास्पद या तुगलकी फरमान सा नजर आता है. इसका प्रतिफल बेरोजगारों का रोजगार से हाथ धोना और जैसे तैसे बालू का सप्लाई करना. जिसका असर सीधे तौर पर आम जनता को झेलना पड़ रहा है. जनता को 400 से 500 रुपए प्रति ट्रैक्टर बिकने वाले बालू को 3000 से 3500 में खरीदने पड़ रहे है. इस दिशा में सरकार को गंभीरता दिखाते हुए स्थाई बालू घाट की व्यवस्था शीघ्र करनी चाहिए. जिससे राजकोषीय राजस्व में वृद्धि हों और जनता को सुलभ तरीको से बालू उपलब्ध हों सके.

### जूनियर कक्षा संचालन को लेकर बीईईओ हुए सख्त, तीन विद्यालयों को दिया नोटिस

**बरही।** सरकार के निर्देशों के अनुपालन के आलोक में बीईईओ किशोर कुमार ने बीते 4 मई को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में कई विद्यालय बंद पाए गए वहीं कुछ विद्यालयों में जूनियर कक्षाओं को विधिवत नियमित रूप से पठन पाठन होते पाया गया. जो सरकार के निर्देशों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है. ऐसे विद्यालय का विडियो भीं बनाए गए हैं. उन्होंने बताया कि बढ़ते गर्मी और लू को देखते हुए सरकार ने सभी विद्यालयों को 22 मई से ही केजी से 8वीं तक के कक्षाओं को बंद करने का निर्देश दिया है. सरकार के आदेश के पालन नहीं करने के आलोक में ऐसे सभी विद्यालयों को नोटिस कर स्पष्टीकरण मांगा गया है. जिसके आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी. स्पष्टीकरण किए जाने वाले विद्यालयों में कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार, लिटिल फ्लावर स्कूल धनवार और रेनबो विद्यालय शामिल है. वही कुछ संचालक ने बताया कि सरकारी आदेशों का पालन किया जा रहा है. जूनियर कक्षा पूरी तरह बंद है. मौसम में नरमी को देखते हुए अभिभावकों के अनुरोध पर निजी शिक्षको ने अर्थोपर्जन के लिए कुछ विद्यार्थियों को सुबह में दो घंटे ट्यूशन दे रहे हैं. इससे विद्यालय प्रबंधन का कोई लेना देना नही है.

### महिला के गायब होने पर ससुर ने थाने में आवेदन देकर खोजबीन की लगाई गुहार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया में एक महिला के गायब होने का मामला सामने आया है। इस बाबत महिला रानी देवी पति हिरालाल प्रसाद के ससुर मोहन प्रसाद ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा कि मेरी बहू रानी देवी जो हमसे अलग रहती है। वह 7 मई दिन मंगलवार को सुबह नौ बजे अपने बच्चों को गेंहू पीसवाने व मोबाइल बनवाने कहकर घर से निकली है। जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। मुझे कहीं से पता लगा कि ग्राम घस्कोडीह निवासी दीपक प्रसाद पिता छोटी महतो के साथ पिछले चार-पांच महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था । घर में उसके बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है । उसने बरकट्ठा पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है। ताकी बच्चों को उसकी मां मिल सके।

### हजारीबाग एथलेटिक संघ की बैठक हुई संपन्न

## फुटबॉल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मोहम्मद फजल को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सेवा सहयोग समिति के कार्यालय परिसर में हजारीबाग एथलेटिक संघ के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाज सेवी साहब हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हर्ष अजमेरा के द्वारा किया गया। फुटबॉल खेल को लेकर गहन चिंतन किया गया। इसी बीच हजारीबाग के खुटरा के रहने वाले फुटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद फैजल बोकारो जिले में रहकर फुटबॉल खेल रहे हैं जिन्होंने राज्य स्तर पर आयोजित अंडर 20 फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व छत्तीसगढ़ में किया है मोहम्मद फैजल को इस उपलब्धि के लिए एथलेटिक संघ के द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आगामी विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने मोहम्मद फैजल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फुटबॉल खेल में हर खिलाड़ियों को आगे आना चाहिए। जल्दी फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को सामने रख सके सामने रख सके। साथ ही बैठक में फुटबॉल खेल को लेकर गहन चिंतन किया गया है।

**◆फुटबॉल खेल में और खिलाड़ियों को आगे आना चाहिए : हर्ष अजमेरा**

फुटबॉल विश्व का सबसे प्रसिद्ध खेल है। यह बहुत ही रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण खेल है जो आमतौर पर, दो टीमों के द्वारा युवाओं के आनंद और मनोरंजन के लिए खेला जाता है। यह मनोरंजन का महान स्रोत है, जो शरीर और मन को तरोताजा करता है। जिसे गोलाकार गेंद के साथ खेला जाता है। इस अवसर पर नजरूल हसन, कार्यकारी अध्यक्ष,भैया मुरारी, सचिव, अशोक भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष, सरफराज अहमद, धनेश्वर गोप, सरफुला खान गुड्डु, परमेश्वर गोप, सूर्यन मूर्या सहित कई लोग मौजूद थे।

### भुरकुंडा व भदानीनगर में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा और भदानीनगर क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। मंगलवार को भुरकुंडा में और बुधवार को भदानीनगर में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। भुरकुंडा में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने संयुक्त रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया। वहीं भदानीनगर में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने संयुक्त रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एडीए के समर्थकों ने प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। उद्घाटन कार्यक्रम में अमरेश सिंह, योगेश दांगी, युगल नायक, सतेंद्र नारायण सिंह, महेंद्र सोनी, बाबूलाल नायक, राधेश्याम अग्रवाल, दिलीप दांगी, कुमेल उरांव, रामबिलास प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### ज्वार पहाड़पुर में वज्रपात से तीन मवेशियों की मौत, मुआवजा दिलाने का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम ज्वार पहाड़पुर में बीते रात व्रजपात होने से तीन मवेशी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगद पेड़ के नीचे तीन मवेशी बंधे थे, जहां अचानक रात्रि लगभग 1 बजे वज्रपात होने से तीन मवेशी की मौत हो गई। जिसमें दो दुधारू गाय और एक बैल शामिल है। मवेशी मालिक जीवन मांझी पिता छोटका मांझी, तालो मांझी पिता छोटू मांझी, मुकेश हेंब्रम पिता सोहा मांझी शामिल हैं। मौके पर भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा पहुंचकर लोगों को संतावना दिया तथा कहा ब्लॉक से जो भी मुआवजा मिलेगा उसे आप लोगों को दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ज्वार पहाड़पुर आदिवासी क्षेत्र है। जहां आदिवासी इन पशुओं के सहारे कृषि कर अपना जीवन यापन करते हैं। वही मवेशियों की मौत से मालिक काफी चिंतित दिखे।

## एक नजर

### पुलिस ने गांजा बिक्री करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिमडेगा।** कुरडेग पुलिस ने कुरडेग में अवैध रूप से गंजा बिक्री करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए गुरुवार को सिमडेगा जेल भेज दिया गिरफ्तार आरोपियों में रोहित मिश्रा, पवन मिश्रा एवं दीपक शर्मा शामिल है जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक अवध कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तीनों व्यक्ति के द्वारा उड़ीसा से गंजा मंगा कर अपने घरों में आसपास बेचने का कार्य किया जाता था। सूचना के पुष्टि करने के लिए थाना प्रभारी विनायक कुमार पांडेय को निर्देश दिए गए इसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए तीनों के घरों में छापेमारी की दौरान करीब 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ और पूछताछ करने पर तीनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की ।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्याय किरासत में जेल भेज दिया।

### अक्षय तृतीया के मौके पर चमकेगी सोने की चमक

**सिमडेगा।** अक्षय तृतीया के मौके पर शुक्रवार को बाजार में सोने की चमक बिखरेगी। इसका उल्लास बुधवार से ही दिखने लगा है। व्रत की तैयारियों को पूरा करने व पूजन सामग्री की खरीद को लेकर बाजारों में लोगों की भीड़ रही। इस मौके पर भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना के साथ सोना चांदी की खरीद को शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीय को लेकर जिले के सरार्फा दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। दुकानों को बिजली की रोशनी से जगमग किया गया है। खरीदारों को लुभाने के लिए सरार्फा दुकानों पर आभूषणों की खरीदारी के साथ विभिन्न प्रकार के आकर्षक ऑफर भी दिए जा रहे हैं। टाउन थाना के सामने स्थित जय हिंद ज्वेलर्स में अक्षय तृतीया को लेकर हॉलमार्क सोने, चांदी व डायमंड के गहनों पर मेकिंग चार्ज पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। संचालक जय सोनी ने बताया कि हॉलमार्क एचयूआईडी सोने के अलावा डायमंड के भी विशेष संग्रह है। यहां पर शादी के पैकेज की खरीदारी पर मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। सोने के बढ़ते दामों को देखकर इस बार हल्के वजन के गहने भी उपलब्ध है।

### करमा मेडिकल कॉलेज निर्माण में धीमी प्रगति एजेंसी को दी चेतावनी

**कोडरमा।** करमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर बुधवार को अधिकारियों ने कार्य एजेंसी को 20 दिनों तक कार्य में तेजी नहीं लाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। भवन निगम विभाग के परामर्शी और कार्य एजेंसी की बैठक हुई। इसमें मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। बैठक में परियोजना प्रबंधक परामर्शी के महाप्रबंधक सेवानिवृत ईई प्रदीप शर्मा, भवन निगम के ईई अमित कुमार के अलावा कार्य एजेंसी के पदाधिकारी,जेई शामिल हुए। इस दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त किया। अधिकारियों ने करमा में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज और सदर हॉस्पिटल में बनने वाले हॉस्पिटल भवन का जायजा लिया और कार्य ऐजेंसी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# लोकसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से इंडी गठबंधन की होगी जीत : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड अंतर्गत रेंगारीह में कांग्रेस पार्टी कार्यालय का उद्घाटन कोलेबिरा विधनसभा प्रभारी सह विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा फीता काट कर किया गया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी इंडिया गठबंधन के साथ एकजूट नहीं हुए तो देश में उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों का बोलबाला होगा। गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के साथ जुल्म बढ़ेगा और देश में तानाशाह शाषण चलाए जाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी आप पूरा दम लगा कर झूठ बोलिये गरीबों के खिलाफ जो साज़िश करनी है कीजिए कांग्रेस की जन कल्याणकारी योजनाओं पर भ्रमित करना है कीजिए - फिर भी कांग्रेस पार्टी पूरी ईमानदारी से पूरी लगन से और पूरी शिद्दत से इस भयावह आर्थिक असमानता को सही नीतियों से ठीक करके ही दम लेगी। कांग्रेस नेतृत्व का संकल्प है कि हम गरीबों को मुख्य धारा में लाकर ही मानेंगे और इसके लिए ना किसी की संपत्ति ली जाएगी ना किसी की आय कम करेंगे ना किसी के जेवर गहने लेंगे। बदलाव सही नीतियों से होता है और इस बार कांग्रेस पार्टी का सरकार बना कर ही हम सब कार्यकर्त्ता दम लेंगे।मौके पर मौजूद प्रखंड प्रभारी सह अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, लुइस कुजूर, मण्डल अध्यक्ष जॉन लकड़ा,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पितर लकड़ा, मोहम्मद कारू, पंचायत अध्यक्ष अतुल बारला, पतरस डुंगडुंग, बेनेदिक लकड़ा, सुकवन जोजो, कांग्रेस कार्यकर्ता इदरीस अली, सुनील डुंगडुंग, प्रबोध केरकेट्टा, अगस्टिन किंडो, फ्लोरेंस मिंज, अजय कुजूर, निभरेंन कुल्लू, ओडील केरकेट्टा, अजीत डुंगडुंग, रंजीत लकड़ा, अल्बर्ट बा, रंजीत एक्का, समीर बारला, तेलेस्फोर खेस, एरेनियस बेक, सिरिल डुंगडुंग, संजय हेरेंज, बर्नार्ड लकड़ा, अलार केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

# हज यात्रा पर जाने वाले जायरिनों को विधायक ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा ने हज यात्रियों से मुलाकात कर उन्हें हज यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंनने हज पर जाने वाले यात्रियों को अपनी मुबारकबाद पेश की और उनसे देश के लिए अमन-चैन, सुख व शांति और तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की। उन्होंने सभी जायरीनों को बिना किसी परेशानी के हज यात्रा जाने और बिना किसी परेशानी के वापस लौटने की अल्लाह ताला से दुआएं की। उन्होंने कहा कि खुशनसीब हैं वे लोग, जिन्हें अल्लाह ने हज का फरीजा अदा करने के लिए चुना है। यही दुआ है कि अल्लाह सभी हज यात्रियों का सफर आसान फरमाकर हज कबूल फरमाए। मक्का और मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है। उन्होंने हज यात्रियों से हज करके हिन्दुस्तान की खुशहाली, अमन शांति और भाईचारगी के लिए दुआ मांगने की अपील की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, मो इम्तियाज अहमद सहित कांगेसी पदधारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले से इस वर्ष 17 हाजियों का जत्था मक्का मदीना के लिए रवाना हो रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### सिमडेगा उपायुक्त ने मतदान केंद्रों में वोटर टर्न आउट को लेकर की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों से भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देश के आलोक में सामयिक वोटर टर्न आउट प्राप्त करने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के संचालन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिसके लिए प्रतिनियुक्ति सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके कार्य दायित्वों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान मौत पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एल.आर.डी.सी अरुणा कुमारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार, एडीएम चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल से गिर कर युवक घायल



**बानो।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरा गढ़ हजारीबेडा के पास मोटरसाइकिल के संतुलन बिगड़ जाने से युवक घायल। 108 एम्बुलेंस को सूचना मिलने पर घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुँचाया । युवक कुरकुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टाटी का जुलतान बडिंग बताया जा रहा है ,ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जुलतान बडिंग तेज गति से मोटरसाइकिल चला रहा था।मोड़ पर सम्भाल नही पाने के कारण गिर पड़ा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने बताया कि दुर्घटना में जुलतान का सिर में चोट लगी है।युवक का बायां हाथ फ्रेक्चर कर गया है।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए होगी विशेष व्यवस्था : के रवि

**कोडरमा।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि गुरुवार को कोडरमा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मिडिल स्कूल पुरनाडीह, डोमचांच, उत्क्रमित प्राइमरी स्कूल विन्डोमोह, डोमचांच, राजकीय प्राइमरी स्कूल विद्यापुरी, राजकीयकृत मिडिल स्कूल बेलाटांड़ स्थिति विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। मतदान केंद्र पर आने में 85 प्लस आयु वर्ग के असमर्थ मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जबकि मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ वाले वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो, टोटो की व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं को हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए हरेक मतदान केंद्रों पर शेड के साथ शीतल पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

**मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित अधिकारियों के साथ डीसी की बैठक**

# मतदान को गति देने के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वीप कोषांग के पदाधिकारी-कर्मियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने पूरी संजीदगी के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। प्रशासनिक महकमा पारदर्शी-निष्पक्ष चुनाव के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को मतदान दिवस के शत प्रतिशत मतदाताओं से मतदान करने हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। 80 फीसदी से अधिक वोटिंग प्रतिशत को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के वोटरों को मतदान के प्रेरित-जागरूक करने का निर्देश। उपायुक्त ने कहा कि मतदान दिवस अब कुछ ही दिन बाकी है आप सभी डोर टू डोर जाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें जिससे कि सभी अपने बूथों तक आकर मतदान करें। उन्होंने अंतिम दो-तीन दिनों में अभियान को और गति देकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। संस्था, क्लब व प्रबुद्धजनों की सहभागिता के साथ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की कवायद करने के निर्देश दिये। मतदान केंद्रो को बेहतर तरीके से सजाने-संवारने के साथ वहां जरूरी सुविधाओं की बहाली सुनिश्चित करने को लेकर अवश्य दिशा-निर्देश भी दिए।मौके पर स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी - सह- उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-एलआरडीसी अरुणा कुमारी, स्वीप कार्यक्रम प्रभारी पदाधिकारी -सह- जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित स्वीप सेल के अन्य पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### झुमरी तिलैया में भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**झुमरी तिलैया ।** भाजपा झुमरी तिलैया मंडल अंतर्गत अशोका होटल के समीप लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। उद्घाटन विधायक डॉ नीरा यादव, व्यवसायी श्याम सुंदर सिंघानिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह,नगर अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने किया। विधायक डॉ नीरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सर्वांगीण विकास हो रहा है। सभी तरह के विकास के कार्य पारदर्शिता से हो रहे है। उन्होंने कार्यकताओं से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए हरेक बूथ में रिकार्ड मतदान कराने, लोगों को केंद्र की योजनाओं से अवगत कराने की बात कही। मौके पर पार्टी नेता प्रकाश राम, डॉ नरेश पंडित, देवनारायण मोदी, चन्द्रशेखर जोशी, शशिभूषण चौधरी, सुभाष मोदी, रमेश हर्षधर, बटेश्वर मेहता, सुदर्शन यादव, राजकिशोर प्रसाद , माणिकचंद सेठ आदि मौजूद थे।

### खरवागाढ़ा में दम तोड़ रही मुख्यमंत्री जन जल योजना, खेत में बने चुआं का पानी पी रहे हैं लोग



**जलडेगा ।** प्रखंड के खरवागाढ़ा पुजार टोली में लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यहां मुख्यमंत्री जन जल योजना भी पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। लाखों रुपए की लागत से जय मां कंस्ट्रक्शन द्वारा अधिष्ठपित यह जल मीनार देख रेख के अभाव और संवेदक की लापरवाही से पिछले कई महीनों से पूरी तरह से बंद पड़ी है संवेदक ने जिस चापाकाल में समरसेबल लगाया है वो भी पिछले चार साल से खराब पड़ा है। जिसके कारण गांव के लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीणों को मेहनत मजदूरी के साथ-साथ उन्हें रात दिन पेयजल की पूर्ति के लिए दूर खेतों में बने एक गंदे चुआं का सहारा लेना पड़ रहा है। जहां नंबर लगाकर लोग पानी भर रहे हैं। ग्रामीण शांति कंडूलना, नैना कंडूलना, फुलजेम्स तोपनो, विजय तोपनो, दाऊद तोपनो, उगेन कंडूलना, मसीह कंडूलना, प्यारी कंडूलना, मगदली कंडूलना सहित अन्य लोगों ने बताया कि जलमीनार से लगभग 25 परिवारों की प्यास बुझती थी। लेकिन जब से खराब हुआ है उसके बाद से कोई सुध लेने वाला नहीं है। ग्राम में एक मात्र हैंडपंप है जो विगत चार साल से खराब है। जिसके कारण ग्रामीण एक किलोमीटर दूर खेत में बने एक गंदे चुवां के पानी पर आश्रित हैं।

# काम कर घर लौट रही महिला की पत्थर से कुचलकर की गयी हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगारू के पास देर शाम काम करके लौट रही तेली टोली गांव निवासी चूहानी देवी नामक महिला की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी। मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि टेलीटोली गांव निवासी जीत वाहन साहू की पत्नी सुहानी देवी सिमडेगा राम जानकी मंदिर गली में टाइल मार्बल के काम चल रहे बिल्डिंग में बतौर महिला मजदूर के रूप में काम करती है और वह काम करके लौट रही थी इसी दौरान अज्ञात लोगों के द्वारा उसकी हत्या कर दी गई ।वहीं बताया गया कि काम करने वाले ठेकेदार के द्वारा उसे बाइक पर लाकर घर से कुछ दूर पहले छोड़ा था, इसके बाद महिला को उसके घर भेजा था और उसके बाद महिला की हत्या हो गई ।इधर पुलिस में शक के आधार पर ठेकेदार सूचित को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है ।

**इस मामले में दो अन्य महिला व पुरुषों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है**

थाना प्रभारी ने बताया की हत्या के सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। वहीं इस मामले में दो अन्य महिला पुरुष लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर इस मामले में सिमडेगा सदर थाना कांड संख्या 55/24 धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह का शुरूआत की गई। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस जो मदर आफ नर्सिंग और लेडी आफ लैम्प फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर मनाते है. अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर मदर टेरेसा कालेज आफ नर्सिंग बानो में हर दिन नए नए थीम पर कार्यक्रम मदर टेरेसा ग्रुप, नाइटेंगल ग्रुप, मीरा ग्रुप, फूलो झानो ग्रुप द्वारा संचालित होंगी। जिसमे रंगोली, लेखन, पेंटिंग, डांस एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि डॉ एसके रवि, कॉलेज के निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा, सचिव निभा मिश्रा, समन्वयक रविकांत मिश्रा ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ एस के रवि ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए स्कूल प्रबंधन को इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए बहुत प्रशंसा की। मौके पर समन्वयक रविकांत मिश्रा, जीएनएम की प्राचार्या एरेन बेक, एएनएम की प्राचार्या प्रभा सुरीन, सीनियर टयूटर अल्बिना टोपनो,निभा खलखो, लीला कुमारी, तनु साहू, प्रिया कुमारी, माटील्डा तिर्की, लीलावती साहू आदि तथा संस्थान के सभी छात्राऐं उपस्थित रहीं।

### एनोस एक्का ने बाईक में सवार होकर जंगलों-पहाड़ों में बसे गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री सह झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष गुरुवार को बाईक के माध्यम से गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के क्रम में एनोस एक्का बाईक से ही काफी दुरुस्त क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही लोगों को झापा के समर्थन में वोट देने की अपील की। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों लोगों को बरगला कर वोट लेती है। चुनाव जीतने के साथ ही राष्ट्रीय पार्टियों के एमपी-एमएलए जनता को भुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए झापा प्रत्याशी को जीताएं। मौके पर एनोस ने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर चुनाव के तैयारी की समीक्षा की। साथ ही चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज करने का निर्देश दिया। मौके पर कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया**

# मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें बीएलओ : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। बानो** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान जेएसएलपीएस बानो के द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी उपस्थित थे । उन्होंने कहा कि मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें बीएलओ। लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। इसके लिए सभी को घर घर सम्पर्क कर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग, वृद्ध, गर्भवती महिलाओं के लिए गाड़ी, व्हील चेयर का व्यवस्था रहेगा। सुबह 7:00 से 5:00 तक मतदान होगा। यदि वोटर लिस्ट में नाम नहीं है या पर्ची नहीं मिला है तो भी अपना अन्य डॉक्यूमेंट आधार, फोटो युक्त पासबुक, लेबर कार्ड, पैन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र, दिव्यांग यूनिट आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस पासपोर्ट, दिखा कर अपना वोट दे सकते हैं ।इसके अलावा समूह की दीदियों को बाहरी लोगों से बचने के लिए कहा। कार्यक्रम में आजीविका बढ़ाने के लिए गाय पालन शुरू कर अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। मौके पर दीदी द्वारा हल्दी चावल देकर वोट करने के लिए सभी को निमंत्रण दिया ।कार्यक्रम में जेएसएलपीएस से बीपीओ एफसी जेंडर सीआरपी सेतु दीदी सक्रिय महिला के साथ समूह के दे दीदियां उपस्थित थी।

### भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क

**कोडरमा।** केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को झुमरी तिलैया नगर पर्षद क्षेत्र के गुमो बस्ती और बगोदर विधानसभा इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की प्रखर नेतृत्व में देश विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक के खिलाफ कानून, भारतीय दंड संहिता का सरलीकरण जैसे कड़े और बड़े फैसले लेकर मोदी जी ने कांग्रेसी राज के पॉलिसी पैरालाइसिस को खत्म किया है। आज हालत यह है कि दुनिया भर के बड़े और विकसित देश भी हर मामले में भारत के रुख को महत्व देते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकलने के लिए हुआ युद्ध विराम भारत की वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का बड़ा उदाहरण है। दूसरी तरफ वह राजनीतिक जमात हैं, जो देश की जनता द्वारा आजमाई और खारिज की जा चुकी हैं।

# सिमडेगा में 13 को मतदान के लिए चलें बूथ की ओर अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** स्वीप सेल के नोडल पदाधिकारी -सह- एलआरडीस अरुणा कुमारी एवं स्वीप सेल के कार्यक्रम प्रभारी पदाधिकारी-सह- जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में 13 मई 2024 को वोटिंग कराने को लेकर डोर टू डोर मतदाताओं को वोट देने हेतु आमंत्रित करने के लिए जिले के सभी पीडीएस डीलर के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उन्होंने जिले में 80% से अधिक मतदान सुनिश्चित करने हेतु सभी पीडीएस डीलरों को प्रत्येक मतदाता के डोर टू डोर जाकर वोट करने के लिए आमंत्रित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 13 मई 2024 को सभी मतदान केन्द्रों में चलें बूथ की ओर अभियान चलायें।

इसमें मतदाताओं से डोर टू डोर जाकर संवाद करें, उन्हें यह समझायें कि वोट करना उनका संवैधानिक अधिकार है। इसलिये हर मतदाता वोट जरूर करें। मतदाता जागरुकता गतिविधियों में और तेजी लायें। हर जरूरी उपाय कर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिये जागरुक करें तथा अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करायें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण मिलना अति आवश्यक है। जितना अच्छा प्रशिक्षण मतदान कर्मियों को दिया जाएगा, त्रुटिरहित मतदान प्रक्रिया की संभावना उतनी ही अधिक होगी। अधिकारी ईवीएम पर से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लें। उक्त बातें बागीटांड़ इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा भवन में गुरुवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कही। उन्होंने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने, उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

## एक नजर

### महिला की मौत ससुराल पक्ष पर लगा हत्या का आरोप

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत हलुदबनी राव कॉलोनी निवासी रीता प्रमाणिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई. रीता का शव घर के आंगन में पाया गया. इधर, घटना की सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे. मायके पक्ष ने मृतका के पति, देवर और ननद को पकड़ लिया. मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एमजीएम अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने ससुराल पक्ष को भी हिरासत में लिया और थाने ले गई जहां सभी से पूछताछ की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर दंतैल हाथी की मौत, जुटी भीड़

**चांडिल।** चांडिल-मुरी रेलखंड के लेटेमदा स्टेशन के करीब बुधवार की रात ट्रेनल से कटकर एक जंगली हाथी की मौत हो गई. ईचाडीह पुराना फाटक के सामने घटी घटना में दंतैल हाथी मरा है. सुबह इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे और हाथी की श्रद्धांजलि स्वरूप पूजा-अर्चना करने लगे. इसकी जानकारी देते हुए चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा ने बताया कि मृत हाथी झुंड से अलग घूम रहा था. बीती रात अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई. उन्होंने बताया कि मृत हाथी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. इसके बाद उसका दांत निकालने के बाद विधिवत अंतिम संस्कार किया जाएगा. उन्होंने बताया कि वन विभाग घटना की जांच कर रही है.चांडिल वन क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर हाथी के मरने की घटना बढ़ती जा रही है. इसके पूर्व 11 जून 2023 को चांडिल-मुरी रेलखंड पर गुंडा बिहार स्टेशन के निकट ट्रेन से कटकर हाथी के बच्चे की मौत हो गई थी. नवजात हाथी के बच्चे की उम्र करीब ढाई माह की थी. ट्रेन की चपेट में आने के बाद करीब 100 मीटर तक हाथी का बच्चा घसीटता हुआ चला गया था।

### जरीडीह में बाइक की डिक्की से बदमाशों ने उड़ाए 40 हजार

**बोकारो।** गांधीनगर ओपी क्षेत्र के जरीडीह बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने गुरुवार को अपराधियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. उचक्कों ने बैंक के पास खड़ी एक बाइक की डिक्की से 40 हजार रुपए उड़ा लिये. घटना के संबंध में गांधीनगर निवासी भास्कर सिंह ने बताया कि वह बैंक में पैसा जमा करने आए थे. बैंक में ज्यादा भीड़ के कारण वह बाइक खड़ी कर पास में ही किसी काम से चले गए. रुपयों से भरा बैग डिक्की में था. मौका पर उचक्कों ने बाइक की डिक्की से रुपयों का बैक उड़ा लिया. बैग में 40 हजार रुपए थे. बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे के खराब रहने के चलते चोरों का चेहरा उजागर नहीं हो सका। गांधीनगर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# कृष्ण मुरारी शर्मा और नरेश वर्मा को गिरिडीह सीजेएम कोर्ट से मिला बेल

### मोदी सरकार के तीन कृषि कानून के खिलाफ गिरिडीह में हुए आंदोलन में थे शामिल

#### देशभर में हुए आन्दोलन के बाद तीनों कृषि कानून मोदी सरकार को लेना पड़ा था वापस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मोदी सरकार के तीन काला कृषि कानून के खिलाफ गिरिडीह में हुए किसान आन्दोलन को लेकर मुकदमें में कांग्रेस नेता नरेश वर्मा और आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा को गुरूवार को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय के सीजेएम कोर्ट से बेल मिल गया। अधिवक्ता मीता ठाकुर ने दोनों नेताओं का कोर्ट में पैरवी किया। उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान संगठन के बैनर तले देश भर में तीन कृषि कानून के खिलाफ आन्दोलन आहूत किया गया था जिसके तहत 26 सितंबर 2021 को गिरिडीह में तीनों कृषि कानून को रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, भाकपा माले और आम आदमी पार्टी के नेताओं के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया था। इसी को लेकर नगर थाना गिरिडीह में प्राथमिकी संख्या 178/21 दर्ज किया गया था। जिसमें झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा, भाकपा माले नेता राजेश यादव और आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और लॉक डाउन का उल्लघंन का मामला दर्ज किया गया था। बताया कि किसान आंदोलन का परिणाम रहा कि तीनों काला कृषि कानून सरकार को वापस लेना पड़ा। लेकिन दुःख की बात यह है कि उस आन्दोलन में हजारों किसान शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों के लिए तीन काला कृषि कानून बनाया था जिसके खिलाफ देशभर में आन्दोलन हुआ था। और अंततः सरकार को तीनों काला कृषि कानून वापस लेना पडा था। श्री शर्मा ने कहा मुझे गर्व है कि मैं किसान आंदोलन का हिस्सा था। उन्होंने तीनों कानून की जानकारी देते हुए कहा कि पहला कानून - कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अधिनियम -2020, दूसरा कानून - कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अधिनियम 2020 और तीसरा कानून था- आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020, तीनों कृषि कानून की विस्तार से जानकारी देते हुए आप नेता ने कहा कि पहला कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अधिनियम -2020 के तहत देश के किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए सरकारी मंडी के सामानान्तर प्राइवेट मंडी की स्थापना करना था।

## सामान्य प्रेक्षक ने बगोदर तथा बिरनी प्रखंड में निर्वाचन की तैयारियों का किया निरीक्षण

### निर्धारित समय में निर्वाचन कार्य सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज समान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह ने निर्वाचन को लेकर किए जा रहे तैयारियों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में आज वो बगोदर व बिरनी प्रखंड पहुंचे थे।

जहां निर्वाचन को लेकर किए जा रहे तैयारियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों, क्लस्टर में बहाल बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया तथा हरेक मतदान केंद्र, पोलिंग स्टेशन तथा क्लस्टर में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता जागरूकता समूह की बैठक करने, मतदान केंद्रों पर स्वच्छ शौचालय व पेयजल पर विशेष ध्यान देने और आपसी समन्वय से कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय में निर्वाचन कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के साथ बैठक कर निर्वाचन संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बगोदर और बिरनी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सूबे के मंत्री ने क्षेत्र का दौरा कर कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना को जिताने के लिए गांडेय विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के कई नेता और मंत्री लागतार मेहनत कर रहे है गुरुवार को सूबे के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने प्रखंड के बडगुंडा, कुडलवादाह पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना का समय आ गया है। झारखंड के हक के लिए राज्य में झामुमो को वोट देकर कल्पना सोरेन को जीतने का काम करे। साथ में मौजूद राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद ने लोगो से मिलकर झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक निजामुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष फरदीन इम्तियाज अहमद,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, पूर्व मुखिया नसीर अंसारी,पंचायत समिति प्रतिनिधि कुतुबुद्दीन, मो नसीम,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिजली नहीं रहने को ले ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह गावां प्रखंड स्थित महेशपुर के ग्रामीणों ने विभाग के जेई व एसडीओ को आवेदन देकर माल्डा पंचायत के महेशपुर में बिजली नही रहने की शिकायत की है। आवेदन में कहा गया है कि 25 अप्रैल को उक्त गांव में रामचन्द्र यादव के घर से सिकेन्द्र यादव के घर तक 11 हजार वोल्ट के बिजली का तार गिर गया। हालांकि तार के नीचे किसी के नही रहने से बड़ा हादसा टल गया। उस समय से अबतक बिजली का तार नही बदले जाने से दर्जनों घरों के लोग बिजली से कट गए है। बिजली के नही रहने से एक तरफ जहां लोगो को भारी परेशानी हो रही है। वहीं पानी के बिना फसल भी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा यदि तार को नही बदला गया तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। आवेदन में कैलाश कुमार, सुरेश यादव, संदीप कुमार, रामचन्द्र महतो, प्रेम कुमार, परमेश्वर महतो, रवि प्रसाद यादव, मुकेश यादव, नन्दलाल यादव समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

## स्वीप कोषांग की बैठक में 13 से 18 मई तक गिरिडीह मतदान महोत्सव मनाने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
वरीय पदाधिकारी, (स्वीप कोषांग)-सह-अपर समाहर्ता, विजय सिंह बिरुआ की अध्यक्षता में स्वीप एक्टिविटी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कोषांग के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई। साथ ही लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने बताया कि दिनांक 13 मई से 18 मई 2024 तक गिरिडीह मतदान महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इस मतदान महोत्सव में सबकी सहभागिता होनी चाहिए। साथ ही इस महापर्व में अधिकाधिक संख्या में लोगों की भागीदारी होनी चाहिए ताकि इस महोत्सव को सफल बनाया जा सकें और जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप कोर कोषांग के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा बताया गया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु दिनांक 13 मई से 18 मई 2024 तक गिरिडीह मतदान महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से खण्डोली में प्रस्तावित है।

# दस का आंकड़ा नहीं छू पाएगी कांग्रेस, सैम पित्रोदा का बयान शांति भंग करने वाला : अन्नपूर्णा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
चुनावी दौरे के दौरान क्षेत्र के लोगों से मिल रही केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने सैम पित्रोदा के बहाने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला है। ईटीवी भारत से बात करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस को पता चल गया है कि वह जमीन पर कहीं नहीं है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों का गठबंधन इंडी एलायंस बनाया। लेकिन इससे भी उसे कोई फायदा नहीं हुआ।

अब जब कांग्रेस जमीन पर कहीं नहीं बची है, तो बेतुकी बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर सैम पित्रोदा शांति भंग करने वाले बयान देते हैं, यह सब जानबूझ कर किया जा रहा है।

कांग्रेस की हालत पागल जैसी हो गई है। वह खुद को कांग्रेस के आसपास भी नहीं पा रही है. कांग्रेस मुक्त बात कही जाती थी, इस बार कांग्रेस दहाई अंक भी नहीं ला पाएगी। देश की जनता कांग्रेस को समझ चुकी है और इंडी एलायंस को नकार चुकी है। इसलिए हताशा में इस तरह की बयानबाजी की जा रही है।



### रोजगार की दिशा में होगा बेहतर प्रयास

अन्नपूर्णा देवी ने क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि गिरिडीह कोडरमा रेल लाइन शुरू कराना दिवंगत सांसद रीतलाल प्रसाद वर्मा का सपना था। रेल लाइन शुरू हुई और गिरिडीह से रांची तक ट्रेनें भी चलने लगीं। कोडरमा क्षेत्र में आयुध कारखाना लगाने का उनका एक और सपना था। इस बार इस सपने को साकार करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पलायन रोकने के लिए क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए जाएंगे। चूंकि यह अभ्रक, पत्थर और कोयले का क्षेत्र है। इन क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने के प्रयास उनकी ओर से लगातार किए गए, लेकिन राज्य सरकार ने इसमें रोड़े अटकाए। लेकिन उनका पूरा प्रयास इन तीनों क्षेत्रों में नई जान फूंकने का रहेगा, ताकि लोगों का पलायन भी रुक सके।

### 14 मई को पीएम का कार्यक्रम

अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि 14 मई को बिरनी के पेशम में पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम है। नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं. लोग उन्हें देखने और सुनने के लिए उत्सुक हैं। 14 मई को जब पीएम कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में उतरेंगे तो लाखों की भीड़ जुटेगी। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में जा रही हैं तो लोगों को पीएम के आगमन का निमंत्रण भी दे रही हैं।

## डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**
पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने गुरुवार को काशीदा स्थित गेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर माहंती वह एकजुट होकर विजयी बनाने की अपील किया। डॉ. बलमुचू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की शिकायत है कि गठबंधन के प्रत्याशी कोई संपर्क नहीं स्थापित करते हैं। इससे कार्यकताओं में निराशा है। उन्होंने कहा कि वह जल्द प्रत्याशी के साथ बैठक कर कार्यकताओं की शिकायत दूर की जाएगी। डॉ बलमुचू ने भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विद्युत भरण महतो ने 10 वर्षों में एक भी ऐसा कार्य नहीं किया जिससे लोग उन्हें वोट दे। घाटशिला विधानसभा की बात करें तो भारत सरकार का उपक्रम आईसीसी कंपनी एवं कई कॉपर माइंस बंद पड़ा हैं इसे चालू करने की दिशा में कोई पहल नहीं किया। इससे यहां के लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। जानकारी मिली है कि इस कंपनी को भी अडानी ग्रुप को बेचने की फिराक में है यदि केंद्र में गठबंधन की सरकार बनती है तो बंद पड़े आईसीसी कंपनी एवं माइंस को खोला जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूलों को खोलने की मांग पर प्रभारी शिक्षा सचिव से मिले पासवा प्रदेश अध्यक्ष, मिला आश्वासन



**जमशेदपुर।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबे ने प्रभारी शिक्षा सचिव उमाशंकर से मुलाकात कर राज्य के सभी विद्यालयों को खोलने की मांग की। उन्होंने कहा की मौसम अभी सामान्य हो गया है और कुछ दिनों के बाद विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी होने वाली है। उन्होंने कहा की ऐसे में बच्चो की शिक्षा पर खराब असर पड़ रहा है। अगर गर्मी बढ़ती भी है तो विद्यालयों को पूरी तरह बंद करने की जगह समय कम कर दिया जाए।

### झारखंड जैसे रत्नगर्भा प्रदेश में पिछड़ापन होना मेरे समझ के परे है : सहस्त्रबुद्धि



**आदित्यपुर।** आज आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर सभागार में भाजपा का जन संपर्क अभियान सह बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्र बुद्धि शामिल हुए। अपने संबोधन में सहस्त्र बुद्धि ने कहा कि झारखंड जैसे रत्नगर्भा प्रदेश में पिछड़ापन होना मेरे समझ के परे है। उन्होंने कहा कि हमें की नई पीढ़ी के अपेक्षा का ध्यान रखकर नीतियां बनानी है। इसी फामूर्ले पर नरेंद्र मोदी 2014 से आगे बढ़ रहे हैं। उनका गवर्नेंस लाजवाब है। प्रधानमंत्री ने ऊंची आकांक्षाओं को बताया है। हम आज असहायों को दया की दृष्टि से नहीं बल्कि दिव्यांग के नाम से जान रहे हैं यह नरेंद्र मोदी की देन है। केवल बजट बनाने से काम नहीं होता है, उसके लिए नीतियां बनानी होती है जो नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग का निर्माण कर बनाया है।

### 'थैलेसीमिया मुक्त जमशेदपुर' मिशन पर जुटे हैं कई संगठन



**आदित्यपुर।** थैलेसीमिया मुक्त जमशेदपुर की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एक दृढ़ कदम उठाते हुए थैलेसीमिया मुक्त सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर ने मिशनः थैलेसीमिया मुक्त जमशेदपुर नामक जागरूकता अभियान की शुरूआत बुधवार को थैलीसीमिया दिवस पर की है. इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों में थैलेसीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने-अपने स्कूलों में जागरूकता फैलाने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है. इस प्रयास का उद्देश्य युवा जोड़ों को भविष्य में दर्द और असुविधा से बचने के लिए माता-पिता बनने का फैसला करने से पहले थैलेसीमिया परीक्षण करवाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है. अभियान की शुरूआती कार्यक्रम में प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. भरत ने स्कूली बच्चों को कुछ आंकड़ों से अवगत कराया और इस पहल की सराहना की। टीएफएसजे के अध्यक्ष शरत चंद्रन ने सभा को संबोधित किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर एक स्वैच्छिक संस्था है, जिसकी कोर टीम में वीबीडीए, जमशेदपुर ब्लड बैंक, कॉरपोरेट हाउस, रोटरी, लायंस, मेडिकल प्रोफेशनल्स, स्थानीय स्कूलों के प्रबंधन, प्रशिक्षित स्वयंसेवक आदि शामिल हैं।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने आरोपी जियलगोड़ा जोड़ापोखर निवासी अफरोज अंसारी को बीस वर्ष की सश्रम कैद व दस हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी अफरोज ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर होटल ब्लैक स्टोन ले गया. जहां उसके साथ दुष्कर्म किया. जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया. जब पीड़िता उससे शादी करने के लिए बोली तो अफरोज अंसारी ने साफ इंकार कर दिया. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 31 दिसंबर 2023 को अफरोज के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। 5 जनवरी 2024 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी।

झारखण्ड सरकार,
उत्पाद एवं मद्य निशेध विभाग

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को निश्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रामगढ जिला में कार्यरत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार का उत्पाद विशयक शिकायत वाट्सएप मोबाईल संख्या 9431393220, 7979942114, 7677774961, 9006273990, 8873531014 एवं 6202572062 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत होगा।

सूचना देनेवाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह0 / –
उपायुक्त, रामगढ

PR 324589 Excise(24-25)#D

आप चाहे जितने अच्छे शब्द बोल ले, ये शब्द आपका भला तब तक नहीं करेंगे जब तक आप इन्हें अपने जीवन में उपयोग में ना लाये : गौतम बुद्ध



# सड़कों की भीड़ कहीं जानलेवा न बन जाए

**देश** की राजधानी दिल्ली जब कोई पहली बार आता है तो लाखों गाड़ियों की भीड़ देखकर वह मंत्रमुग्ध हो जाता है और चंद दिनों में उसे लगता है कि नीला धुँवा उसका दम घोट रहा है। भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते मोटर वाहनों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार के परिवहन मंत्रालय के वाहन पोर्टल के अनुसार, आज देश में लगभग 37 करोड़ वाहन पंजीकृत हैं। वाहनों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है, जो वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है। मोटर वाहन वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के अलावा कई विषाक्त पदार्थ उत्सर्जित करते हैं, जो स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी, दोनों पर ही गंभीर प्रभाव डालते हैं। दिन-प्रतिदिन वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी के दो कारण हैं-आवश्यकता एवं महत्वाकांक्षा। ज्यादातर दोपहिया वाहन 'आवश्यकता', तो कई चौपहिया वाहन 'महत्वाकांक्षा' पूरी करने के लिए खरीदे जाते हैं। चौपहिया वाहन अधिकतर सिर्फ इसलिए खरीदे जाते हैं, ताकि सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़े। जिन लोगों के पास पहले से चौपहिया वाहन मौजूद हैं, वे अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा और बढ़ाने के लिए महंगी गाड़ियां खरीदते हैं। इस तरह परिवार के हरेक सदस्य के पास अपना चौपहिया वाहन होता है, जिन्हें वे बिना पुल किए सड़क पर चलाते हैं। सड़क पर वाहनों की सघनता और भीड़ बढ़ाने में ऐसे लोगों का प्रमुख योगदान होता है। हालांकि आज चौपहिया वाहन की खरीद पूरी तरह से महत्वाकांक्षा न होकर जरूरत भी बन गई है, खासकर ऐसे शहरों में, जहां सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ठीक नहीं है। लोग भीड़ से बचने के साथ-साथ अपना समय भी बचाना चाहते हैं। बहरहाल, सड़कों पर आज हर जगह जाम है और इस समस्या ने छोटे शहरों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। हर तरफ वाहनों का धुआं एवं शोर है। सभी सरकारें चाहती हैं कि वाहनों की बिक्री साल दर साल बढ़ती रहे। इसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन मानव स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी को जरूर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बढ़ते वाहनों से न सिर्फ हमारी सड़कें संकरी प्रतीत होती हैं, बल्कि सड़कों को चौड़ा करने तथा वैकल्पिक मार्ग व फ्लाईओवर इत्यादि बनाने का आर्थिक बोझ भी बढ़ने लगता है और फिर एक दिन बढ़ते ट्रैफिक के कारण ये वैकल्पिक मार्ग एवं फ्लाईओवर भी नाकाफी हो जाते हैं। सड़कों पर वाहनों की बेलगाम भीड़ और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ के चलते सड़क हादसे भी होते रहते हैं। ये वाहन पैदल चलने वालों के लिए भी खतरा बनते हैं। वर्ष 2022 में ही कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 1,68,491 लोगों की जानें गईं एवं 4,43,366 लोग घायल हुए। सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लगभग 67 फीसदी लोग 18-45 आयु वर्ग के थे, जबकि लगभग 84 फीसदी लोग 18 से 60 वर्ष की उम्र के कामकाजी लोग थे। हालांकि आजकल विद्युतीय वाहनों की चर्चा हो रही है। ऐसे वाहनों से वायु प्रदूषण से कुछ हद तक राहत तो जरूर मिल सकती है, परंतु सड़कों पर सघन यातायात से नहीं। ऐसा ही हाइड्रोजन आधारित वाहनों के लिए भी कहा जा सकता है। ऐसे में सड़कों पर वाहनों की भीड़ कम करने के क्या उपाय हैं? इसके लिए हम छोटी-छोटी दूरी पैदल या साइकिल से तय कर सकते हैं। अपना वाहन पूल कर सकते हैं तथा ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक यातायात प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाने के साथ हमें प्रकृति एवं आगामी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के बारे में भी सोचने की जरूरत है। बढ़ते वैश्विक तापमान को देखते हुए हमें स्वयं जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के उपाय करने होंगे। सरकार एवं नीति निर्माताओं को भी वाहनों की अंधाधुंध बिक्री एवं खरीद को विनियमित करने की जरूरत है। प्रत्येक परिवार के लिए जरूरत के हिसाब से एक या दो वाहनों को खरीदने की सीमा तय की जा सकती है। हालांकि इस बारे में सभी हितधारकों से सुझाव मांगकर विस्तृत रूपरेखा तैयार करनी होगी। इसके अलावा, बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' को सुदृढ़ करने पर जोर देना होगा। पिछले कुछ वर्षों में सड़कों के निर्माण पर अच्छा काम हुआ है, लेकिन सिर्फ सड़कें बिछाने से काम नहीं होगा। जरूरत है, उन सड़कों को सुरक्षित बनाने एवं नियमित परिवहन व्यवस्था चलाने की।

अक्षय तृतीया पर विशेष

# 'अक्षय तृतीया' पर किए गए सत्कर्म सदा 'अक्षय' रहेंगे


विजय केसरी



**हमारे** हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और मोक्ष प्राप्ति का महापर्व अक्षय तृतीय को कहा है। यह दिन कई मायने में बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज के ही दिन अजर, अमर अविनाशी भगवान परशुराम का प्रादुर्भाव हुआ था। ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का भी प्रादुर्भाव आज के ही दिन हुआ था। जैन धर्म के आदिनाथ भगवान आज के ही दिन आहार ग्रहण किया था। भारत वर्ष में मनाए जाने वाले सभी पर्वों का एक ही संदेश होता है, अपने-अपने सत्कर्म के द्वारा से पुण्य अर्जित करना। हिंदू धर्म ग्रंथ के अनुसार ईश्वर ने इस धरा पर चौरासी लाख योनियों को उत्पन्न किया है। उसमें मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ योनी की श्रेणी में रखा है। ईश्वर ने अन्य योनियों की तुलना में मनुष्य को बुद्धि और विवेक की दृष्टि में श्रेष्ठ बनाया है। इस योनी में उत्पन्न होकर मनुष्य सत्कर्म कर मोक्ष को भी प्राप्त कर सकता है। ऐसा हिंदू धर्म ग्रंथ कहते हैं। भारत में पर्वों की लंबी श्रृंखला है, इसमें अक्षय तृतीया महापर्व एक विशेष स्थान रखता है। हमारे धर्म ग्रंथ कहते हैं कि इस दिन जो भी मनुष्य दान अथवा सत्कर्म करते हैं, वह अक्षय होता है। इस पवित्र दिन सत्कर्म से प्राप्त फल का कभी क्षय नहीं होता है। अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय के दिन मनाया जाता है। इस दिन हिंदू धर्मावलंबी दान और पुण्य कर्म करते हैं। ताकि उनका यह पुण्य कर्म अक्षय रहे। यह अक्षय सत्कर्म, उसके लिए इस आवागमन के चक्र में सहायक बन कर मार्ग को प्रशस्त कर सके। इस महापर्व की एक मान्यता यह भी प्रचलित है कि इस दिन जो भी लोग सोना, चांदी एवं अन्य कीमती धातु की खरीद करेंगे, ये धन अक्षय रहेगें। वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम का भी प्रादुर्भाव हुआ था। आज भी भगवान परशुराम एक जीवित देवता के रूप में पूजे जाते हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया एक पवित्र पर्व है। इस पर्व पर दान एवं अन्य सत्कर्म पवित्र मन से करना चाहिए। मन को पंच विकारों से मुक्त कर दान - पुण्य करना चाहिए। इस पर्व के संदर्भ में कई कर्मकांड प्रचलित हैं। उनमें कुछ विशिष्ट बातों का जिक्र यहां कर रहा हूं। अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर समुद्र व गंगा में स्नान करके और शान्त चित्त होकर, भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करने का प्रावधान है। नैवेद्य में जौ व गेहूँ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित किया जाता है। तत्पश्चात फल, फूल, पात्र, तथा वस्त्र आदि दान करके ब्राह्मणों को दक्षिणा दी जाती है। ब्राह्मण को भोजन करवाना कल्याणकारी समझा जाता है। मान्यता है कि इस दिन सत्तू अवश्य खाना चाहिए। लोगों को नए वस्त्र और आभूषण पहनना चाहिए। गौ, भूमि, स्वर्ण पात्र इत्यादि का दान भी इस दिन किया जाता है। यह तिथि वसंत ऋतु के अन्त और ग्रीष्म ऋतु का प्रारम्भ का दिन भी है। इसलिए अक्षय तृतीया के दिन जल से भरे घड़े, कुल्हड, सकोरे, पंखे, खडाऊँ, छाता, चावल, नमक, घी, खरबूजा, ककड़ी, शक्कर, साग, इमली, सत्तू आदि घर्मी में लाभकारी वस्तुओं का दान पुण्यकारी माना गया है। इस दान के पीछे यह लोक विश्वास है कि इस दिन जिन-जिन वस्तुओं का दान किया जाएगा, वे समस्त वस्तुएँ स्वर्ग व अगले जन्म में प्राप्त होगी। इस दिन लक्ष्मी नारायण की पूजा श्वेत कमल अथवा श्ववेत पाटल व पीले पाटल से करनी चाहिये। अर्थात सभी महीनों की अक्षय तृतीया में श्वेत पुष्प से किया गया पूजन प्रशंसनीय माना गया है। ऐसी भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा विशेष फलदायी मानी गई है। इस दिन किया गया आचरण और सत्कर्म अक्षय रहता है। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है, सतयुग और त्रेता युगका प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है। एक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम जी का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। इस दिन श्री बद्रीनाथ जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। श्री लक्ष्मी नारायण के दर्शन किए जाते हैं। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनः खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में भी केवल इसी दिन श्री विग्रह के चरण दर्शन होते हैं, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढके रहते हैं।]जी.एम. हिंगे के अनुसार तृतीया 41 घटी 21 पल होती है तथा धर्म सिन्धु एवं निर्णय सिन्धु ग्रन्थ के अनुसार अक्षय तृतीया 6 घटी से अधिक होना चाहिए। पद्म पुराण के अनुसार इस तृतीया को अपराह्न व्यापिनी मानना चाहिए। द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से प्रारम्भ किए गए कार्य अथवा इस दिन को किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता। मदनरत्न के अनुसारः 'अस्यां तिथौ क्षयमुर्पति हुतं न दत्तं। तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया उद्दिष्य दैवतपितृन्क्रियते मनुष्यैः। तत च अक्षयं भवति भारत सर्वमेव॥ अक्षय तृतीया की अनेक व्रत कथाएँ प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक धर्मदास नामक वैश्य था। उसकी सदाचार, देव और ब्राह्मणों के प्रति बहुत श्रद्धा थी। इस व्रत के माहात्म्य को सुनने के पश्चात उसने इस पर्व के आने पर गङ्गा में स्नान करके विधिपूर्वक देवी-देवताओं की पूजा की, व्रत के दिन स्वर्ण, वस्त्र तथा दिव्य वस्तुएँ ब्राह्मणों को दान में दी। अनेक रोगों से ग्रस्त तथा वृद्ध होने पर भी उसने उपवास करके धर्म-कर्म और दान पुण्य किया। यही वैश्य दूसरे जन्म में कुशावती का राजा बना। कहते हैं कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए दान व पूजन के कारण वह बहुत धनी प्रतापी बना। वह इतना धनी और प्रतापी राजा था कि त्रिदेव तक उसकी सभा में अक्षय तृतीया के दिन ब्राह्मण का वेष धारण करके उसके महायज्ञ में सम्मिलित होते थे। अपनी श्रद्धा और भक्ति का उसे कभी घमण्ड नहीं हुआ और महान वैभवशाली होने पर भी वह धर्म मार्ग से विचलित नहीं हुआ। माना जाता है कि यही राजा आगे चलकर राजा चंद्रगुप्त के रूप में जन्मा था। स्कंद पुराण और भविष्य पुराण में उल्लेख है कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु ने परशुराम रूप में जन्म लिया। कोंकण और चिप्लून के परशुराम मंदिरों में इस तिथि को परशुराम जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। दक्षिण भारत में परशुराम जयन्ती को विशेष महत्त्व दिया जाता है। परशुराम जयन्ती होने के कारण इस तिथि में भगवान परशुराम के आविर्भाव की कथा भी सुनी जाती है। इस दिन परशुराम जी की पूजा करके उन्हें अर्घ्य देने का बड़ा माहात्म्य माना गया है। सौभाग्यवती स्त्रियाँ और क्वारी कन्याएँ इस दिन गौरी-पूजा करके मिठाई, फल और भीगे हुए चने बाँटती हैं, गौरी-पार्वती की पूजा करके धातु या मिट्टी के कलश में जल, फल, फूल, तिल, अन्न आदि लेकर दान करती हैं। मान्यता है कि इसी दिन जन्म से ब्राह्मण और कर्म से क्षत्रिय भृगुवंशी परशुराम का जन्म हुआ था। एक कथा के अनुसार परशुराम की माता और विश्वामित्र की माता के पूजन के उपरान्त प्रसाद देते समय ऋषि ने प्रसाद परिवर्तित कर दे दिया था। जिसके प्रभाव से परशुराम ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रिय स्वभाव के थे और क्षत्रिय पुत्र होने पर भी विश्वामित्र ब्रह्मर्षि कहलाए। उल्लेख है कि सीता स्वयंवर के समय परशुराम जी अपना धनुष बाण श्री राम को समर्पित कर संन्यासी का जीवन बिताने अन्यत्र चले गए थे। अपने साथ एक परशु रखते थे, तभी उनका नाम परशुराम पड़ा। वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीय का दिन सबसे पवित्र दिन के रूप में हमारे हिंदू धर्म ग्रंथों ने स्वीकार किया है। इस दिन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए हर हिंदू धमार्लंबियों को सत्कर्म करना चाहिए। यह सत्कर्म उनके जीवन का सबसे उत्कृष्ट सत्कर्म के गिना जाएगा। भगवान परशुराम का प्रादुर्भाव भी इस दिन हुआ था। इसलिए इस दिन की महत्ता और भी बढ़ जाती है। हम सब मिलजुल कर अक्षय तृतीय के दिन पंच विकारों से मुक्ति का संकल्प लें। यह जीवन सफल हो जाएगा। बार-बार हम सब विभिन्न योनियों में जो जन्म लेते हैं, उस आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाएंगे।

**( कथाकार / स्तंभकार)**
**पंच मंदिर चौक, हजारीबाग -825301.**

## आपकी बात

### यह परिवर्तन है या आधुनिकता का प्रभाव

**अभी** के समय में पानी बोतलों में बिक रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां नमक बेच रही हैं। झाड़ू का प्रचार टीवी और अखबारों में हो रहा है। फिल्म स्टार पेन बाम से लेकर लेमनचूस का प्रचार भी करने में लगे हैं। फिल्मों से कलाकार राजनीति में आ रहे हैं, इसमें कुछ सफल और कुछ असफल भी हो रहे हैं। नदियों का पानी प्रदूषित हो रहा है। लेकिन, लोग फैक्ट्री की मांग कर रहे हैं। बिहार और झारखंड की स्थिति थोड़ी अलग है, लेकिन लोगों की सोच लगभग एक सी है। बचपन में हमलोगों ने कभी नहीं सोचा था कि बस और ट्रक बनाने वाली कंपनी नमक बेचेगी। नमक इतना सस्ता था कि बाजार में अगर खीरा-ककड़ी खरीदें तो किसी दुकान से नमक की ढेर से नमक उठा लें तो कोई टोकता भी नहीं था। उधर, शहर में साइकिल से ज्यादा बाइक देखने को मिल रहा है। फिर भी गरीबी की मार से लोगों को पीड़ित बताया जा रहा है। अब यह शौक है या मजबूरी या फिर दिखावा, इससे जानना जरूरी भी नहीं है। नये खुले मॉल में युवाओं की भीड़ कुछ और बता रही है। समाज में एक समाज द्वारा त्याज्य व्यापार को अगर दूसरे लोग करने लगे, उसमें प्रगति करने वाले लोग भी सभ्य समाज के निशाने पर आ जाते हैं। कुछ लोग इस बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं। समय इतनी तेजी से बदल रहा है कि लोग समझ नहीं पाते हैं कि प्रगति क्या है? आधुनिकता को प्रगति का पैमाना माना जा रहा है। मोबाइल का बटन दबाने के कुछ समय बाद ही खाना आपका घर पर पहुंच जा रहा है। अब लोग घर में खाना बनाना नहीं चाहते हैं। रसोई में सील-बट्टे जैसे उपकरण गायब हो गए हैं। अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है। लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। लोग पान खाने और चाय पीने के लिए भी दो पहिया का इस्तेमाल कर रहे हैं और बात हो रही है पेट्रोल की बढ़ती हुई कीमत की। इस बात को लेकर टीवी से लेकर पान की दुकान पर बहस हो रही है। समाज ब्लेक एंड व्हाइट के जमाने से रंगीन टीवी पर आ गया है। सभी के हाथों में आधुनिक मोबाइल हैं। इंटरनेट के कारण लोग देश- दुनिया से जुड़ गए हैं। चिट्ठी -पत्र आदि अपना आस्तित्व खो चुके हैं। नये वर्ष में ग्रिटिंग कार्ड का पुराने जमाने की बात हो गई है। अब इसे आधुनिकता का प्रभाव कहें या फिर परिवर्तन। यह परिवर्तन संतुलित नहीं है।

**– आलोक शर्मा, मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# भारतीय लोकतंत्र की ताकत है मतदान



आर.के. सिन्हा

**आज** जब देश के बहुत बड़े भाग में सूरज देवता आग उगल रहे हैं, तब लोकसभा चुनाव के लिए जनता मतदान करने के लिए अपने घरों से निकल रही है। भारत के कई राज्यों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर हो गया है। इसके साथ ही लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात तो नहीं मानी जा सकती है। इसलिए प्रचार भी सुबह या शाम को ही संभव हो पाता है। दोपहर के समय तो मात्र रणनीति ही बनाई जा सकती है। बावजूद इसके इतने गर्म मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे हैं। यह सुखद भी है और यह हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी।

> **इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात तो नहीं मानी जा सकती है। इसलिए प्रचार भी सुबह या शाम को ही संभव हो पाता है।**

इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। बेहतर होगा कि मतदाता सुबह जल्दी ही अपने मताधिकार का प्रयोग करके घर वापस आ जाएं। उन्हें मतदान केन्द्रों में जाते वक्त अपने साथ पानी की बोतलें जरूर रख लेनी चाहिए। मुंह-सिर ढकने के लिए एक गमछा भी सही रहेगा। आप जानते हैं कि भारत में लोकसभा चुनाव आमतौर पर हर पांच साल में अप्रैल और मई में होता है और मतदाता और मतदान अधिकारी कठोर गर्मी से निपटने के आदी हैं। लेकिन, इस साल, भारत रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का मुकाबला कर रहा है। पिछले महीने, देश में भीषण गर्मी के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी। चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पश्चिमी राज्य महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेहोश हो गए थे, बाद में उन्होंने बताया कि भीड़ भरे स्थान और उच्च तापमान के कारण उन्हें असहज महसूस हुआ था। इससे कुछ दिन पहले, पूर्वी शहर कोलकाता में, जहां तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था, एक खबरिया चैनल की एंकर मौसम अपडेट प्रस्तुत करते समय बेहोश हो गई थी। बाद में उसने बताया कि स्टूडियो का कूलिंग सिस्टम खराब हो जाने के कारण बहुत गर्मी हो जाने के कारण ऐसा हुआ। चुनाव अधिकारी मतदान केंद्रों पर पेयजल की आपूर्ति करके और मतदान का समय बढ़ाकर इससे निपटने के लिए कदम तो उठा रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से


Deo Bihari Sharma
7 h ·


जंग अपनो से है, तो हार जाना ।
(2,)
..............................
आंसू अपनों ने दिया,औरों से कहां मिला ?
है चलन में दुनिया में ,यह पुरानी सिलसिला
जिसे तुमने जमाने से सदा महफूज रखा,
लेकर वही तलवार तुमपर जंग छेड़ा ,
तो भी हो सके,उसके सितम बिसार देना ।
जंग अपनो से है, तो हार जाना ।

अकेले तुम नहीं, जिसपर ये खंजर आज चमके हैं।
अकेले तुम नही, जिसपर ये भीषण आग बरसे हैं।
रीत उतनी पुरातन है, जितनी इंसानी तहजीबें।
जो जीता सारी दुनिया से, वो घर में हार जाता है ।
कभी वो दिल से अपने थे,माना आज दुश्मन हैं,
फिर भी भूलकर नफरत, सभी को प्यार देना ।
जंग अपनो से है, तो हार जाना ।

जिस बंजर को तुमने खुशनुमा गुलशन बनाया था ।
ईंट एक-एक जोड़कर कर, अपना घर बनाया था ।
क्या हुआ जो बेदखल हो, उस घर से तुम निकले।
जिनपर तुम्हे था नाज ,वे सारे बेवफा निकले।
वो जुल्मों की कहानी भूल जाना,प्यार देना ।
दरिंदों के लिए भी प्रेम का संसार देना।
जंग अपनो से है, तो हार जाना ।
@डी बी शर्मा ।

You, Nirantar Narayan and 4 others 1 comment
Like Comment Send Share

## X - से




# नासूर बनते बाल विवाह


रमेश सर्राफ धमोरा

**हमारे** देश में प्राचीन समय से कुछ ऐसी प्रथाएं चली आ रही हैं, जिनका लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इनमें बाल विवाह भी एक हैं। किसी भी बच्चे की शादी उसके निश्चित आयु से पहले यानी बाल्यकाल में होना बाल विवाह कहलाता है। यह एक रूढ़िवादी प्रथा है। यह प्रथा बच्चों की सारे मनवा अधिकारों को खत्म कर देता है। जैसे- खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि के अधिकारों को समाप्त कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है। प्राचीन सभी प्रथाओं में बाल विवाह सबसे बड़ा कुप्रथा है, क्योंकि कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है। साथ ही वह अपने शिक्षा और खेलकूद के अधिकारों आदि से वंचित रह जाते हैं। इस कुप्रथा का शिकार ज्यादातर कम उम्र की लड़कियां होती है। बाल्यकाल में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# कोलकाता का कालीघाट मंदिर

वहीं कालीघाट मंदिर में गुप्त वंश के कुछ सिक्के भी मिले थे जिसके बाद ये पता चला कि गुप्त काल के दौरान भी इस मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता था। **कालीघाट मंदिर में देवी की अद्भुत प्रतिमा स्थापित है**

कोलकाता के कालीघाट मंदिर में देवी काली की प्रचण्ड रूप की प्रतिमा स्थापित है। इस प्रतिमा में देवी काली भगवान शिव की छाती पर पैर रखे नजर आ रही हैं और उनके गले में नरमुंडों की माला है, उनके हाथ में कुछ कुल्हाड़ी और कुछ नरमुंड हैं, कमर में कुछ नरमुंड भी बंधे हुए हैं। उनकी जीभी बाहर निकली हुई है और जीभ से कुछ रक्त की बूंदे टपक रह हैं। गौरतलब है कि प्रतिमा में मां काली की जीभ स्वर्ण से बनी हुई है। **पहले भागीरथी के किनारे था कालीघाट मंदिर**



कोलकाता का कालीघाट मंदिर पहले हुगली नदी (भागीरथी) के किनारे स्थित हुआ करता था लेकिन समय के साथ भागीरथी दूर होती चली गई और अब कालीघाट मंदिर आदिगंगा नहर के किनारे स्थित है तो अंततः हुगदी नदी से जाकर मिलती है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# गर्मी में ओवरहीटिंग से फट सकता है आपका स्मार्टफोन

**आम** जिंदगी के कई सारे जरूरी काम अब हम इसी स्मार्टफोन से करते हैं। अगर हमारा स्पोर्टफोन काम करना बंद कर दे तो हमारे कई सारे काम रुक सकते हैं। गर्मी आ चुकी है और गर्मी से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान होता है बल्कि हमारा ये स्मार्टफोन भी पेरशानियां झेलता है। स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। आम जिंदगी के कई सारे जरूरी काम अब हम इसी स्मार्टफोन से करते हैं। अगर हमारा स्पोर्टफोन काम करना बंद कर दे तो हमारे कई सारे काम रुक सकते हैं। गर्मी आ चुकी है और गर्मी से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान होता है बल्कि हमारा ये स्मार्टफोन भी पेरशानियां झेलता है। इसमें कई तरह की दिक्कतें आने लगती हैं। गर्मी में हमें स्मार्टफोन को एक्स्ट्रा देखभाल की जरूरत पड़ती ही है। हर एक स्मार्टफोन में थोड़ी बहुत हीटिंग होती ही है लेकिन गर्मियों के मौसम में ये समस्या कुछ ज्यादा देखने को मिलती है। अगर आपका फोन थोड़ा पुराना हो चुका है और वह ओवर हीट कर रहा है तो



आपको सावधान हो जाना चाहिए। आपको इस मौसम में पोन का हीटिंग को जरा भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर फोन ज्यादा गर्म हो जाता है तो हो सकता है कि इसकी बैटरी ब्लास्ट कर जाए और इससे आपको भारी नुकसान हो सकता है। अगर आपका भी स्मार्टफोन थोड़ी देर इस्तेमाल करने पर ओवरहीट होने लगता है तो हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीके बताने जा रहे हैं जिससे आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कुलगाम में 40 घंटे के बाद मुठभेड़ खत्म, तीन आतंकी हुए ढेर

**एजेंसी। श्रीनगर**

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में लगभग 40 घंटे के बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ खत्म हो गई है। सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना के चिनार कोर ने एक्स पर बताया कि कुलगाम के सामान्य क्षेत्र रेडवानी पाइन में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। साथ ही तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। रेडवानी इलाके में सोमवार से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार शाम को एक और आतंकी को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उसका



साथी फहीम अहमद बाबा मारा गया था।

सूत्रों के अनुसार, सोमवार रात इलाके में तीन आतंकियों बासित अहमद डार, फहीम अहमद बाबा और मोमिन की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था।

### पुंछ हमले में शामिल तीन आतंकियों के फोटो सामने आए

पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में लश्कर-ए-ताइबा का कमांडर अबू हमजा समेत तीन से ज्यादा आतंकी शामिल थे। सीसीटीवी में कैद तीन दहशतगर्दों की तस्वीरें बुधवार को वायरल हो गईं। एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि शनिवार को हुए हमले में आतंकी 20 मिनट तक अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। पुंछ के डन्ना शाहस्तार में हुए हमले में शामिल तीन आतंकियों के फोटो सामने आए हैं। इनमें लश्कर का पाकिस्तानी कमांडर अबू हमजा, पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इलियास फौजी व पाकिस्तानी दहशतगर्द हदून नजर आ रहा है। पूर्व कमांडो कई वर्षों तक पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और आतंकी संगठनों की साझा बैट टीम बार्डर एक्शन टीम में काम कर चुका है।

सुरक्षाबलों को आशंका है कि यही आतंकी राजोरी में भी अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए घटनाओं को अंजाम देने में शामिल हैं। इनके फोटो सामने आने से एक बार फिर जम्मू -कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ाने में पाकिस्तान के शामिल होने का प्रमाण मिला है। इन तस्वीरों के आधार पर फोटो के आधार पर सुरक्षाबलों ने जल्द ही इन आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।

### मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकी की पहचान हुई



**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकी की गुरुवार को पहचान कर ली गई। पुलिस ने बताया कि कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकवादी की पहचान श्रीनगर शहर में ईदगाह इलाके के निवासी गुलजार अहमद मीर के बेटे मोमिन गुलजार मीर के रूप में हुई है। बुधवार को कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल पर फायरिंग शुरू हुई थी। पुलिस ने बताया कि इलाके को सील कर दिया गया और एकमात्र जिंदा आतंकवादी को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन शुरू किया गया। वह बुधवार शाम मारा गया। इससे पहले सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ स्थल पर टीआरएफ के टॉप कमांडर बासित डार समेत दो आतंकवादियों को मार गिराया था। कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के कारण उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था।

**शराब नीति घोटाला मामला**

## सीएम केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करेगा ईडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकता है। यह पहली बार होगा जब मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम चार्जशीट में होगा। फिलहाल अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूरक आरोपपत्र दाखिल कर सकता है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को कथित दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था।

**सैम की नस्लीय टिप्पणी पर बोले रविशंकर प्रसाद**

## अब क्यों चुप हैं सोनिया राहुल, प्रियंका और लालू

**एजेंसी। पटना**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने सैम पित्रोदा के भारत पर की गई नस्लीय टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि उन्हें बयान दिए एक दिन हो गए, लेकिन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, लालू यादव सहित सभी विपक्षी पार्टियों के तमाम नेता चुप क्यों हैं? रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष के नेताओं ने कुछ नहीं कहा। सैम पित्रोदा ने भारत को शर्मसार किया है। भारत को लेकर नस्लीय टिप्पणी की। कांग्रेस ने केवल चुपचाप सैम पित्रोदा का इस्तीफा ले लिया। यह चुप्पी बताती है कि सैम पित्रोदा के बयान को





इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं का मौन समर्थन है। उन्होंने आगे कहा कि सैम पित्रोदा राजीव गांधी के बाद राहुल गांधी के भी सलाहकार हैं। गांधी परिवार के सदस्य भी हैं, जिस तरीके का बयान उन्होंने दिया है, उससे पूरा देश शर्मसार है और इसका जवाब कांग्रेस अभी तक क्यों नहीं दे रही है। भारत एक है। यहां की सांस्कृतिक इतिहास को समझने की आवश्यकता है। पित्रोदा का बयान भारत का अपमान है।

# बढ़ती मुस्लिम आबादी का पहला प्रभाव एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण पर

### 9 राज्यों और कई दर्जन जिलों में हिंदू समुदाय अब अल्पसंख्यक हो गया

### पूरे देश में कोई जिला या राज्य ऐसा नहीं है जहां मुसलमानों की आबादी घटी हो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 फीसद की कमी व मुसलमानों की आबादी में 43.15 फीसद बढ़ोतरी पर भाजपा ने चिंता जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने देश में तेजी से बढ़ती मुस्लिम आबादी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों को यह बताना चाहिए कि जब वह आबादी के आधार पर आरक्षण देने की बात करते हैं तो आखिर किसका हिस्सा काटकर मुसलमानों को आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल साफ है कि मुस्लिमों की बढ़ती आबादी का पहला प्रभाव एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण पर पड़ने जा रहा है और ये दल इन्हीं लोगों से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अन्य समुदाय की आबादी तो जन्म के आधार पर बढ़ रही है, लेकिन देश में मुस्लिम आबादी तीन तरीकों से बढ़ रही है- पहला जन्म के आधार पर, दूसरा धर्मांतरण के आधार पर और तीसरा घुसपैठ के आधार पर और इन तीनों ही मामले में इंडी गठबंधन के दल इन्हें सेक्युलर कवर और समर्थन देते हैं।



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देने का मुद्दा कांग्रेस, लालू यादव और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने उठाया था, भाजपा ने नहीं। इन आंकड़ों पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह आंकड़े आए नहीं हैं। यह वैसा सच है जो सबको पता है और पिछले एक दशक से सबको पता है। उन्होंने कहा कि देश के 9 राज्यों और कई दर्जन जिलों में हिंदू समुदाय यूं ही अल्पसंख्यक नहीं हो गया है। असदुद्दीन ओवैसी द्वारा मुस्लिम समुदाय की फर्टिलिटी रेट कम होने के बयान को खारिज करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि आंकड़े सबके सामने हैं। देश में कोई जिला या राज्य ऐसा नहीं है जहां मुस्लिमों की आबादी घटी हो।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून

इस संबंध में पूछे गए सवाल पर सुधांशु ने कहा कि जो लोग जनसंख्या के विस्फोट में अपनी तात्कालिक राजनीति की संभावनाएं देखते हैं, भले ही दीर्घकालिक भविष्य में देश का कुछ भी हो तब तक इस गंभीर विषय पर सभी दलों में आम सहमति बन पाना एक चुनौती रहेगी। यह एक ऐसा विषय है जिसमें देश के जन-जन को और सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर एक विचार बनाना चाहिए।

### बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनावी चाल बताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एम) और कांग्रेस सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने 1950 से 2015 तक अल्पसंख्यकों के मुकाबले हिंदुओं की आबादी कम होने के संबंध में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की जारी रिपोर्ट के समय पर सवाल उठाया है। इन राजनीतिक दलों ने ईएसी-पीएम रिपोर्ट को लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक चाल बताया। सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो के सदस्य और पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट जारी करने के बजाय सरकार को जनगणना करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस के एजेंडे के तहत चुनाव के बीच यह रिपोर्ट जारी की गई है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य समीरुल इस्लाम ने कहा कि चुनाव के बीच जारी इस रिपोर्ट से पता चलता है कि बीजेपी में हार का डर बैठ गया है। भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्य शुभंकर सरकार ने कहा, 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में हिंदू आबादी में वृद्धि मुसलमानों की तुलना में अधिक थी।

### हिंदुओं की घटती आबादी कांग्रेस की तुष्टीकरण का नतीजा : गिरिराज

**बेगूसराय।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता व बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने भारत में घटती हिंदुओं की आबादी पर कहा कि ये कांग्रेस की तुष्टीकरण का नतीजा है। मैं तो कहता हूं कि मुस्लिम आबादी 14 नहीं, बल्कि 20 फीसद के आसपास पहुंच चुकी है। अगर समय रहते इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो आगामी दिनों में हम सभी को इसके दुष्परिणाम से गुजरना होगा।

### अमित मालवीय ने कहा हिंदुओं की आबादी घटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** 1950 से 2015 के बीच देश में हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी होने पर चिंता जाहिर करते हुए भाजपा ने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने इससे जुड़ी खबर को एक्स में शेयर कर कहा कि दशकों के कांग्रेस शासन ने हमारे साथ यही किया। उन्हें छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं होगा।

### मुस्लिमों से अल्पसंख्यक दर्जा वापस लें : विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने तेजी से बढ़ती मुस्लिम आबादी को देश के लिए घातक बताते हुए समान जनसंख्या नीति बनाने की मांग की है। विहिप ने इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय से अल्पसंख्यक का दर्जा वापस लेने और चुनाव आयोग से धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कहने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने ईएसी-पीएम के रिपोर्ट को चौंकाने वाला बताया। उन्होंने कहा इसके अंदर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए शामिल नहीं है, इसके अंदर मुस्लिम समुदाय का वह वर्ग भी शामिल नहीं है जो अपने आपको जनगणना जैसी गतिविधियों से दूर रखता है। इन सबको मिल दिया जाए तो यह वृद्धि देश के लिए चिंताजनक है। विहिप नेता ने कहा कि मुस्लिम समाज की बढ़ती आबादी उनमें आक्रामकता का निर्माण कर रही है। इसलिए वह कभी कहते हैं कि 70 प्रतिशत हिंदुओं को गंगा में बहा देंगे, तो कभी कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर हटाकर वहां बाबरी मस्जिद बना देंगे।

### इजरायल वॉर कैबिनेट करेगी बंधक समझौते और अस्थायी युद्धविराम पर चर्चा

**तेल अवीव।** हमास और इजरायल के बीच अस्थायी युद्धविराम समझौते और बंधकों के मुद्दे पर चर्चा के लिए इजरायल वॉर कैबिनेट की गुरुवार को बैठक होगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट, बेनी गैंट्ज और अन्य नेता वॉर कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेंगे। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि वे काहिरा में होने वाली शांति वार्ता में हिस्सा लेंगे। पीएम नेतन्याहू ने दौरे पर आए सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स से कहा कि रफा ऑपरेशन को रोका नहीं जाएगा। इजरायल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आईडीएफ याह्या सिनवार की तलाश में है और उसके मारे जाने या पकड़े जाने तक चैन से नहीं बैठेगा। इजरायलियों ने सीआईए प्रमुख को बताया है कि सिनवार रफा में सुरंगों में छिपा हुआ है और सैन्य कार्रवाई के बिना उसे मारना या पकड़ना संभव नहीं होगा।

# दूसरे दिन भी रद्द हुईं एयर इंडिया की 74 उड़ानें, कई कर्मचारियों की छुट्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू के एक साथ बीमारी की छुट्टी पर चले जाने के कारण गुरुवार को भी 74 उड़ानें रद्द हुईं। सूत्रों से ये जानकारी दी गई। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की कुल 292 उड़ानें थीं, जिसमें से 74 रद्द हुई हैं। वहीं, नाम न बताने की शर्त पर एक केबिन क्रू ने बताया कि एयरलाइन ने इसके जवाब में करीब 20 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। जानकारी के मुताबिक, नौकरी की सुरक्षा, वेतन संरक्षण और वरिष्ठता और विशेषज्ञता की मान्यता को लेकर किए गए वादे में विचलन देखने को मिला है, जिसके कारण कर्मचारी एक साथ बीमारी की





छुट्टी पर चले गए हैं। एयरलाइन के केबिन क्रू का प्रतिनिधित्व करने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संगठन ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को टाटा ग्रुप द्वारा कंपनी के अधिग्रहण के बाद आ रही कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को लेकर एक पत्र भी लिखा था, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड की मौजूदा स्थिति के बारे में बताया गया था। यूनियन ने पत्र में आरोप लगाया गया कि एयरलाइन के कुप्रबंधन और स्टाफ के साथ अनुचित व्यवहार के कारण कर्मचारियों के मनोबल में कमी आई है।

वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस के सीईओ आलोक सिंह ने कर्मचारियों के लिखे पत्र में कहा है कि यह एयरलाइन के अन्य 2,000 कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, जो अपनी ड्यूटी कर रहे हैं और पूरे गर्व के साथ यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। पत्र में सिंह ने लिखा, पिछली शाम से 100 से ज्यादा केबिन क्रू छुट्टी पर चले गए हैं, जिससे एयरलाइन का संचालन प्रभावित हुआ है। इसमें ज्यादातर एल1 रोल में शामिल कर्मचारी हैं, जिसके कारण 90 से ज्यादा उड़ानों को रद्द करना पड़ा।

## पीएम के बारे में आपत्तिजनक बयान देने पर राऊत के विरुद्ध मामला दर्ज



**एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक बयान देने पर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत के विरुद्ध संभाजीनगर जिले के पुंडलिक नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद राठोड़ ने गुरुवार को मामला दर्ज करवाकर संजय राऊत को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। प्रमोद राठोड ने बताया कि संजय राऊत ने अहमदनगर जिले में प्रधानमंत्री को दफनाने की बात की थी। इससे संवैधानिक पद बैठे प्रधानमंत्री मोदी का अपमान हुआ है और देश की जनता की भावनाएं भी आहत हुई हैं। प्रमोद राठोड़ ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान संजय राऊत का दिमागी स्तर बिगड़ गया है और वे इसी तरह की बेमतलब बयानबाजी करने लगे हैं। इसी मामले को लेकर भाजपा प्रवक्ता राम कुलकर्णी ने बीड जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर संजय राऊत पर कार्रवाई करने की मांग की है। राम कुलकर्णी ने कहा कि संजय राऊत की ओर से पीएम को दफनाने वाले बयान से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए राऊत पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**दमदमी टकसाल मेहता के मुखिया का बयान, कहा**

## पांच बच्चे पैदा करें सिख, एक खुद रखो, बाकी चार हमें दे दो



**एजेंसी। अमृतसर (पंजाब)**

दमदमी टकसाल मेहता के मुखी बाबा हरनाम सिंह धुम्मा के एक बयान पर विवाद शुरू हो गया है। धुम्मा ने एक धार्मिक सभा में बयान दिया है कि हर सिख परिवार पांच बच्चे पैदा करे। इस बयान की वीडिया सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। कुछ लोग पक्ष और कुछ विपक्ष में बयान दे रहे हैं। धुम्मा ने कहा कि अगर सिख परिवार पांच बच्चे संभाल नहीं सकते तो चार बच्चे दमदमी टकसाल को दे दें। हम बच्चों का पालन पोषण करेंगे और पढ़ाएंगे। उनको धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। कुछ कौम के जत्थेदार होंगे, कुछ ग्रंथी और कुछ प्रचारक आदि तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर अभी से हम इसके प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में हम पंजाब में अल्पसंख्यक हो जाएंगे। पंजाब में 52 प्रतिशत सिख है बाकी लोग बाहर से आए हुए हैं। हमें अपनी कौम का भविष्य बचाने के लिए अधिक बच्चे पैदा करने होंगे। धुम्मा ने कहा कि आज युवा नशे के शिकार हो रहे हैं, फिर भी लोग अपने बच्चों को नशे से बचाने के लिए डेरों में नहीं भेज रहे है। पहले डेरों पर भी शिक्षा दी जाती थी और लोग नशे से दूर रहते थे। उन्होंने कहा कि भविष्य बचाने के लिए सिखों को अपनी जनसंख्या बढ़ानी होगी।

## आज का राशिफल

**मेष** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**वृषभ** — आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन** — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क** — नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करें सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें।

**कन्या** — भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला** — योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक** — व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर** — मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ** — मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

### थल सेनाध्यक्ष का देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर



**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य जीवन अलविदा कहने पर उनकी राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी दूसरी पारी में बदल जाती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उनके लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भारतीय सेना की प्रतिबद्धता दोहराई। थल सेनाध्यक्ष गुरुवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शिखर सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें अनुभवी उद्यमी, व्यवसाय और उद्योग क्षेत्र के अग्रणी दिग्गज, कॉर्पोरेट संस्थाएं, सरकार और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों को एक आम मंच पर एक साथ लाना था, ताकि उद्यम की आवश्यकताओं और दिग्गजों के पास मौजूद मुख्य दक्षताओं के बीच अंतर को कम किया जा सके।

# रूस ने अमेरिका पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी का लगाया आरोप

**एजेंसी। मास्को**

अमेरिका पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी का आरोप लगाते हुए रूस ने कहा है कि वाशिंगटन देश में धार्मिक स्वतंत्रता को खतरे के बारे में नियमित रूप से निराधार आरोप लगाकर लोकसभा चुनावों को 'उलझाने' की कोशिश कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की हाल में जारी रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि वाशिंगटन न सिर्फ भारत, बल्कि कई दूसरे देशों पर भी 'निराधार' आरोप लगाता है। जखारोवा ने बुधवार को मास्को में मीडियाकर्मियों को बताया, अमेरिका द्वारा नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के आधारहीन आरोप यह दिखाते हैं कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय





मानसिकता तथा भारतीय विकास के ऐतिहासिक संदर्भ को नहीं समझता है और एक राष्ट्र के रूप में भारत का अपमान करता है। हम देख रहे हैं कि वे न सिर्फ भारत पर, बल्कि कई अन्य देशों पर भी निराधार आरोप लगा रहे हैं।

मीडिया ब्रीफिंग के दौरान जखारोवा से एक अमेरिकी समाचार पत्र में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बारे में भी पूछा गया जिसमें एक भारतीय अधिकारी पर विदेशी जमीन पर एक 'हत्या के प्रयास' में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

जखारोवा ने कहा, हमारे पास जो जानकारी है उसके अनुसार, वाशिंगटन ने जी.एस. पन्नून की हत्या साजिश में भारतीय नागरिकों के शामिल होने का कोई ठोस सबूत नहीं दिया है। सबूतों के अभाव में इस मामले में अटकलबाजी स्वीकार्य नहीं है।

भारत ने पिछले सप्ताह यूएससीआईआरएफ की आलोचना करते हुए कहा था कि भारत के आम चुनावों में दखलअंदाजी करने की एजेंसी की कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, वे पहले भी अपनी रिपोर्ट रिलीज करते थे। यूएससीआईआरएफ की छवि एक पक्षपाती संगठन की है जिसका राजनीतिक एजेंडा है। वे भारत के बारे में अपना प्रॉपेगेंडा वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में प्रकाशित करते रहते हैं। हमें यूएससीआईआरएफ से भारत की विविधता, बहुलता और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की उम्मीद नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में दखलअंदाजी का उनका प्रयास कभी कामयाब नहीं होगा।

### रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा

मुझे यकीन है कि यह नवउपनिवेशवाद की मानसिकता है, औपनिवेशिक युग की, गुलामों के व्यापार के समय की और साम्राज्यवादी युग की मानसिकता है...। यह सिर्फ भारत पर लागू नहीं होता है। इसके पीछे भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति में असंतुलन पैदा करने की इच्छा है ताकि देश में हो रहे लोकसभा चुनावों को उलझाया जा सके। निस्संदेह यह भारत के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी है।

## न्यूज बॉक्स

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं डॉ सुदेश धनखड़ 10 मई को अयोध्या जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार एक दिवसीय अयोध्या दौरे पर उपराष्ट्रपति अयोध्या के श्रीराम लला मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, कुबेर टीला में दर्शन करेंगे और सरयू घाट पर आरती में सम्मिलित होंगे।

### पीएम मोदी ने बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख मोरन मोर अथानासियस योहान के निधन पर दुख जताया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख मोरन मोर अथानासियस योहान के निधन पर दुख जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं मेट्रोपॉलिटन ऑफ बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च, मोरन मोर अथानासियस योहान के निधन से दुखी हूं। उन्हें समाज के प्रति उनकी सेवा और वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर जोर देने के लिए याद किया जाएगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और बिलीवर्स चर्च के सभी समर्थकों के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

### बिहार में भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कुख्यात शूटर गिरफ्तार

**फारबिसगंज/अररिया।** भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी बॉर्डर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कुख्यात शूटर प्रकाश पकड़ा गया है। उसे अररिया के जोगबनी से गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान के बीकानेर में एक होटल से जुड़े फिरौती मामले में वो मोस्ट वांटेड है और रिमांड होम से भागकर वह विराटनगर (नेपाल) में छिपकर रह रहा था। बताया जा रहा है कि जोगबनी रेलवे स्टेशन के पास एटीएम फ्रॉड मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। जोगबनी पुलिस जिसे एक मामूली एटीएम फ्रॉड का आरोपी समझ कर गिरफ्तार किया है वह दरअसल राजस्थान के विश्नोई ग्रुप का शूटर है। विश्नोई गैंग राजस्थान का एक बड़ा आपराधिक समूह है। इनके विरुद्ध राजस्थान में कई मामले दर्ज हैं।





# मुंबई के सीनियर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या की नेतृत्व शैली से नाखुश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने बुधवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) को हराकर पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ दौड़ से बाहर कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम के कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की शैली को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है, जिससे आईपीएल सीजन के दौरान टीम का मनोबल लड़खड़ा गया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हार के बाद एक बैठक की जिसमें खिलाड़ियों ने व्यक्त किया कि वे अंतर्निहित समस्या क्या मानते हैं और समस्या का निर्धारण करने के लिए व्यक्तिगत बैठकें भी आयोजित की गईं।

मुंबई इंडियंस पिछले एक दशक से रोहित शर्मा के नेतृत्व में है और एक नए कप्तान के आने से ड्रेसिंग रूम में खलबली मचना तय है। मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने इस सीजन में टीम के संघर्ष को उस संक्रमणकालीन चरण के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसमें वे अभी हैं। अधिकारी के हवाले से कहा गया है, ये उस टीम के लिए नियमित शुरूआती समस्याएं हैं जो नेतृत्व परिवर्तन देखती है। खेल में यह हर समय होता है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एमआई की हार के बाद, पांड्या ने बताया कि उनका मानना है कि तिलक वर्मा अक्षर पटेल को अधिक निशाना बना सकते थे और हार के लिए खेल जागरूकता को जिम्मेदार ठहराया। यह विशेष घटना टीम के लिए अच्छी नहीं रही क्योंकि वर्मा ने रात में 32 गेंदों में 63 रन बनाकर शानदार पारी खेली और वह इस सीजन में टीम के शीर्ष स्कोरर भी हैं। मुंबई इंडियंस फिलहाल गुजरात टाइटंस से एक मैच ज्यादा खेलकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। प्लेऑफ में क्वालीफिकेशन की सभी उम्मीदें अब फ्रैंचाइजी के पीछे हैं, प्रबंधन के लिए अगले सीजन से पहले सभी संभावित कमियों को दूर करना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि अगले सीजन में अपनी छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतने की संभावना को अधिकतम किया जा सके।

### सुपर डिवीजन का फाइनल मुकाबला सेल और मेकॉन के बीच 11 को




**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट मैच के दूसरे सेमीफाइनल में सेल यूनिट्स रांची की टीम ने हरमू यूथ क्रिकेट क्लब को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। बारिश से धुले इस मैच में एक ही पारी की मैच हो पाई। मैच का फैसला टॉस से हुआ और जीत सेल टीम की हुई। फाइनल मुकाबला मेकॉन और सेल के बीच 11 मई को मेकॉन ग्राउंड में होगा। आज के मैच में सेल टीम के तरफ से मोहित कुमार मैन ऑफ द मैच बने। उन्होंने 7 ओवर की गेंदबाजी में 43 रन देकर 2 विकेट लिए। हरमू क्रिकेट क्लब से श्रेष्ठ सागर ने 96 और प्रिंस कुमार सिंह ने 49 रन बनाए।

# बायर्न म्यूनिख को हराकर फाइनल में पहुंचा रियल मैड्रिड



मैड्रिड, 9 मई (हि.स.)। स्थानापन्न खिलाड़ी जोसेलु के अंतिम क्षणों में किये गए दो गोलों की मदद से रियल मैड्रिड ने बुधवार को बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्रों में दूसरी बार चैम्पियंस लीग के फाइनल में जगह बनाई। मैच में बायर्न 88वें मिनट तक स्थानापन्न खिलाड़ी अल्फोंसो डेविस के गोल की बदौलत 1-0 से आगे चल रहा था,लेकिन इसके बाद जोसेलु ने गोलकीपर मैनुअल नॉयर की गलती का फायदा उठाते हुए गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 से बराबरी दिला दी। दो मिनट बाद जोसेलु ने अपना दूसरा गोल करते हुए रियल मैड्रिड को 2-1 से जीत दिला दी। रियल मैड्रिड ने 4-3 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमें के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 2-2 से बराबरी पर रहा था। रियल मैड्रिड अब अपने 15वें चैंपियंस लीग खिताब के लिए 2 जून को लंदन में बोरूसिया डॉर्टमुंड का सामना करेगा। 1997 के यूरोपीय चैंपियन बोरूसिया डॉर्टमुंड ने मंगलवार को पेरिस सेंट-जर्मेन को कुल मिलाकर 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

## लगातार तीसरी बार हजार के पार पहुंचा आईपीएल में लगे छक्कों का आंकड़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार तीसरी बार आईपीएल के एक सीजन में एक हजार से अधिक छक्के लगे हैं। 2022 में दो नई टीमों के आने से मैचों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और इसका सीधा असर छक्कों की संख्या पर भी पड़ा। उस सीजन 74 मैचों में कुल 1062 छक्के लगे थे। इससे पहले सर्वाधिक 872 छक्के आईपीएल 2018 में लगे थे। आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे और अब यह आंकड़ा भी ज्यादा दूर दिखाई नहीं दे रहा है। इस सीजन में अभी 17 मैच और बचे हुए हैं और इस आंकड़े को पार करने के लिए सिर्फ. 110 और छक्कों की दरकार है। आईपीएल 2023 में एक हजार छक्कों की संख्या 67वें मैच में पूरी हुई थी जबकि इस बार 10 मैच कम और 2312 गेंद पहले ही पूरी हो गई।

### राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में खूंटी की एलिसा को कांस्य पदक



**रांची/खूंटी।** उत्तराखंड के देहरादून में नौ से 12 मई तक आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहीं खूंटी की एलिसा केरकेट्टा ने महिला श्रेणी के 68 किलोग्राम भार वर्ग में झारखंड के लिए पहला पदक जीतकर राज्य और जिले का नाम रोशन किया। एलिसा तेलंगाना, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहीं। उनकी इस सफलता पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सह कोच हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, कराटे कोच शादाब खान, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष सेंसेई मानस सिन्हा, सीईओ सेंसर के के सिंह, सेनसेई रंजीत मेहता सहित संघ के कई पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# पेरिस ओलम्पिक शूटिंग का फाइनल चयन ट्रायल आज से भोपाल में

### देश के शीर्ष खिलाड़ी करेंगे भागीदारी



**एजेंसी। भोपाल**

पेरिस ओलम्पिक के लिए शूटिंग (रायफल और पिस्टल) के फायनल सिलेक्शन ट्रायल शुक्रवार, 10 मई से आगामी 19 मई तक राजधानी भोपाल स्थित मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है। इस सिलेक्शन ट्रायल में देश भर के 35 शीर्ष खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए निशाना साधेंगे। खेल विभाग के जनसम्पर्क अधिकारी विकास खराड़कर ने गुरुवार को बताया कि मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध है। भारतीय रायफल संघ ने उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए पेरिस ओलम्पिक के फायनल ट्रायल कराने के लिए राज्य शूटिंग अकादमी को चुना है। यहां 10 से 19 मई के बीच 7 इवेन्ट में ओलम्पिक सिलेक्शन ट्रायल होंगे। इनमें 10 मी. एयर पिस्टल पुरूष, 10 मी. एयर रायफल पुरूष वर्ग, 10 मी. एयर रायफल महिला वर्ग, 25मी. रेपिड फायर पुरूष, 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल महिला, 50 मी. 3 पोजीशन पुरूष वर्ग 50 मी. 3 पोजीशन महिला वर्ग शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस सिलेक्शन ट्रायल में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के दो खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह और आशी चौकसे भी भागीदारी करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी अब तक अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। एश्वर्य प्रताप सिंह ने टोक्यो ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

## दिल्ली ने केरल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**एजेंसी। नारायणपुर**

दिल्ली गुरुवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में टाई-ब्रेकर के जरिए केरल को हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई। निर्धारित समय के अंत में टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं और 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी गतिरोध को तोड़ने में विफल रहा, जिसके बाद टाई-ब्रेकर लागू किया गया। टाई-ब्रेकर में दिल्ली अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर साबित हुई और 4-1 से जीत हासिल की। दिल्ली के गोलकीपर करण मक्कड़ ने दो पेनल्टी किक बचाकर अपनी टीम की जीत में इजाफा किया। मक्कड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कर्नाटक और मणिपुर के बाद दिल्ली सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई है। टाई-ब्रेकर में दिल्ली के लिए एसटी लैमलियान, ऋतुराज मोहन, कामगिनसेई टौथांग और अक्षय राज सिंह ने गोल किए। केरल के लिए केवल अक्षय कुमार सुबेदी ही अपने शॉट को सही जगह भेजने में कामयाब रहे। 90 मिनट का निर्धारित समय एक दिलचस्प मामला था क्योंकि नियमित अंतराल पर मैच का भाग्य एक छोर से दूसरे छोर तक घूमता रहता था।



## पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी

### 5 जी की हिस्सेदारी 71 फीसदी पर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्राहकों के अपने पुराने फोन छोड़कर महंगे फोन खरीदने से एक साल पहले की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री संख्या के हिसाब से आठ प्रतिशत और मूल्य के मामले में 18 बढ़ी है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि तिमाही के दौरान बिकने वाले हर 100 स्मार्टफोन में 71 प्रतिशत 5जी स्मार्टफोन थे। देश के समग्र स्मार्टफोन बाजार में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी अब तक के अपने उच्चतम स्तर 20 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर 51 प्रतिशत) पर पहुंच गई है। वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा, भारत का स्मार्टफोन बाजार पहली तिमाही में अपने उच्चतम मूल्य पर पहुंच गया। लोग प्रीमियम फोन ज्यादा खरीद रहे हैं। इससे स्मार्टफोन बाजार में राजस्व बढ़ा है। मध्य-स्तर के उपभोक्ताओं में से एक-तिहाई से ज्यादा प्रीमियम सेगमेंट में अपग्रेड करने के इच्छुक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस ट्रेंड के पीछे के कारकों में किफायती फाइनेंसिंग योजनाएं, ट्रेड-इन के लिए बेहतर मूल्य और बंडल योजनाएं शामिल हैं। साथ ही एआई, गेमिंग और इमेजिंग एन्हांसमेंट्स जैसी टॉप फीचर्स की मांग भी शामिल है। पहली बार, विवो ने एक ही तिमाही में वॉल्यूम के मामले में बाजार का नेतृत्व किया।

# सेंसेक्स 1,062 अंक गिरकर हुआ बंद, निवेशकों के 7 लाख करोड़ डूबे



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। कंपनियों द्वारा मार्च तिमाही के अनुमान से कमजोर नतीजे पेश के कारण बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 1,062 अंक या 1.45 प्रतिशत गिरकर 72,404 और निफ्टी 345 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 21,957 अंक पर बंद हुआ। बाजार में लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 927 अंक या 1.85 प्रतिशत गिरकर 49,109 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 465 अंक या 2.83 प्रतिशत गिरकर 15,995 पर बंद हुआ। गिरावट के चलते निवेशकों के करीब सात लाख करोड़ डूब गए। बाजार में उथल-पुथल को दशार्ने वाले इंडिया विक्स में आज 6.56 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया और यह 18.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में ऑटो इंडेक्स को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। गिरावट का सबसे ज्यादा असर एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी और पीएसई इंडेक्स पर देखा गया है। ये सभी 2 प्रतिशत से लेकर 3.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के 30 में 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टॉप 5 लूजर्स में एलएंडटी, एशियन पेंट्स, जेएसडब्लू स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस थे। वहीं, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एसबीआई, एचसीएल चेक और इन्फोसिस गेनर्स की लिस्ट में थे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, चुनावी नतीजों पर अनिश्चितता के कारण बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। इस मंदी के पीछे फिलहाल कोई बड़ा वैश्विक कारण नहीं है। अब तक एफआईआई बेच रहे थे और घरेलू निवेशक बाजार में खरीदारी कर रहे थे, लेकिन चुनाव जैसा बड़ा इवेंट होने के कारण घरेलू निवेशकों ने खरीदारी कम कर दी है और एफआईआई लगातार बिकवाली कर रहे हैं। इस कारण बाजार में दबाव देखने को मिल रहा है।

## भारत एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में निभा रहा बड़ी भूमिका : टीसीएस चेयरमैन चंद्रशेखरन




**नई दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि भू-राजनीतिक चुनौतियां लगातार आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर रही हैं और कंपनियां पुनर्संतुलन के जरिए आपूर्ति श्रृंखला को लचीला और किफायती बनाने की कोशिश कर रही हैं। वित्त वर्ष 2024 की वार्षिक रिपोर्ट में उन्होंने कंपनी के सभी पक्षकारों को लिखे पत्र में कहा कि नई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला तैयार हो चुकी है और इसमें भारत एडवांस मैन्युफैक्चरिंग के जरिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दो वर्ष में अधिक महंगाई और सख्त मौद्रिक नीति के कारण मंदी की आशंका बनी हुई थी। लेकिन अब वैश्विक स्तर पर चीजें बेहतर हो रही हैं। महंगाई कम होने के साथ मौद्रिक नीति में भी नरमी आ रही है, जिसके कारण ग्रोथ की संभावना बढ़ रही है।

## स्टेट बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 18.18 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.18 फीसदी बढ़कर 21,384.15 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.18 फीसदी बढ़कर 21,384.15 करोड़ रुपये रहा है।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.34 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की उछाल के साथ 83.92 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.42 डॉलर यानी 0.53 फीसदी बढ़कर 79.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड्स में 20 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए म्युचुअल फंडों में होने वाला निवेश अप्रैल के महीने में पहली बार 20 हजार करोड़ रुपये के स्तर को भी पार कर गया। इसके पहले मार्च में एसआईपी के जरिए 19,271 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था, जबकि फरवरी के महीने में ये आंकड़ा 19,187 करोड़ रुपये का था। एसआईपी के जरिये होने वाले निवेश में बढ़ोतरी से इस बात के संकेत मिलते हैं कि देश में दीर्घकालीन लघु बचत के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल के महीने में म्युचुअल फंड्स में नेट इनफ्लो (म्युचुअल फंड्स में नया निवेश) बढ़ कर 2.39 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### सराफा बाजार की तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी के भाव में कुछ गिरावट

**नई दिल्ली।** लगातार तीन दिन तक तेजी का नजारा कराने के बाद घरेलू सराफा बाजार में आज गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में सोने के भाव में आज 100 रुपये से 150 रुपये तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट सोना 72,260 रुपये से 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये से 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## भारत में व्यवसाय खड़ा करना मुश्किल, लेकिन भारतीयों के सपने सच्चे हैं : राधिका गुप्ता




**एजेंसी। नई दिल्ली**

एडलवाइज एसेट मैनेजमेंट की सीईओ और शार्क टैंक जज राधिका गुप्ता ने कहा कि भले ही भारत में व्यवसाय खड़ा करना कई गुना मुश्किल है, लेकिन भारतीयों के सपने सच्चे हैं। देश की अग्रणी परिसंपत्ति प्रबंधकों में से एक एडलवाइज एसेट मैनेजमेंट की एकमात्र महिला सीईओ लॉस एंजिल्स में अमेरिका के मिलकेन इंस्टीट्यूट के 27वें वार्षिक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम में टेक अरबपति एलन मस्क ने भी अमेरिकी सपनों की अवधारणा के बारे में खुलकर बात की। भारत की क्षमता और संभावनाओं के बारे में राधिका ने कहा कि यह अब भारतीय सपने का युग है। उन्होंने कहा, "देश के छोटे शहरों का कोई भी व्यक्ति अब इतना बड़ा व्यवसाय खड़ा करने की क्षमता रखता है कि उसे एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया जा सके।" राधिका गुप्ता ने साथ ही कहा कि बड़े युवा उपभोक्ता आधार वाले विश्व स्तरीय डिजिटल बुनियादी ढांचे और उद्यमिता के लिए जबरदस्त माहौल के दम पर सफलता हासिल की जा सकती है।

# धर्म के नाम पर नफरत फैलाकर सत्ता हथियाना चाहती है भाजपा : मिथिलेश



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर/ गढ़वा ।** भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी सहित कई दिग्गज नेता मौजूद थे। सभी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइया को जिताने की अपील की। मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र की भ्रष्टाचारी सरकार ने लोकसभा चुनाव में जनता की मुख्य मुद्दा ही गायब कर दिया। जनता के बीच धर्म के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है। मोदी की गारंटी कार्ड में कहीं भी बेरोजगारी का मुद्दा शामिल नहीं है। जबकि जनता का मुख्य मुद्दा बेरोजगारी, भुखमरी, गरीबी, नौकरी, स्वास्थ्य है। भाजपा सिर्फ हिंदू मुस्लिम, जात-पात के नाम पर समाज को तोड़ रही है। जिन बेरोजगारो के हाथों में कलम होनी चाहिए उन हाथों में तलवार पकड़ा कर आपस में लड़ा रही है।

## भवनाथपुर में स्थापित होगा उद्योग : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने कहा कि वे वादा करते हैं कि यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो भवनाथपुर सेल के खाली पड़े चार हजार एकड़ जमीन में उद्योग स्थापित कर पलामू प्रमंडल से बेरोजगारी दूर करेंगे। कहा कि मेरा शारीरिक दर्द आप लोगों के दर्द से कम है। क्षेत्र में जो बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई, पलायन दिख रहा है वह दर्द बहुत ही बड़ा है। वहीं मुकेश साहनी ने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार जनता की भलाई नहीं चाहती है। वह किसी भी तरह से सत्ता में रहना चाहती है। बिहार में हमारे चार विधायकों को खरीद कर लोकतंत्र की सरेआम हत्या कर दी। अगर भाजपा की फिर सरकार बनी तो लोकतंत्र खत्म कर दिया जाएगा। इसलिए आप सभी मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जितायें।

## भाजपा सरकार की तानाशाही खत्म करें : मिथिलेश ठाकुर

वहीं मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सभी लोग मिलकर भाजपा सरकार की तानाशाही को खत्म करें और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जिताएं। भाजपा की करतूत सामने दिख रही है। केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को अपने इशारे पर घुमाकर साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। भाजपा देश भर में आपस में भाई-भाई को लड़ाकर हिंदू-मुस्लिम एवं धर्म के नाम पर नफरत फैलाकर सत्ता हथियाना चाहती है। वहीं प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि मैं आप लोगों की समस्या सुनने के लिए हमेशा क्षेत्र में हूं। आपके घर की बेटी हूं। आप हमसे जब चाहें, जैसे चाहें काम करवा सकते हैं। इसलिए आप हमें जीता कर भाजपा की गलत नीतियों को रोकिए। अपने घर की बेटी ममता भुइयां को लालटेन छाप पर वोट देकर सेवा करने का मौका दीजिए।

## भारतीय जनता पार्टी ओबीसी में सामाजिक सम्मेलन बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा डाल्टनगंज में सामाजिक सम्मेलन बैठक जिला उपाध्यक्ष मनीष भिवानिया के संचालन हेतु पलामू भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम जी को भाजपा को वोट करने हेतु सभी मंडल अध्यक्षों को महत्वपूर्ण टास्क दिया गया। जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार इस बार 400 पर का नारा देते हुए सभी कार्यकर्ता को भाजपा वोट देने के लिए प्रेरित करें पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश जी ने मोदी सरकार के आयुष्मान भारत आवास योजना मुद्रा योजना काफी विषयों पर चर्चा किया। पाटन मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेहता जी ने नारी शक्ति बंधन राशन 5 किलो किसान योजना बीजेपी वोट देने के लिए प्रेरित किया। भांडुप प्रखंड प्रभु विश्वकर्मा जी ने इस बार पलामू झारखंड में भारी मतों से विजय कर विष्णु दयाल राम जी को जीतने के लिए गारंटी की बात की काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता वीर एक बार मोदी सरकार इस बार 400 पर का नारा देते हुए कार्यक्रम मैं प्रभारी अरविंद गुप्ता जी ने मोदी की गारंटी की बात कही काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा शंकर प्रसाद गुप्ता जिला उपाध्यक्ष मनीष भिवानिया कोषाध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा मंत्री चंदन प्रजापति ओमप्रकाश गुप्ता पप्पू जी कमल प्रसाद सुमन काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




## एक नजर

### चोरी की घटना के बाद शहर थाना की पुलिस अलर्ट

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र में लगातार दो बार हुई चोरी की घटना को लेकर शहर थाना की पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। रात 12 बजे शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार खुद बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बाजार में तैनात पुलिस के जवानों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बाजार क्षेत्र में घूमता हुआ मिले तो उसे रोक कर उससे जरूर पूछताछ करें। वही थाना प्रभारी ने चोरी की घटना के बाद बाजार क्षेत्र के व्यवसाईयों से आग्रह किया है कि सभी अपने अपने दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाए और उसे सुचारू रूप से चालू रखें। ताकि चोरी की घटना होने पर चोर आसानी से पकड़े जाए। वही लगातार चोरी की घटना के बाद से पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए हर तरह से प्रयास कर रही है।

### जिला स्कूल में बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** बच्चे किसी भी परिवार की लाइफलाइन होते हैं,उनके इर्द-गिर्द ही अभिभावकों की दुनिया होती है और बच्चों की कही बातों को माता पिता टालते भी नहीं! इसी बात को ध्यान में रखकर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने जिला स्कूल में सैकड़ों बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सभी छात्र छात्राओं से अपने अपने अभिभावकों को जरूर वोट करने के लिए प्रेरित करने कि अपील की ,और कहा कि वोटिंग के बाद अपने अभिभावकों की ऊंगली पर निशान के साथ फोटो सोशलमीडिया पर जरूर अपलोड करें ताकि और लोग भी प्रेरित होकर वोटिंग करने जाएं! मयूरेश द्विवेदी ने बच्चों को मतदान के इतिहास की जानकारी बडड़े ही दिलचस्प अंदाज में दिया और अवश्य वोटिंग करने की अपील की। लक्ष्य श्रेष्ठ जो कि पहली बार मतदान करेंगे ने कहा कि अच्छे लोगों को पुनः लाने, गलत लोगों को सत्ता से हटाने और परिवर्तन लाने का एकमात्र उपाय मतदान है।

### घर के बाहर बैठी महिला को ट्रैक्टर ने रौंदा

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के मझिआंव-सुन्डीपुर मुख्य सड़क स्थित राणाडीह गांव में एक ट्रैक्टर घर में बैठी एक महिला को रौंदते हुए दूसरे घर में जा घुसीं। हादसे में कईल पासवान की लगभग 55 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक छोटी बच्ची मृतका की नतनी माही कुमारी 9 साल घायल है। वहीं सुषमा देवी, मीना देवी, नेहा कुमारी सहित अन्य कई लोग बाल बाल बच गये। इस घटना में दोनों घरों का बरामदा सहित बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया। गनिमत यही थी कि घटना के समय बिजली कटी हुई थी। उक्त ट्रैक्टर कईल पासवान के घर में धक्का मारते हुए व उनकी पत्नी को रौंदते हुए बगल के घर नगीना राम के घर में जा घुसी, जहां पर लोग बाल बाल बचे। घटना बुधवार की लगभग पौने दस बजे दिन की है। लोगों का कहना है कि दोनों घरों में प्रतिदिन दस बीस की संख्या में मृतका के गोतिया परिवार के महिला पुरुष व बच्चे बैठे रहते हैं।

# लोस चुनाव में इंडी गठबंधन की ममता भुइयां की है लहर : धनंजय तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कहा है कि पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां की पक्ष में लहर चल रही है। क्षेत्र की जनता बदलवा का मन बना चुकी है। कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने शहर के जपला छठपोखरा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा पीछले दस सालों के अंदर उनके पास झूठ बोलने की सिवा कुछ नहीं है। वह देश में तानाशाही रवैया अपना रहें हैं, संविधान को बदलने का कोशिश की जा रही है। अच्छे दिन की बात करने वाले इस सरकार को जनता जान चुकी है। जनता भी गोलबंद हो चुकी है, कांग्रेस कार्यकताओं ने पूरी ताकत व ईमानदारी के साथ अपने अपने क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में पूरी निष्ठा के साथ लोगों से मिलकर वोट देने की लोगों से अपील कर रहें है। पलामू की जनता भी अब बदलवा चह रही है। लोगों को समर्थन भी मिल रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर तिवारी, सैयद मशरूर अहमद, रघुराई यादव, अवध बिहारी सिंह, शैलेश कुमार सिंह, अर्जुन आदि थे।



### थाना प्रभारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने गुरुवार को मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगो से शांति पूर्ण मतदान के लिए आग्रह किया चुनाव संबंधी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि चुनाव में यदि कोई गड़बड़ी करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने पुलिस जवानों को सभी मतदान केन्द्रों पर प्रवेश व निकास के रास्ते का उचित प्रबन्ध व आने जाने के रास्तों को जांच करते हुये मतदाताओं की सुविधा के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया।

### मानसिक तनाव में आकर छात्र ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा में बुधवार की शाम एक 21 वर्षीय युवक विनय कुमार भोक्ता ने मेदिनीनगर बारालोटा निवासी राधाकृष्ण दुबे के किराए के मकान में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 2 के हवलदार रमेश प्रसाद,टाइगर मोबाइल के जवान सुबिंद कुमार,अमित कुमार,सूर्यनाथ सिंह,मुकेश सिंह, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास के लोगो से घटना के बारे में जानकारी ली।इसके बाद उन्होंने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।वही मृतक के परिजनों ने बताया की मृतक विनय कुमार भोक्ता चतरा जिला के कुंदा थाना क्षेत्र के निवासी रविंद्र भोक्ता का पुत्र है।

# इंडी गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित : बैद्यनाथ राम



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित है। क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपना सांसद चुनने का निर्णय ले लिया है। उन्हें लोकसभा क्षेत्र के हर इलाके में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। विधायक श्री राम जिले के हेरहंज प्रखंड में इंडी गठबंधन के घटक दलों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जीत के लिए गठबंधन के हर नेता व कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने बूथ स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कही। कहा कि केंद्र सरकार की नाकामियों से क्षेत्र की जनता को अवगत कराना है। झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। विगत दस वर्षों में क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ। बेरोजगारी व पलायन बढ़ा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के साथ धोखा किया है। पिछले साल तक वे कहते रहे कि देश के युवाओं को नौकरी मिलेगी, लेकिन आज देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी है। महंगाई अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गयी है।

### सड़क दुर्घटना में 58 वर्षीय होमगार्ड के जवान की मौत

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के तोलरा गांव निवासी होमगार्ड के जवान विधान चंद्र तिवारी उम्र 58 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम विधान चंद्र तिवारी चुनाव ड्यूटी में चियांकी जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में शहर थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक स्थित बड़ा तालाब के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। धक्का लगने के बाद गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी।इसके बाद अस्पताल के स्टाफ द्वारा इस घटना की जानकारी घायल परिजनों को दी गई।जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे थे।

# एनसीपी कार्यकताओं ने वीडी राम को जीताने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** एनडीए के घटक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट के कार्यकताओं की गुरुवार को तेंदुआ कला गांव समीप एनएच 98 किनारे स्थित मां शांति रेस्टोरेंट में हुयी। बैठक में प्रतिनयुक्त पलामू लोस चुनाव प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि इस बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह चुनावी कार्यों व्यस्तता से नहीं भाग ले सके हैं। विधायक ने कार्यकताओं से ऑनलाइन संबोधन में आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकताओं को घर-घर जाकर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगने का दिशा निर्देश दिया। वही उन्होंने कहा कि देश व लोकतंत्र की मजबूती के लिये नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना अत्यंत जरुरी है। इसके लिये उन्हें अपना बूथ मजबूत कर जीतना होगा।



चुनाव प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सभी घरों में जाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धियां बताकर उनका वोट मांगने का काम करेंगे। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह व संचालन जनेश्वर भुइयां ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू सिंह, मनीष सिंह, अखिलेश मेहता, सरोज प्रसाद कुशवाहा, अजय सिंह, उदय सिंह, बबलू सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील सिंह, रामू यादव, शिक्षक सुरेश सिंह, पिंटू सिंह, कान्हा सिंह, विनय पासवान, भगवती सिंह, युगेश सिंह, भोला सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, संतोष शर्मा, मनोज सिंह, चंचल सिंह, मुरारी यादव, लाखन सिंह, मुकेश, शम्भू, वसंत, सुनील सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थें।

# पोलिंग स्टेशन पर सुविधा से वंचित हैं मतदाता बिना किसी व्यवस्था के करेंगे मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू में 13 मई 2024 को मतदान होना हैं और उन दिनों गर्मी शिखर पर होगी। यही कारण है कि चुनाव आयोग के तरफ से पोलिंग स्टाफ और मतदाताओं को गर्मी से बचाने के लिए उचित प्रबंध, पेयजल, वेटिंग एरिया, पुरुषों और महिलाओं के लिए साफ शौचालयों का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इसी संबंध में नवीन मेल के संवाददाता ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर के कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया तो शाहपुर के तीन पोलिंग बूथ प्रशिक्षण भवन शाहपुर, शाहपुर कोयल नदी के किनारे पंचायत भवन और राजकीय मध्य विद्यालय शाहपुर बाजार मोहल्ला में किसी तरह का मतदाताओं के लिए व्यवस्था नहीं दिखाई दिया।




- प्रशिक्षण भवन शाहपुर का बात करे तो यहां पर अब तक मतदाताओं के लिए नहीं पेयजल का व्यवस्था किया गया है नहीं वेटिंग एरिया का और ना ही पुरुषों और महिलाओं के लिए साफ शौचालय का व्यवस्था किया गया है और तो और प्रशिक्षण भवन का बोर्ड के जगह सत्या मैरेज हॉल का बोर्ड तांगा हुआ है।
- पंचायत भवन जो की पहले से ही जरजर स्तिथि में देखा जा रहा है, लाखों का लागत से बना ये पंचायत भवन का एक खास बात यह है कि यह पंचायत भवन का ताला तब ही खुलता है जब चुनाव का समय आता है, और ना तो यहां पीने के लिए पेयजल का व्यवस्था है ना ही रुकने के लिए वेटिंग एरिया का व्यवस्था है, ना महिला या पुरुष के लिए शौचालय का व्यवस्था है।
- राजकीय मध्य विद्यालय का बात करें तो गर्मी के कारण स्कूल की छुट्टी कर दी गई है, भीसन गर्मी के कारण स्कूल में पानी का समस्या कई दिनों से चल रहा है और मतदान को लेकर विशेष किसी भी तरह का सुविधा अभी तक नही की गई है

# प्रधानध्यापकों को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** बीआरसी खरौंधीमें गुरुवार को सभी प्रधानाध्यापक के साथ गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीआरपी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं संचालन बीपीएम नवीन प्रकाश ने किया। बैठक में सभी विद्यालय में जहां मतदान केंद्र बनाया गया है वहां सभी समुचित सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद यू डाइस एवं ई विद्या वाहिनी को अधतन करने के लिए सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया। विद्यालय में रीडिंग कॉर्नर को सुसज्जित एवं व्यवस्थित करने के लिए बोला गया। पोषक क्षेत्र के सभी । बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया वहीं सभी प्रभारी नो कॉस्ट, लो कॉस्ट, हाई कॉस्ट का प्रतिवेदन, स्कूल एसेसमेंट फॉर्म का प्रतिवेदन,स्कूल ट्रांजैक्शन प्रतिवेदन एवं एसए वन एवं एएस टू ई विद्यावाहिनी में अद्यतन की जानकारी ली गई। बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रधानध्यापकों को ससमय कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीआरपी पंकज कुमार एमडीएम प्रभारी सोनू कुमार, प्रधानाध्यापक मोतीचंद्र जायसवाल, अमरेश बैठा, कामेश्वर प्रसाद सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र दास, अरविंद प्रसाद,मो. जमालुद्दीन, गोविंद उरांव,अंजनी कुमार द्विवेदी, नारद राम, सुनील ठाकुर, सुभाष ठाकुर, अरविंद प्रसाद, राजेश श्रीवास्तव, मिथलेश पाल, भक्त विष्णुधर, अरविंद कुमार दुबे सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# उपविकास आयुक्त नगर आयुक्त ने डिस्पैच सेंटर के कार्य प्रगति का जायजा लिया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज के मैदान में डिस्पैच सेंटर का कार्य पूरी प्रगति और तीव्रता से हो रही है। इसी डिस्पैच सेंटर से 1470 मतदान टोलिया 1470 मतदान केंद्रों के लिए रवाना की जाएगी। जीएलए कॉलेज के मैदान में दर्जनों मजदूर इस काम में दिन रात लगे हैं। आशा है कि यह डिस्पैच सेंटर 10 मई तक बिल्कुल तैयार हो जाएगा। इस डिस्पैच सेंटर में करीब 2000 बेंच डेस्क लगाए जाएंगे। यह बेंच डेस्क 1470 मतदान टोलियों के सदस्यों, सेक्टर मजिस्ट्रेट और माइक्रो आब्जर्वर इत्यादि के लिए होंगे। मतदान टोलियों का पहला जत्था 11 मई को ही रवाना होगा 11 मई रवाना होने वाले को मतदान कर्मियों की टोली 13 मई के पहले तक अपने गंतव्य मतदान केंद्रों पर न केवल पहुंच चुकी होगी बल्कि यह टोलिया आसपास के माहौल और वातावरण में अपने को संभाल की चुकी होगी। पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद और नगर आयुक्त मुहमद जावेद हुसैन ने आज दिन में डिस्पैच सेंटर के कार्य प्रगति का जायजा लिया । उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने प्रेस को बताया कि सभी डिस्पैच सेंटर के समयाने बहुत ही आरामदायक



बनाए गए हैं। जिसमें धूप भी पहुंच नहीं है हवा और रोशनी पूरी रहेगी। उन्होंने बताया कि हर एक डिस्टेंस सेंटर पर पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होगी तथा हर एक डिस्पैच सेंटर लू और गर्मी से बचने के लिए ङ्क१२ के पैकेट और पानी पर्याप्त मात्रा में गिलास के साथ उपलब्ध रहेंगे। पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र पलामू लोकसभा के अंतर्गत आते हैं। जिसमें डाल्टनगंज विधानसभा की 426 मतदान केंद्र हैं, विश्रामपुर की 367, छतरपुर की 335 और हुसैनाबाद की 342 मतदान केंद्र है। इस तरह से पलामू के चार विधानसभा क्षेत्र जो पलामू लोकसभा के अंग कुल मतदान केंद्रों की संख्याा 1470 है। इस 1470 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों की टोली 11 मई को रवाना होगी और बाकी बचे 12 मई को रवाना होगी ।पलामू लोकसभा के लिए मतदान 13 मई को सुनिश्चित है। उप विकास आयुक्त ने सुरक्षा के कारणों का हवाला देते हुए यह नहीं बताया कि 11 मई को कितनी मतदान की टोलियां किन-किन मतदान केंद्रों पर जाएंगे उन्होंने स्पष्ट प्रेस को बताया कि सुरक्षा मानकों के कारण वह इस जानकारी को सजा नहीं कर सकते। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि 11 मई से जीएलए कॉलेज के बने हुए डिस्पैच सेक्टर से मतदान कर्मियों की टोली रवाना शुरू हो जाएगी जो 12 मई तक पूरी हो जाएगी और 1470 मतदान केंद्रों पर यह मतदान टोली 13 मई को स्वतंत्र और साफ सुथरा मतदान कराने में सफल रहेंगे।

# पीटीआर में लगातार दो दिन दिखा बाघ, बढ़ाई गयी सुरक्षा

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार । पलामू टाईगर रिजर्व में एक बार फिर बाघ देखे जाने का दावा किया गया है। यह बाघ एक नहीं बल्कि दो दिन पीटीआर में लगाये गये हाई रेजोल्यूशन कैमरे में कैद हुआ है। बाघ को पिछले पांच और छह मई को पीटीआर के दक्षिण इलाके में देखा गया है। पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि लगातार दो दिन बाघ देखे जाने के बाद पीटीआर में निगरानी बढ़ा दी गयी है। क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग की टीम बाघ की गतिविधि पर पूरी तरह नजर बनाये है। दो दिन देखा गया बाघ एक ही है या फिर दोनों दिन अलग-अलग बाघ देखे गये हैं, इसकी तफ्तीश वन विभाग कर रहा है। बाघ की तस्वीरों को वन्यजीव संस्थान देहरादून में शोध के लिए भेजा गया है। कैमरे मे कैद तस्वीरों में बाघ पूरी तरह स्वस्थ्य व तंदुरूस्त दिखायी पड़ रहा है।

### पीटीआर में हैं चार बाघ

वन विभाग के दावों पर यकीन करें तो पीटीआर में कम से कम चार बाघ मौजूद हैं और ये पिछले तीन माह के अंतराल में देखे गये हैं। दो मौकों पर बेतला घूमने आये टूरिस्टों ने बाघ को देखा था और उसकी तस्वीर अपने कैमरे में कैद की थी। पीटीआर में लगातार बाघ देखे जाने की खबर पर बेतला में सैलानियों की संख्या बढ़ गयी है। बेतला गेट के पास के कई होटल दुकानदारों ने बताया कि हाल के तीन चार माह से बेतला में काफी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। पर्यटकों के आने से स्थानीय बाजारों में रौनक है। बेतला के गाइड भी प्रसन्न नजर आ रहे हैं। हालांकि उन्हें इस बात की चिंता अवश्य है कि मॉनसून के दौरान जुलाई से सितंबर माह तक तीन महीने बेतला नेशनल पार्क बंद कर दिया जायेगा।

## पेज एक के शेष

### 65 साल में 43 फीसदी ...

गिरावट आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया के अधिकांश मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है। वहीं हिंदू, ईसाई व अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में 65 सालों में बहुसंख्यकों की आबादी में 22 फीसद की कमी आई है। यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव के अध्ययन के आधार पर तैयार की है। बताया गया कि रिपोर्ट का उद्देश्य किसी देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का वहां की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और शासन प्रणाली पर पड़ने वाले असर का आकलन है।

### 4 जून के बाद केंद्र में ...

करने में अक्षम लाखों लोगों को पेंशन से जोड़ा। डबल इंजन वाली पिछली सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द किए थे, पांच हजार से ज्यादा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया गया था, ताकि हमारे बच्चे ना पढ़ सकें। हमने 25 लाख लोगों को राशन कार्ड दिया, छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई, नौ लाख बेटियों को सावित्रीबाई फुले योजना से जोड़ा तथा सरकारी खर्च पर गरीबों के बच्चों को विदेश भेजा, ताकि शिक्षा के माध्यम से, हमारी अगली पीढ़ी अपना एवं अपने परिवार का बेहतर भविष्य बना सके।

### पीएम कल, शाह व राजनाथ...

भजपा के स्टार प्रचारक में शामिल छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय भी 10 मई को झारखंड आयेंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान कुरडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा और दो बजे गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।






## चिराग के हेलीकॉप्टर का चक्का मिट्टी में धंसा, बड़ा हादसा टला



**समस्तीपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान गुरुवार को बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर का चक्का उतरने के क्रम में मिट्टी में धंस गया। इस दुर्घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई। चिराग पासवान पूरी तरह सुरक्षित हैं। दरअसल, चिराग पासवान गुरुवार को उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने मोहद्दीनगर पहुंचे थे। हेलीपैड पर उतरते हुए हेलीकॉप्टर का चक्का मिट्टी में जा घुसा, जिसके कारण हेलीकॉप्टर अनियंत्रित हो गया। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ से काम लिया, जिसके बाद सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। लोजपा (रामविलास) के मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अशरफ ने बताया कि इसके बाद चिराग ने चुनावी सभा को संबोधित किया और फिर यहां से लौट गए। इस घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है।

# सपा आतंकवादियों की हिमायती : नड्डा

## ■ इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं, या फिर बेल पर

**एजेंसी। फतेहपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को फतेहपुर में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की असलियत यह है कि जो लोग गोरखपुर बम कांड में शामिल थे, वाराणसी बम कांड में शामिल थे, लखनऊ बम कांड में शामिल थे। इन सभी की सजा माफ करने के लिए अखिलेश यादव ने अर्जी डाली थी। ये आतंकवादियों के हिमायती हैं और खासमखास हैं। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। ये भ्रष्टाचारियों का टोला है। ये सिर्फ जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटकर वोटबैंक की राजनीति करते हैं और अब तो ये चमड़ी के रंग के नाम पर देश को बांटने में लगे हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इंडी अलायंस सिर्फ दो बातों का गठबंधन है। पहला- ये सभी परिवारवादी पार्टियां हैं और अपने परिवार को बचाने में लगी हैं। इनको जनता से कोई लेना-देना नहीं है। दूसरा- ये सभी भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं और ये अपने भ्रष्टाचार



को बचाने में जुटे हैं। पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो घर ही मिलते थे। आज मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए हैं और अगले 5 साल में 3 करोड़ घर और बनेंगे। यही नहीं, आने वाले समय में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सबको बिजली मुफ्त में मिलेगी। मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, शोषित, दलित, वंचित, आदिवासी, किसान, युवा, महिला सबको ताकत मिली है। ये मोदी जी की सही नीतियों के कारण संभव हो पाया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए हैं। ये बदलता भारत है। पहले यहां बम बनाने की फैक्ट्री थी, तमंचे बनते थे, गुंडागर्दी होती थी। व्यापारी पलायन करते थे। हमारी बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं।

मोदी और योगी जीके नेतृत्व में हमारी बहू-बेटियां इज्जत के साथ सब जगह जा रही हैं। विकास के नए-नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। 10 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाइना, मेड इन जापान, मेड इन ताइवान, मेड इन कोरिया और आज मोबाइल पर लिखा रहता है- मेड इन इंडिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आने वाले समय में मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत, दुनिया में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में नंबर दो पर है और 97 प्रतिशत मोबाइल आज भारत में बन रहा है। इस देश में ट्यूबरक्लोसिस की दवा आने में 28 साल लग गए, टिटनेस की दवा को आने में 30 साल लग गए,

डिप्थीरिया की दवा में 25-30 साल लग गए,जापानी बुखार की दवा आने में 100 साल लग गए,आज भारत दवाई बनाने में दुनिया में दूसरे नंबर पर खड़ा है। सबसे सस्ती और असरदार दवा भारत बना रहा है। जब दुनिया की आर्थिक अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है, वही मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से 5वें नंबर की दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि इतनी गर्मी के बावजूद जो आपमें ऊर्जा और उत्साह देख रहा हूं, इससे यह साफ स्पष्ट हो गया है कि आपने साध्वी निरंजन ज्योति को लोकसभा में भेजने का मन बना लिया है।

### भाजपा के नेता परिवार के लोगों को टिकट क्यों दे रहे हैं : अखिलेश



**बहराइच।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बहराइच में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पर इस बार ताला लगने जा रहा है। जनता ने इस बार भाजपा को हराने का मन बना लिया है। भाजपा नेताओं की ओर से सपा पर राम और राम मंदिर पर गलत बयानी करने के आरोपों पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे भगवान तो आप हो और खुशी की बात है कि अब मीडिया संस्थान ने भाजपा का गाना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी परिवार बहुत बड़ा है और जिनके परिवार ही नहीं हैं, वो इसकी अहमियत क्या जानें। किसने रोका है परिवार को टिकट देने से। अगर परिवार खराब है तो फिर भाजपा के नेता परिवार के लोगों को टिकट क्यों दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बसपा अपने ही लोगों को निकाल रही है। हम भाजपा और बसपा के लोगों से अपील करते हैं कि वो भी इंडिया गठबंधन को वोट करें। मैं देख रहा हूं जो 400 पार का नारा दे रहे थे, आज जनता के बीच उनके खिलाफ जो नाराजगी है और जिस तरह से करोड़ों लोगों ने वोट डालकर भाजपा को संदेश दिया है, अब वो 400 पार का नारा भूल गए हैं।

## मैदान-ए-जंग



मंडी से कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप भट्टाचार्य ने गुरुवार को कोलकाता में लोस चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



अभिनेता पवन सिंह ने गुरुवार को बिहार के काराकाट से बतौर निर्दलीय नामांकन का पर्चा दाखिल किया। दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है।

## जेडीयू नेता रंजन यादव राजद में शामिल

**एजेंसी। पटना**

जनता दल यूनाइटेड के नेता और पूर्व सांसद रंजन यादव गुरुवार को राजद में शामिल हो गए। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने यादव को पार्टी की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद रंजन यादव ने लालू प्रसाद यादव की जमकर तारीफ की और कहा कि उनकी डिमांड लोकसभा चुनाव में हर राज्य में होती थी। पूर्व सांसद रंजन यादव ने कहा देश के चार-चार प्रधानमंत्री के साथ लालू प्रसाद यादव ने काम किया है। वह सभी प्रधानमंत्री लालू प्रसाद यादव को अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बुलाते थे। उन्होंने कहा कि



बिहार में लालटेन की लहर चल रही है। राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी मंच से फालतू की बातें करते हैं। इस दौरान राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठ बोलने की मशीन बताते हुए कहा कि अगर किसी मंच पर प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान झूठ पकड़ने वाली मशीन लगा दी जाए तो वह भी खराब हो जाएगी।

## 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि 4 जून को उनकी यानी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राहुल गांधी का कहना है कि देश में फिलहाल बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर वह 15 अगस्त तक 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। उन्होंने गुरुवार को देश के युवाओं ने नाम एक वीडियो संदेश में यह बातें कही। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है, वे स्लीप कर रहे हैं और वह हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) निर्णय ले लिया



है कि अगले चार-पांच दिनों में आपके ध्यान को भटकाना है। इसके लिए कुछ न कुछ करना है, लेकिन, आपका ध्यान भटकना नहीं चाहिए। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन, झूठ बोला, नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। राहुल गांधी ने कहा, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो। राहुल ने कहा कि हम भर्ती भरोसा स्कीम ला रहे हैं।

### हमारी सरकार आई तो किसान कर्जमाफी के लिए बनेगा स्थायी आयोग : प्रियंका गांधी

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक चुनावी जनसभा में कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनी तो किसानों के कर्जमाफी के लिए स्थायी आयोग का गठन करेंगे। खेती से जुड़े सभी उपकरण जीएसटी से मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जो वादे कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में किए थे वो पूरे किए, ये वादे भी पूरे करेंगे। प्रियंका ने रायबरेली से प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में गुरुवार को चुनावी जनसभा में कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने कहा था कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे तो माफ किया। कर्नाटक में हमने कहा था कि महिलाओं के खाते में 2000 डालेंगे, आज डाल रहे हैं। जहां-जहां हमारी सरकार है, हमने वादे पूरे किए हैं।

## लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए बंगाल में बढ़ेगी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। इन क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि चौथे चरण के लिए सीएपीएफ की कुल 578 कंपनियां तैनात की जाएंगी जो तीसरे चरण (जिसमें चार सीटों पर मतदान हुआ था) के 406 के आंकड़े की तुलना में काफी अधिक है। सीईओ कार्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, "चौथे चरण के मतदान के समय पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 596 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें से 578 कंपनियों को चुनाव ड्यूटी पर होंगी, जबकि बाकी को रिजर्व में रखा जाएगा। इन 578 कंपनियों में से 430 को मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा जबकि शेष 148 कंपनियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के गठन के लिए रखा जाएगा।"
चौथे चरण में जिन आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान -दुगार्पुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम शामिल हैं।

## विपक्ष चाहता है हिंदुओं को विभाजित करके भारत को गुलामी की तरफ धकेला जाए : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भारत में घटती हिंदुओं की आबादी को लेकर विपक्षी दलों को जमकर खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ यही चाहता है कि हिंदुओं को विभाजित किया जाए और भारत को फिर गुलामी की तरफ धकेला जाए।
उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आईएएनएस के भारत में घटती हिंदुओं की आबादी को लेकर सवाल पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आजादी के बाद से देश में बेरोजगारी और महंगाई हमेशा से मुद्दा रहा है। इस पर बात भी होती रहती है। लेकिन, क्या भारत का स्वाभिमान और गौरव मुद्दा नहीं है, भारत का अस्तित्व और अस्मिता मुद्दा नहीं है? जहां तक हिंदू और मुसलमानों का सवाल है। इतिहास गवाह है कि भारत के अंदर अगर हिंदुओं में एकता होती, हिंदू एक होता, तो, देश में 800 साल तक मुगलों की हुकूमत नहीं होती। इस देश पर अफगान, मुगल राज नहीं कर पाते।

विपक्ष पर बरसते हुए उन्होंने आगे कहा कि हिंदुओं में जो फूट थी, उसी का फायदा उठाकर मुगलों



ने राज किया। विपक्ष चाहता है कि हिंदुस्तान एक बार फिर गुलाम बन जाए। इसलिए, वो कहते हैं कि भारत का स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव बेकार की बातें हैं। यह महाराणा प्रताप का देश है, आज उनकी जयंती है। उन्होंने घास की रोटी खाना पसंद की। लेकिन, अकबर के सामने सिर झुकाना पसंद नहीं किया। यह देश छत्रपति शिवाजी महाराज का है, उन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। लेकिन, औरंगजेब के सामने सजदा नहीं किया। गुरु गोबिंद सिंह के बच्चों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया। लेकिन, उन्होंने सनातन पर समझौता नहीं किया। तो, क्या सनातन, भारत का गौरव और स्वाभिमान मुद्दा नहीं है। विपक्ष सिर्फ यही चाहता है कि हिंदुओं को विभाजित किया जाए और भारत को फिर गुलामी की तरफ धकेल दिया जाए।

दरअसल, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में साल 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत कम हो गई है। जबकि, इन्हीं वर्षों के दौरान देश में मुस्लिमों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के भारत में वापस लाने के सवाल पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 को हटाना बेहद जरूरी था और 370 को हटाया जा सकता है, यह एक सपना जैसा था। कोई यकीन नहीं करता था कि एक दिन ऐसा आएगा, जब कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया जाएगा। कोई यकीन नहीं करता था कि कश्मीर की वादियों में भारत के हर कोने से लोग जाएंगे। कोई यकीन नहीं करता था कि कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के बाद नौजवान खुश होंगे। आज कश्मीर में खुशहाली है। आज ऐसा लगता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

# 23 देशों के 75 प्रतिनिधियों ने 6 राज्यों में मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा


**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगुंतक कार्यक्रम (आईईवीपी) के तहत 23 देशों के 75 प्रतिनिधियों ने भारत के छह राज्यों में मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता की सराहना की। साथ ही चुनाव आयोग की हरित मतदान केंद्रों जैसी पहल को प्रेरणादायक बताया। अतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने 4 से 9 मई तक जिन राज्यों का दौरा किया उनमें कर्नाटक, गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं।
चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि प्रतिनिधियों ने ईवीएम-वीवीपीएटी के रैंडमाइजेशन सहित चुनावों में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग की भी सराहना की। कुछ प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि वे लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के प्रति भारतीय मतदाताओं की अटूट आस्था और प्रतिबद्धता से विशेष रूप से प्रभावित हैं। आयोग ने कहा कि कुल मिलाकर, इन देशों




के चुनाव प्रबंधन निकायों के दौरे पर आए सदस्यों के बीच इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी और सुलभ थी और यहां एक उत्सव माहौल है। आयोग ने बताया कि कंबोडिया, ट्यूनीशिया, मोल्दोवा, सेशेल्स और नेपाल के प्रतिनिधियों ने कर्नाटक में बेलगाम संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और मतदान केंद्र के अंदर मतदान अधिकारियों और पीठासीन अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने मॉक पोल को देखा, कमांड कंट्रोल सेंटर, मीडिया निगरानी सुविधाओं का भी दौरा किया। भूटान, मंगोलिया के प्रतिनिधियों और इजराइल की एक मीडिया टीम ने गोवा के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित व्यवस्थाएं देखीं। प्रतिनिधियों ने चुनाव के संचालन में मतदान केंद्र के अंदर राजनीतिक दलों, मीडिया, उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने में पारदर्शिता की सराहना की। साथ ही ईवीएम-वीवीपैट के रैंडमाइजेशन के लिए सॉफ्टवेयर के उपयोग को भी सराहा गया।
श्रीलंका और फिलीपींस के प्रतिनिधियों की 11 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय टीम ने भोपाल, विदिशा, सीहोर और रायसेन निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का दौरा किया। मतदाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भारतीय नागरिकों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी को देखा। चिली, जॉर्जिया, मालदीव, नामीबिया, पापुआ न्यू गिनी और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधियों ने 7 मई को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी और आगरा संसदीय क्षेत्र में मतदान देखा। प्रतिनिधियों में इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी और सुलभ थी।
फिजी, ऑस्ट्रेलिया, रूस, मेडागास्कर, किर्गिज गणराज्य के प्रतिनिधियों ने अहमदाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व-मतदान व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया देखी। प्रतिनिधिमंडल डबल लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग रूम और ईवीएम की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सशस्त्र पुलिस कर्मियों की तैनाती से प्रभावित हुआ। बांग्लादेश, श्रीलंका, कजाकिस्तान और जिम्बाब्वे के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और चुनाव पूर्व व्यवस्था, मतदान दलों के फैलाव और अन्य साजो-सामान को देखा। प्रतिनिधि मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता उपायों से प्रभावित हुए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com